नई दिल्ली

नई दिल्ली, गुरुवार 31 अक्टूबर 2019

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 23, अंक : 224

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00 *


मौसम

अधि. 33.6

न्यून. 16.3


haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




11 पूजा समेत तीन बॉक्सर फाइनल में

## खबर संक्षेप

### सरकार की 2024 तक 100 नए एयरपोर्ट्स शुरू करने की योजना

**नई दिल्ली।** भारत में 2024 तक 100 नए एयरपोर्ट्स का संचालन शुरू हो सकता है। मोदी सरकार की योजना के मुताबिक, आर्थिक विकास को गति देने के लिए अगले 5 सालों में इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की संख्या दोगुनी की जानी है। ऐसे में देश में छोटे शहरों और गांवों को जोड़ने वाले 1000 नए हवाई रूट्स बनाने पर विचार किया जा रहा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले हफ्ते सरकार की एक बैठक में 2025 तक की इन्फ्रास्ट्रक्चर जरूरतों पर चर्चा हुई। इसमें नए एयरपोर्ट्स शुरू करने के साथ हर साल 600 पायलट्स स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित करने का प्रस्ताव पेश किया गया।



### रामदेव के खिलाफ वीडियो मामला: कोर्ट को चुनौती देगी फेसबुक

**नई दिल्ली।** फेसबुक ने योग गुरु रामदेव के खिलाफ अपमानजनक आरोप वाले एक वीडियो का लिंक वैश्विक आधार पर हटाने, ब्लॉक करने या निष्क्रिय करने के निर्देश वाले आदेश को चुनौती देने के लिए बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरि शंकर की पीठ के समक्ष इस याचिका का उल्लेख किया गया और पीठ गुरुवार को उपयुक्त पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए इसे सूचीबद्ध करने पर सहमत हो गयी।




### नीरव मोदी ने जमानत के लिए नयी याचिका दायर की

**लंदन।** भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी ने नई जमानत याचिका दायर की है जिसपर छह नवंबर को सुनवाई होगी। भारत, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में करीब दो अरब डॉलर के घोटाले में नीरव मोदी के प्रत्यर्पण के प्रयास में लगा है। 48 वर्षीय मोदी काफी समय से लंदन की जेल में बंद है। नीरव मोदी ने अपनी ताजा अपील में बेचैनी और अवसाद का जिक्र करते हुए जमानत मांगी है।



### ईडी के समक्ष पेश हुए राज कुंद्रा

**मुंबई।** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और कारोबारी राज कुंद्रा दिवंगत गैंगस्टर इकबाल मिर्ची और अन्य के खिलाफ चल रही धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कुंद्रा पूर्वाह्न लगभग 11 बजे यहं बलार्ड पियर क्षेत्र में प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय में पहुंचे।



## नजरिया



दिल्ली के स्कूली बच्चों को दमघोंटू हवा से बचाने की कवायद

# सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में बांटे जाएंगे 50 लाख मास्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने स्कूली बच्चों को 50 लाख मास्क बांटने का फैसला लिया है। आज बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस योजना की शुरूआत करेंगे और कल शुक्रवार से सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में मास्क वितरित करना शुरू हो जाएगा। केजरीवाल ने बुधवार को घोषणा की कि दिल्ली के सरकारी और निजी स्कूलों के छात्रों के बीच 50 लाख एन95 मास्क बांटे जाएंगे। उन्होंने कहा कि छात्रों को दी जानेवाली किट में एन95 के दो मास्क होंगे। यह उच्च गुणवत्ता वाला मास्क है और इससे प्रदूषित हवा से निपटा जा सकेगा। इसकी शुरूआत शुक्रवार से होगी। दिल्ली में खतरनाक हालत में पहुंचे वायु प्रदूषण ने सांस लेना भी दूभर कर दिया है। बुधवार सुबह लोगों को सैर करने के दौरान प्रदूषित हवा की मार झेलनी पड़ी। स्कूली बच्चों की भी परेशानी बढ़ गई है।

केजरीवाल ने कहा कि राजधानी में प्रदूषण बढ़ने का कारण पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पराली जलाना है। उन्होंने इन राज्य सरकारों से अनुरोध किया था कि वे इसे रोकने के लिए कदम उठाए। दिल्ली-एनसीआर में हवा की गुणवत्ता में लगातार गिरावट आ रही है। मंगलवार को दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 392 के स्तर तक पहुंच गया, जो बेहद खराब माना जाता है। प्रदूषण पर नजर रखने वाली एजेंसी सफर के मुताबिक, दिल्ली यूनिवर्सिटी क्षेत्र में पीएम 2.5 स्तर 393 और चांदनी चौक में 598 स्तर तक पहुंचा। यह बहुत खराब स्थिति मानी जाती है। लोधी रोड क्षेत्र में पीएम 2.5 का स्तर 500 और पीएम 10 का स्तर 379 रिकॉर्ड हुआ।



### हवा हुई जहरीली, लोगों को सांस लेने में हुई दिक्कत

दिल्ली की हवा गुरुवार को इतनी जहरीली हो गई कि लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई। गुरुवार को शाम को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 450 से ऊपर पहुंचा गया। जो कि गंभीर श्रेणी में आता है। दिन भर आसमान में धुंध छायी रही। बसों में चलने वालों लोगों ने बताया कि आज तो आंखों में जलन के साथ सांस लेने में भी दिक्कत हो रही है।

### अगले साल बड़े स्तर पर लेजर शो करेंगे: केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के राजीव चौक सेंट्रल पार्क में किया गया लेजर शो एक नया प्रयोग था, जिसमें हर तबके ने हिस्सा लिया। साथ ही उन्होंने कहा कि अगले साल बड़े स्तर पर लेजर शो करेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में दिवाली पर पटाखे कम जले, अगर लेजर शो का आयोजन न करते तो ज्यादा पटाखे जलते। साथ ही उन्होंने माना कि मंगलवार से दिल्ली का बुरा हाल है, चारों तरफ धुआं-धुआं है। पड़ोसी राज्यों में जल रही पराली से दिल्ली में हवा दूषित है। विनती करता हूं कि भाजपा वाले हरियाणा सरकार पर दवाब डालें।

### 4 नवंबर से लागू होगी ऑड-ईवन स्कीम

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण को रोकने के लिए अपने स्तर पर हर उपाय कर रही है। 4 नबंवर से ऑड-ईवन योजना लागू कर रही है। इसे लागू करने के लिए पांच हजार सिविल डिफेंस कर्मचारियों को उतारा जाएगा। उनकी ट्रेनिंग हो रही है। उन्होंने कहा कि डस्ट और निर्माण साइट पर धूल उड़ने पर पीडब्ल्यूडी और नगर निगम ने भारी जुमार्ना लगाया है।

### एयर क्वालिटी इंडेक्स के मानक

एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) को 0-50 के बीच 'बेहतर', 51-100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'सामान्य', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है। वहीं, हवा में पीएम 10 का स्तर 100 और पीएम 2.5 60 माइक्रोग्राम प्रतिघन मीटर से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

कश्मीर को दूसरा अफगानिस्तान नहीं बना सकते

# अनुच्छेद 370 भारत का आंतरिक मामला: ईयू सांसद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर आए यूरोपीय संघ (ईयू) के सांसदों ने बुधवार को साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि कश्मीर भारत का आंतरिक मसला है। हम यहां की राजनीति में उलझकर कश्मीर को दूसरा अफगानिस्तान नहीं बनने देना चाहते। डेलिगेशन के एक सांसद थिएरी मारियानी ने कहा कि हम आतंकवाद से पीड़ित रहे कश्मीर की स्थिति देखने आए हैं। वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वह देश के साथ खड़े हैं। विपक्ष की नाराजगी और आलोचनाओं के बीच ईयू सांसदों के शिष्टमंडल का यह दौरा आज बुधवार को समाप्त हो गया। उन्होंने आतंकवादियों द्वारा मंगलवार को पश्चिम बंगाल के पांच मजदूरों की हत्या किए जाने की घटना की निंदा भी की। फ्रांस के हेनरी मेलोसे ने कहा कि हमारी चिंता का विषय आतंकवाद है जो दुनियाभर में परेशानी का सबब है और इससे लड़ाई में हमें भारत के साथ खड़ा होना चाहिए।



### 'कश्मीर में सुधार के प्रयास बेहतर, लोगों से यहां घूमने को कहेंगे'

ब्रिटेन के सांसद ने कहा कि कश्मीर को लेकर हमने यहां कई लोगों से बात की। विकास के लिए अच्छा काम हो रहा है। भारत में प्रेस की आजादी अच्छी बात है। हमें लोगों ने अपनी आजादी से चुना है। हम नाजी नहीं हैं। अन्य सांसद ने कहा कि कश्मीर में सुधार के लिए सरकार जो कदम उठा रही है, वे ठीक हैं। हम यूरोप जाकर इन्हें बताएंगे। प्रतिनिधिमंडल में 8 देशों के सांसद हैं।

### 'जम्मू-कश्मीर का अंतरराष्ट्रीयकरण करने पर स्पष्टीकरण दें पीएम'

कांग्रेस ने यूरोपीय सांसदों के एक शिष्टमंडल के जम्मू-कश्मीर दौरे को लेकर बुधवार को एक बार फिर नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला और कहा कि भारत के आंतरिक मामले का 'अंतरराष्ट्रीयकरण करने' और 'संसद का अपमान करने' को लेकर प्रधानमंत्री मोदी स्पष्टीकरण दें।

### पाक ने संघर्षविराम का किया उल्लंघन, एक की मौत

पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू-कश्मीर के माछिल सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी कर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया जिसमें एक आम नागरिक की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि गोलीबारी मंगलवार रात से चल रही है।

भाजपा विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद बोले फड़णवीस

# 'भाजपा-शिवसेना गठबंधन जल्द बनाएगा सरकार'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में सत्ता के बंटवारे को लेकर शिवसेना के साथ चल रही खींचतान के बीच भाजपा विधायक दल का नेता चुने गए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि गठबंधन के सहयोगी जल्द ही मिलकर राज्य में सरकार बनाएंगे। राज्य में सरकार बनाने के लिए 'वैकल्पिक फॉर्मूले' पर काम किये जाने की अफवाहों को उन्होंने 'मनोरंजन' करार दिया। फडणवीस को एक बार फिर से बुधवार को राज्य के भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। फडणवीस ने विधायक दल की बैठक में नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र के मतदाताओं का जनादेश 'महायुति' (भाजपा-शिवसेना गठबंधन) के लिए है।



### भाजपा की पहल का इंतजार कर रहे: शिवसेना

शिवसेना के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि चुनावों के दौरान मातोश्री के कई चक्कर लगाने वाले देवेंद्र फडणवीस के संदेशवाहक से कह दिया गया है कि वह इस मामले से दूर रहें। अभी तक अमित शाह की तरफ से उद्धव ठाकरे को कोई फोन नहीं किया गया है।

### उद्धव ने बुलाई विधायकों की बैठक

महाराष्ट्र में नई सरकार बनने की तस्वीर अभी तक साफ नहीं हुई है। शिवसेना और बीजेपी में 50-50 के फॉर्मूले के तहत अभी तक सहमति नहीं बन पाई है। अब शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने आज पार्टी विधायकों की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। आज 12 बजे शिवसेना भवन में बैठक होगी। इसी बैठक के चलते आदित्य ठाकरे ने अपना कोंकण दौरा रद्द कर दिया है। आदित्य ठाकरे कोंकण दौरे पर जानेवाले थे।

### पाटिल ने की फड़णवीस की तारीफ

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में, भाजपा का कोई भी गुट कभी दिल्ली नहीं गया और न ही फडणवीस को हटाने का अनुरोध किया। पाटिल ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में राज्य में विरोध हुए, लेकिन किसी ने भी नहीं कहा कि फडणवीस को इस्तीफा देना चाहिए। यह उनके कौशल और राज्य भर में उनकी स्वीकार्यता को दर्शाता है।

# आज से खत्म हो जाएगा जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा, अस्तित्व में आएंगे दो केंद्र शासित प्रदेश

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर को मिला राज्य का दर्जा गुरुवार को खत्म हो जाएगा और इसके साथ ही उसे औपचारिक रूप से दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया जाएगा। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेशों के नए उपराज्यपाल (एलजी) क्रमश: गिरीश चंद्र मुर्मू और आर के माथुर गुरुवार को पदभार ग्रहण करेंगे। इस सिलसिले में श्रीनगर और लेह में दो अलग-अलग शपथ ग्रहण समारोहों का आयोजन किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल, मुर्मू और माथुर दोनों को शपथ दिलाएंगी। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन कानून, 2019 के अनुसार दोनों केंद्र शासित प्रदेशों के लिए नियुक्ति का दिन 31 अक्टूबर होगा और ये केंद्र शासित प्रदेश आधी रात (बुधवार-गुरुवार) को अस्तित्व में आएंगे। ऐसे कई उदाहरण हैं जब किसी केंद्र शासित प्रदेश को राज्य में बदला गया हो या एक राज्य को दो राज्यों में बांटा गया हो, लेकिन ऐसा पहली बार है कि एक राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बदल दिया गया।



■ मुर्मू और माथुर आज ग्रहण करेंगे पदभार

# एंजेला मर्केल आज आएंगी भारत, 20 समझौतों पर होंगे हस्ताक्षर


**नई दिल्ली।** जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल गुरुवार को 12 मंत्रियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत दौरे पर आएंगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करेंगी। यह जानकारी भारत में जर्मनी के राजदूत वाल्टर जे लिंडनर ने दी। सूत्रों ने बताया कि मर्केल की नई दिल्ली यात्रा के दौरान भारत और जर्मनी विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े करीब 20 समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। लिंडनर ने बुधवार को कहा कि भारत और जर्मनी के बीच दीर्घकालिक संबंध हैं और भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की असीम संभावनाएं हैं। जब लिंडनर से पूछा गया कि क्या मर्केल और प्रधानमंत्री मोदी के बीच कश्मीर मुद्दे पर भी चर्चा होगी। तब लिंडनर ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच बहुत ही प्रगाढ़ संबंध हैं और वे किसी भी मुद्दे पर चर्चा कर सकते हैं।



# आईएनएक्स मीडिया मामला: कोर्ट ने ईडी की याचिका पर आदेश सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आईएनएक्स मीडिया धनशोधन मामले में पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम को एक दिन की हिरासत में देने की मांग वाली प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर बुधवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहाड़ जल्द ही आदेश सुनायेंगे। जांच एजेंसी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चिदंबरम से पूछताछ के लिए उन्हें एक दिन के लिये हिरासत में देने का अनुरोध किया है। ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चिदंबरम की हिरासत मांगते हुए अदालत से कहा कि वे उनके पास बचे एक दिन का प्रभावी ढंग से उपयोग करना चाहेंगे। चिदंबरम की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि एजेंसी ने 14 दिनों तक उनसे पूछताछ नहीं की।





निर्णय जो भी हो सौहार्द बनाए रखें: आरएसएस

# राम मंदिर पर 'सुप्रीम' फैसले को खुले मन से स्वीकारें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने बुधवार को कहा कि अयोध्या मामले पर उच्चतम न्यायालय के आने वाले निर्णय का सभी को खुले दिल से स्वागत किया जाना चाहिए। आरएसएस ने साथ ही यह भी कहा कि फैसला चाहे जो भी हो सौहार्द बनाये रखना सभी की जिम्मेदारी है। आरएसएस ने ट्वीट करके कहा कि उच्चतम न्यायालय के फैसले के मद्देनजर उत्पन्न होने वाले मुद्दे पर राष्ट्रीय राजधानी में आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक में चर्चा की जा रही है।



### देश में एकता और सद्भाव बनाए रखे: पीएम

रविवार को मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि हमारा समाज हमेशा से देश की एकता और सद्भाव के लिए सतर्क रहा है। मुझे याद है कि जब सितंबर 2010 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने राम मंदिर पर अपना फैसला सुनाया तो भांति-भांति के लोग मैदान में आ गए थे। कुछ बयानबाजों और बड़बोलों ने सिर्फ खुद को चमकाने के लिए न जाने कैसी-कैसी बातें की थीं। ये सब पांच-दस दिन तक चलता रहा, लेकिन जैसे ही फैसला आया तो आनंददायक बदलाव देश ने महसूस किया।

### 40 दिनों की सुनवाई के बाद फिलहाल सुरक्षित है फैसला

सुप्रीम कोर्ट में अयोध्या मामले पर चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अगुवाई वाली पांच जजों की बेंच ने 40 दिन तक लगातार सुनवाई करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस पीठ में न्यायमूर्ति एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति धनन्जय वाई चन्द्रचूड़, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर भी शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट में पांच जजों की बेंच ने अयोध्या में 2.77 एकड़ विवादित भूमि को तीन पक्षकारों-सुन्नी वक्फ बोर्ड, निर्मोही अखाड़ा और राम लला-के बीच बराबर-बराबर बांटने का आदेश देने संबंधी इलाहाबाद हाई कोर्ट के सितंबर, 2010 के फैसले के खिलाफ दायर 14 अपीलों पर सुनवाई की है।

## स्टॉफ ने पीट-पीटकर किया अधमरा

# बस डिपो में कैशियर से लूटपाट की कोशिश करता ड्राइवर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिणी-पूर्वी जिले में स्थित श्रीनिवासपुरी बस डिपो में बुधवार सुबह एक डीटीसी के आठ साल पुराने ड्राइवर ने कैशियर से लूटपाट करने की कोशिश की। इस दौरान उसने पिस्टल की बट से कैशियर को जख्मी भी कर दिया। तब भी बात नहीं बनी तो डराने के लिये हवा में एक राउंड फायर किया। लेकिन कैशियर और अन्य स्टाफ ने हिम्मत दिखायी और उसे काबू कर लिया। इसके बाद पूरे स्टाफ ने उसकी जमकर पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। उसके पास से एक पिस्टल, एक देशी कट्टा और एक राउंड गोली बरामद ककी गई है। आरोपी का



नाम भरत भूषण त्यागी (38) बताया गया है। वह गाजीपुर बस डिपो में बतौर ड्राइवर कार्यरत है। पूछताछ में उसने सिर पर कर्ज होने की बात पुलिस के सामने कहीं है। डीसीपी चिन्मय बिश्वाल के अनुसार बुधवार सुबह 9 बजकर 42 मिनट पर श्रीनिवास पुरी डिपो में गोली चलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को दो लोग घायल मिले, जिनमें एक डिपो कैशियर त्रिलोकपुरी निवासी महावीर सिंह (59) था। वहीं दूसरा शख्स भरत

■ **कैशियर भी हुआ था घायल**

भूषण त्यागी मिला। पुलिस ने इन दोनों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। जांच के दौरान पता चला कि भरत भूषण कैशियर से लूटपाट करने के इरादे से आया था। उसने कैश लूटने की कोशिश की लेकिन वह अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सका। इस दौरान उसने कैशियर को घायल कर दिया और हवा में फायरिंग भी की। बाद में स्टाफ ने उसे दबोच लिया। आठ साल पहले भरत भूषण इसी डिपो में काम करता था। उसे पता था कि यहां कैशियर के पास बड़ी रकम रहती है। घटना के समय कैशियर के पास 4 लाख 53 हजार रुपए थे।

## सोने की तस्करी के आरोप में शख्स गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम डिपार्टमेंट ने सोना तस्करी के आरोप में एक शख्स को पकड़ा है। उसके पास से 805 ग्राम सोना बरामद हुआ है। इसकी बाजार कीमत करीब 30 लाख रुपये बताई गई है। आरोपी शख्स जेद्दाह सऊदी अरब से भारत आया था। कस्टम विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर निरंजन सीसी ने बताया कि यात्री के एयरपोर्ट पहुंचने के बाद ग्रीन चैनल क्रॉस करते ही सामान की जांच की गई। यात्री के बैग में 805 ग्राम वजन के चार सोने के बिस्कुट मिले। चारों बिस्कुट एक ट्राउजर में छिपाकर रखे गये थे। सोना जब्त कर यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## प्रदर्शन...



**नई दिल्ली।** मणिपुर और असम में प्रस्तावित नागा स्वायत्त परिषद में कूकी पैतृक भूमि को शामिल किए जाने के विरोध में जंतर-मंतर पर कुकी समुदाय के द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों को हटाते दिल्ली पुलिस के कर्मचारी।

## रन फॉर यूनिटी के लिये कई मार्ग रहेंगे बंद

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** राजधानी में गुरुवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जा रहा है। इसके चलते लोगों की सहूलियत के मद्देनजर राजपथ और रफी मार्ग सुबह साढ़े छह बजे से साढ़े आठ बजे तक बंद किए जाएंगे। इस दौरान करीब 15 हजार लोगों के कार्यक्रम में हिस्सा लेने की उम्मीद है। इसमें सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी शामिल होंगे। संयुक्त आयुक्त (यातायात) एनएस बुंदेला ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी कर वाहन चालकों से अपील की है कि वह इन मार्गो की ओर कार्यक्रम के समय आवाजाही न करें। रन फॉर यूनिटी का मार्ग राजपथ क्रांसिंग से रफी मार्ग होते हुए राजपथ पर समापन से पहले सी-हेक्सन मार्ग से इंडिया गेट होते हुए बनाया गया है। इस दौरान बस पार्किंग कस्तूरबा गांधी मार्ग, तिलक मार्ग, नेशनल स्टेडियम, जाकिर हुसैन मार्ग और भैरों मार्ग पर होगी।

# एसी मैकेनिक की गोली मारकर हत्या

## एक गिरफ्तार, तीन की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नॉर्थ रोहिणी थाना इलाके में बुधवार रात एक एसी मैकेनिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम जितेंद्र उर्फ जुगनू है। पुलिस ने हत्या के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसका नाम विजय बताया गया है। पुलिस को इस केस में अभी तीन अन्य लोगों की तलाश है। शुरूआती जांच में पुलिस आपसी रंजिश को हत्या की वजह मान रही है।

जितेंद्र उर्फ जुगनू परिवार के साथ सेक्टर-6, रोहिणी में रहता था। सेक्टर-3 रोहिणी में उसकी एसी ठीक करने की दुकान है। पीसीआर को बीती रात सेक्टर-7 रोहिणी स्थित एक ऑफिस में जितेंद्र को गोली मारने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जितेंद्र को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जितेंद्र को पास से गले में गोली मारी गई थी। पुलिस को ऑफिस में से कारतूस का खोल भी बरामद हुआ। पुलिस की जांच टीम ने शुरूआती जांच में विजय को गिरफ्तार किया है।



### पत्नी को 15 मिनट में आने की बात कही थी

जितेंद्र की पत्नी डोली ने पुलिस को बताया कि पति ने 15 मिनट में घर आने की बात कही थी। लेकिन देर रात तक वह घर वापिस नहीं आए। किसी जानकार ने उनको फोन पर बताया कि जितेंद्र को गोली मार दी गई है। जिसके बाद परिवार वाले मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि राजकुमार यादव नामक एक प्रॉपर्टी डीलर पर उनको हत्या का शक है। वह जितेंद्र का दोस्त भी है।

## सभी सेल डिपार्टमेंटस के कार्यकर्ता मिलकर खोलें केजरीवाल की पोल: चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने संगठन के विभिन्न सेल व डिपार्टमेंटस की बैठक बुलाई। बैठक में चोपड़ा ने आह्वान किया कि मिलकर भाजपा और आम आदमी पार्टी दोनों के झूठ और खोखले वादों की पोल खोलें। उनके एक एक झूठ का जमकर सामना करें और प्रभावी तरीके से उसका जबाब दिया जाए। कांग्रेस कार्यकर्त्ता किसी से कम नहीं है, हमारे इतिहास हमारी असली ताकत है। इस मौके पर चोपड़ा के अलावा कैंपेन कमेटी अध्यक्ष कीर्ति आजाद, महिला प्रदेश अध्यक्ष शर्मिष्ठा मुखर्जी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास छिकारा, सेवादल अध्यक्ष सुनील कुमार व विभिन्न प्रकोष्ठो आदि के नेता मौजूद थे। चोपड़ा व आजाद ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा व आम आदमी पार्टी को टक्कर देने में कांग्रेस सक्षम है। हमारा एक एक कार्यकर्त्ता जी जान से जुटेगा और कांग्रेस की वापसी करके रहेगा। उन्होंने कहा कि संगठन में सभी प्रकोष्ठ, सेल व डिपार्टमेंट बराबर मेहनत करते है। कोई छोटा बड़ा नहीं है क्योंकि सभी का एक ही लक्ष्य होता है पार्टी कांग्रेस के विचारों पर काम करना और लोगों की सेवा करना।

# महापौर ने छठ घाटों पर स्वच्छता और सफाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अगामी छठ पूजा के चलते साफ सफाई को लेकर उत्तरी दिल्ली के महापौर अवतार सिंह ने संबंधित अधिकारियों को सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। वहीं उत्तरी निगम में नेता सदन तिलक राज कटारिया ने विभिन्न छठ घाटों का व्यापक निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। बुधवार को महापौर ने उत्तरी निगम के आयुक्त को पत्र लिखा, साथ ही सभी उपायुक्तों को भी निर्देश दिए है। जिसके तहत उत्तरी निगम के अधिकार क्षेत्र के आने वाले सभी छठ घाटों की सफाई, शाम के लिए उचित प्रकाश व्यवस्था, मोबाइल शौचालय, घाटों पर डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के खिलाफ



निवारक उपाय विशेष रूप से सुबह और देर शाम और घाटों पर मोबाइल डिस्पेंसरी की तैनाती को सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। महापौर ने बताया कि हमारे अधिकार क्षेत्र में कुल 150 छठ घाट हैं। दूसरी तरफ कटारिया ने केशवपुरम जोन के अंतर्गत वार्ड नं. 61, 62 व 63 (हैदरपुर, एकता कैम्प, प्रेमबाड़ी पुल, यू एंड वी पुल, शालीमार बाग क्षेत्र) स्थित छठ घाटों का व्यापक निरीक्षण किया। एकता कैम्प स्थित छट घाट के निरीक्षण के समय उत्तरी दिल्ली नगर निगम के महापौर अवतार सिंह भी उपस्थित थे। कटारिया ने कहा कि उत्तरी निगम छठ घाटों को बेहतर करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है।

## डीडीए कर्मचारियों के बीच निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने सतर्कता जागरूक सप्ताह के तहत बुधवार को कर्मचारियों अधिकारियों के बीच कई तरह की प्रतियोगिता आयोजन किया। जानकारी अनुसार डीडीए मुख्यालय विकास सदन में बुधवार को हुए आयोजन में प्रथम चरण में ईमानदारी-एक जीवन शैली विषय पर निबंध लिखो प्रतियोतिगता करवाई गई।

जबकि दूसरे चरण में इसी विषय पर पोस्टर बनाना व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुई। गुरूवार दोपहर में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। डीडीए 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता जागरूक सप्ताह मना रही है। इस प्रतियोगिता में कर्मचारियों के अलावा उनके परिजन भी हिस्सा ले रहे है। इन प्रतियोगिताओं में दोनों वर्गों कर्मचारी व उनके परिजनों के विजेताओं को एक समान राशि प्रदान की जाएगी। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दोनों वर्गों के विजेताओं को तीन-तीन हजार रूपए, दूसरे स्थान पर रहने वाले विजेताओं को दो-दो हजार रूपए और तीसरे स्थान पर आने वाले विजेताओं को डीडीए की तरफ से एक-एक हजार प्रदान किए जाएगें। सभी प्रतिभागियों को केवल ड्राइंग शीट डीडीए की तरफ से दी गई जबकि रंग, बुरश, पेंसिल, रबड़ आदि समान वो खुद लेकर आए।

## दिल्ली-हरियाणा सीमा के पास से संदिग्ध शराब तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी. नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक संदिग्ध शराब तस्कर को राष्ट्रीय राजधानी के हरियाणा से लगते सिंधु बॉर्डर से गिरफ्तार किया है और उसके पास से अवैध शराब के 35 बॉक्स जब्त किए गए हैं।पुलिस ने बुधवार को बताया कि आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के शामली जिले के निवासी 38 वर्षीय शमीम के तौर पर हुई है। पुलिस उपायुक्त (पीसीआर) शरत कुमार सिन्हा ने बताया कि उसके पास से जब्त किए गए बक्सों में से अवैध शराब के 1,680 पव्वे मिले। साथ में, एक कार भी जब्त की गई है जिसका इस्तेमाल शराब लाने-जाने के लिए किया जाता था। उन्होंने बताया कि सोमवार देर रात पुलिस ने सिंधू बॉर्डर के पास एक कार को रूकने का इशारा किया लेकिन चालक ने कार नहीं रोकी। थोड़ी देर पीछा करने के बाद एक व्यक्ति को पकड़ लिया और उसके पास से अवैध शराब बरामद की गई। उन्होंने बताया कि आरोपी को बाद में स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया है।



## आप प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पार्षद पर लगाया छठ घाट न बनाने देने का आरोप

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** ग्रेटर कैलाश से विधायक और आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को अपने क्षेत्र के चितरंजन पार्क वार्ड के भाजपा पार्षद सुभाष भड़ाना पर आरोप लगाया है कि वह छठ घाट नहीं बनाने दे रहे हैं जब हम छठ घाट के काम कर रहे थे तो उन्होंने मुझ पर हमला किया। उन्होंने एक वीडियो ट्वीटर पर शेयर करते हुए लिखा कि दिल्ली में भाजपा छठ पूजा के खिलाफ है, ग्रेटर कैलाश में छठ घाट तैयार करने को लेकर भाजपा के पार्षद भड़ाना ने मुझ पर हमला किया है। उन्होंने दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी को वीडियो शेयर करते हुए किया कि आपके ये भाजपा पार्षद और कार्यकर्ता हैं। ये पार्षद उन्हीं रमेश विधूड़ी का चेला है जिन्होंने आपके पूर्वांचल अध्यक्ष को पीटा था। उन्होंने तिवारी से पूछा क्या भाजपा ऐसे ही पूर्वांचली लोगों का अपमान करती रहेगी। आपने इनके खिलाफ क्या कार्यवाही की। सौरभ ने कहा कि एमसीडी के अधिकारी कह रहे हैं कि सारी परमिशन हो चुकी हैं, मगर फिर भी पार्षद छठ घाट बनाने नहीं दे रहे हैं।



### छठ पूजा में एक दिन शेष

## यमुना नदी का जल स्तर काफी कम और बदबूदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ **यमुना घाट अभी तक गंदगी और मलबे से अटे पड़े : गुप्ता**

दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बुधवार को कहा कि छठ पूजा में मात्र एक दिन शेष हैं और दिल्ली सरकार की ढिलाई के चलते अभी तक यमुना नदी का स्तर काफी कम है तथा उसका जल गंदगी से काला पड़ा हुआ है। जल इतना बदबूदार है कि पास यमुना के किनारे खड़े रहना भी मुश्किल है। इतना ही नहीं लाखों पूर्वांचलियों के श्रद्धा के केन्द्र यमुना घाट अभी तक गंदगी और मलबे से पटे पड़े हैं। शनिवार और रविवार को लाखों श्रद्धालु यमुना के किनारे पूजा के लिए एकत्रित होंगे। और इतने कम समय में श्रद्धालुओं की भावनाओं और आवश्यकताओं के अनुरूप पूजा की तैयारी होना मुश्किल है। दिल्ली सरकार द्वारा बनाये जा रहे घाटों की स्थिति बदतर है। बड़ी संख्या में घाट अधूरे पड़े हैं। श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने और उनको होने वाली असुविधाओं के लिये सीधे तौर पर केजरीवाल सरकार जिम्मेदार होगी। गुप्ता ने बुधवार को अनेक घाटों का दौरा कर दिल्ली सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पाया कि कुदसिया घाट से लेकर आईटीओ तक मुख्य घाट पड़ते हैं परंतु ये घाट अभी तक गंदे पड़े हैं। घाटों पर गंदगी का आलम यह है कि यहां वहां अभी तक खंडित मूर्तियां बिखरी पड़ी हैं।

## अमेरिका जाने वाला यात्री आठ कारतूस के साथ गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका जा रहे एक यात्री को सीआईएसएफ के जवानों ने आठ कारतूस के साथ बुधवार को दिल्ली हवाईअड्डे पर हिरासत में लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी अंतरारष्ट्रीय हवाईअड्डे (आईजीआईए) के टर्मिनल तीन पर तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के अधिकारी ने संबंधित व्यक्ति के थैले की जांच के दौरान आठ कारतूस बरामद किए। व्यक्ति यहां से सैन फ्रांसिस्को जाने वाला था। अधिकारी ने बताया कि यात्री को विमान में सवार होने की अनुमति नहीं दी गई और उसे दिल्ली पुलिस को सौंप दिया गया। व्यक्ति ने कारतूस रखने के पीछे कोई भी दस्तावेज मुहैया नहीं कराया। भारतीय उड्डयन कानून के तहत हवाईअड्डा टर्मिनल क्षेत्र में हथियार प्रतिबंधित है।

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह करेंगे उद्घाटन

# दिल्ली पुलिस का नया मुख्यालय तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

संसद मार्ग थाने के पास जय सिंह रोड पर करीब चार सालों से बन रहे दिल्ली पुलिस के नये मुख्यालय की चार मंजिलें बनकर तैयार हो गई हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बृहस्पतिवार 31 अक्टूबर को नए पुलिस मुख्यालय का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद एक नवंबर से आइटीओ स्थित पुलिस मुख्यालय में बैठने वाले सभी वरिष्ठ अधिकारी यहां पर बैठेंगे। पुराने मुख्यालय को धीरे-धीरे खाली कर दिया जाएगा।

वर्तमान में आइटीओ पर पीडब्ल्यूडी के भवन में दिल्ली पुलिस मुख्यालय चल रहा हैं।

करीब आठ एकड़ में बन रहे दिल्ली पुलिस के अपने 17 मंजिले नए मुख्यालय में ऑफिसों की संख्या 150 होगी। यहां एक ही छत के नीचे सभी आला अधिकारी बैठ सकेंगे। इसमें करीब 12 रेजीडेंसियल फ्लैट्स भी बनेंगे। आइटीओ स्थित मुख्यालय में पार्किंग की भी दिक्कत थी। नए मुख्यालय में बेसमेंट में दो तल पार्किंग बनाई गई है, जिसमें एक हजार से अधिक कारें पार्क की जा सकेगी। दूसरी और 14वीं मंजिल पर पुलिस आयुक्त के दो कार्यालय होंगे।



### 1976 से आइटीओ पर है पुलिस मुख्यालय

नई दिल्ली। आजादी के बाद दिल्ली पुलिस मुख्यालय चार अलग-अलग जगहों पर सरकारी भवनों में चलता रहा। कई दशक बाद अब जाकर दिल्ली पुलिस को अपना स्थायी मुख्यालय मिलेगा। दिल्ली पुलिस का पहला मुख्यालय 16 फरवरी 1948 में कश्मीरी गेट इलाके में एक छोटी सी इमारत में बनाया गया था। इसी दिन को हर साल दिल्ली पुलिस अपने स्थापना दिवस के तौर पर मनाती आ रही है। उस दौर में पुलिस आयुक्त को इंस्पेक्टर जनरल कहा जाता था। पहले इंस्पेक्टर जनरल डी डब्ल्यू मेहरा थे। पुलिस के बढ़ते दायरे और कामकाज को देखते हुए 1952 में मुख्यालय दारा शिकोह लाइब्रेरी में शिफ्ट कर दिया गया था। कश्मीरी गेट वाले पुराने मुख्यालय में इन दिनों डिप्टी कमिश्नर (उत्तरी) का कार्यालय चल रहा है। दारा शिकोह लाइब्रेरी का भवन स्कूल की तरह दिखता था। कतार में सिंगल स्टोरी रूम इसमें बने हुए थे। इसमें आठ साल तक पुलिस मुख्यालय रहा। दारा शिकोह लाइब्रेरी अब आइपी यूनिवर्सिटी का हिस्सा है। वर्ष 1960 में जब कोर्ट और ट्रेजरी तीस हजारी में शिफ्ट हुए तब बढ़ती जरूरतों के हिसाब से पुलिस मुख्यालय को कश्मीरी गेट स्थित एक इमारत में शिफ्ट किया गया। वहां 15 साल तक मुख्यालय रहा। अब इस इमारत में सिंधी एकेडमी है। वर्ष 1976 में नए साल के पहले दिन मुख्यालय चौथी बार आइटीओ स्थित पीडब्ल्यूडी भवन में शिफ्ट किया गया। वीआइपी की सुरक्षा व्यवस्था की बात हो या फिर कानून व्यवस्था की निगरानी, पुलिस आयुक्त से लेकर कई वरिष्ठ अधिकारी यहीं पर बैठते हैं।

### निमार्ण कर रही कंपनी 15 साल करेगी रखरखाव

जनवरी 2016 में नए मुख्यालय के निर्माण का कार्य शुरू किया गया था। उस समय 202 करोड़ रुपये की लागत आने की बात कही गई थी। लेकिन बाद में लागत बढ़ गई। दिल्ली पुलिस के लैंड एंड बिल्डिंग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) द्वारा निर्माण में आई लागत को दिल्ली पुलिस 15 सालों में किस्तों के जरिए चुकाएगी।

## गार्ड को बंधक बनाकर फैक्ट्री में लूट की कोशिश, एक दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बादली इलाके में मंगलवार रात करीब 2 बजे बदमाशों ने एक फैक्ट्री के गार्ड को तार से बांधकर करीब 100 मीटर दूर ट्रांसफॉर्मर के पास फेंक दिया। इसके बाद एक बदमाश टैंपो लेकर फैक्ट्री से तांबे का सामान भरने लगे। लेकिन इसी दौरान पेट्रोलिंग करते हुए पुलिसकर्मी वहां पहुंच गए। पुलिस को देखकर चार बदमाश मौके से फरार हो गए, जबकि टैंपो चालक को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने पीड़ित गार्ड राम निवास यादव (42) की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। उसकी निशानदेही पर पुलिस अन्य बदमाशों की तलाश में जुटी है। पुलिस को दिये बयान में मूलरुप से यूपी के फिरोजाबाद निवासी राम निवास यादव ने बताया कि वह परिवार के साथ स्वरुप नगर इलाके में रहते है। एक साल से नाइन एक्स सिक्यूरिटी प्राइवेट लिमिटेड, रेलवे रोड समयपुर बादली में बतौर सुरक्षा गार्ड कार्यरत है। पिछले 20 दिन से वह गली नंबर-4, लिबासपुर में कॉपर मैलटिंग



■ **चार साथी हुए फरार**

कंपनी में ड्यूटी कर रहा था। फैक्ट्री मनीष अग्रवाल नामक शख्स की है। रात करीब 2 बजे चार लड़के आए। उन्होंने गार्ड से बीड़ी मांगी। इसके बाद उन्होंने गार्ड का मुंह दबा लिया और गर्दन पर चाकू सटा दिया। इसके बाद दो अन्य लड़कों ने तांबे के तार से उसके हाथ-पैर बांध दिए। पकड़े गये आरोपी का नाम संजय है।

# राजधानी में प्रदूषित हवा से बेदम हुए लोग, दिनभर छाई रही धुंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की हवा बुधवार को इतनी जहरीली हो गई कि लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई। बुधवार को शाम को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 450 से ऊपर पहुंचा गया। जो कि गंभीर श्रेणी में आता है। दिन भर आसमान में धुंध छायी रही। बसों में चलने वालों लोगों ने बताया कि आज तो आंखों में जलन के साथ सांस लेने में भी दिक्कत हो रही है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी के अनुसार दिल्ली के आनंद विहार के इलाके की हवा सबसे प्रदूषित दर्ज की गई है। यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक बुधवार शाम 7 बजे 466 से ऊपर दर्ज किया गया है। इसके साथ ही अशोक विहार में 455, बवान में 456, बुराड़ी में 447, द्वारका में 419, आईटीओ में 412, जहांगीरपुरी में 445, मुंडका में 434, वजीरपुर में 460 और पंजाबी में 422 वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया गया। मंगलवार की बात करें तो एक्यूआई 414 था, जबकि सोमवार के एक्यूआई 397 से खराब था। एक्यूआई अगर 0-50 के बीच है तो उसे अच्छा' माना जाता है, 51-100 के बीच संतोषजनक', 101-200 के बीच सामान्य, 201-300 के बीच खराब, 301-400 के बीच बहुत खराब' और 401-500 गंभीर' माना जाता है। अगर एक्यूआई 500 से ऊपर है तो उसे गंभीर और



■ दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक बुधवार को रहा 450 से ऊपर

आपातकालीन' श्रेणी में माना जाता है। एक्यूआई पांच मुख्य प्रदूषकों को ध्यान में रखता है- 10 माइक्रोमीटर (पीएम10) से कम व्यास वाले पदार्थ, पीएम2.5, ओजोन (ओ3), नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (एनओ2) और कार्बन मोनोऑक्साइड (सीओ)। एक्यूआई मूल्य जितना अधिक होगा, वायु प्रदूषण का स्तर उतना ही अधिक होगा और स्वास्थ्य की चिंता भी उतनी ही बढ़ जाएगी।

### भगवान भरोसे दिल्ली सरकार!

दिल्ली में बढ़े प्रदूषण पर अब दिल्ली सरकार भगवान से ही आसरा लगा रही है। जब दिल्ली के पर्यावरण मंत्री कैलाश गहलोत ने सवाल पूछा गया कि पराली भी लगातार जल रही है, आप भी कदम उठा रहे हैं बावजूद इसके दिल्ली गैस चैम्बर बना हुआ है? इस सवाल के जवाब में कैलाश गहलोत ने कहा कि भगवान से प्रार्थना करता हूं की हवा की स्पीड बढ़े। ताकि जो प्रदूषण है इसको लेकर चला जाए।



### पराली प्रदूषण के खिलाफ हरियाणा-पंजाब भवन पर आज प्रदर्शन करेगी आप

नई दिल्ली। दिल्ली में हरियाणा और पंजाब राज्यों में पराली जलने की घटनाओं में वृद्धि के खिलाफ आम आदमी पार्टी गुरुवार को 3 बजे हरियाणा और पंजाब भवन के सामने प्रदर्शन करेगी। इस बात की जानकारी दिल्ली में आप संयोजक गोपाल राय ने प्रैसवार्ता में दी है। प्रैसवार्ता में उन्होंने दिल्ली के लोगों से अपील की है कि दिल्ली के लोग उनके प्रदर्शन में शामिल होकर जलती पराली की घटनाओं को रोकने में आप की मदद करें। उन्होंने पकहा कि नासा की रिपोर्टों सहित विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार यह स्पष्ट है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष पराली जलने की मात्रा में वृद्धि हुई है। यही प्रमुख कारण है कि दिल्ली में प्रदूषण बढ़ रहा है। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में पिछले साल 27 अक्टूबर तक 9,600 पराली जलने की घटनाएं दर्ज की गईं। इस साल यह आंकड़ा 12,027 तक पहुंच गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 27 अक्टूबर तक, पंजाब और हरियाणा में कम से कम 2400 पराली जलाने की घटनाओं की वृद्धि दर्ज की गई है जो कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण में एक प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि पूर्व नौकरशाह भूरे लाल की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त समिति ईपीसीए प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए दिल्ली सहित राज्यों को पत्र जारी कर रही है।

### पंजाब के मंत्री का दावा : पराली जलाने से नहीं खराब हो रही है दिल्ली की हवा

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के बीच पंजाब के एक मंत्री ने पराली को लेकर बड़ा दावा किया है। कैप्टन सरकार के मंत्री त्रिपत राजिंदर सिंह बाजवा ने कहा कि हम ये मानने को तैयार नहीं हैं कि पंजाब में पराली के जलने से दिल्ली की हवा खराब हो रही है। अगर पंजाब में पराली जलाने से दिल्ली की हवा खराब होती तो हरियाणा में भी इसका असर दिखता। हालांकि पंजाब सरकार इस पर काम कर रही है कि पंजाब में कम से कम किसान पराली जलायें। पंजाब सरकार जल्द ही पराली ना जलाने का पक्का समाधान निकाल लेगी और एक दो साल में ये समस्या बिल्कुल ही खत्म हो जाएगी।

### तीनों निगम ने काटे चालान, वसूला जुर्माना

दिल्ली में तीनों दिल्ली नगर निगमों ने बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए विभिन्न क्षेत्र में निरीक्षण कर एनजीटी व निगम एक्ट का उल्लंघन करने वालों को नोटिस जारी कर चालान काटे व जुर्माना वसूला। उत्तरी निगम ने खुले में कूड़ा जलाने कि के लिए 70 चालान, निर्माण कार्य से उत्पन्न धूल के लिए 33 चालान, रोड से धूल के लिए 22 चालान, खुले में मलबा डालने के लिए 4 चालान किए है, जिसकी जुमार्ने की राशि 5 लाख 65 हजार रुपये है। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने अपने चारों जोन में कुल 164 चालान किए गए और जुमार्ने के रूप में 1 लाख 30 हजार रुपए प्राप्त किए। जबकि, पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने खुले में कूड़ा जलाने पर 2 चालान, निर्माण कार्य से होने वाले प्रदूषण के लिए 10 चालान, निर्माण एवं ध्वसंत डपिंग कार्य के लिए 9 चालान किए हैं। पूर्वी निगम ने कुल 21 चालान करके करीब 1 लाख 90 हजार रुपये वसूले गए। वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए कार्रवाई के अन्तर्गत निगम क्षेत्र से 287.74 मीट्रिक टन मलबा हटाया गया है तथा 838 किलोमीटर मैकेनिकल रोड़ स्वीपिंग का कार्य किया गया है।




## केजरीवाल सरकार की 'फरिश्ते' स्कीम पर दिल्ली हाईकोर्ट ने उठाए सवाल

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने अरविंद केजरीवाल सरकार की फरिश्ते स्कीम पर सवाल खड़े किए हैं। कोर्ट ने कहा कि इस स्कीम का 10 लोग फायदा उठा रहे है, तो 40 इसका दुरुपयोग कर रहे है। कोर्ट ने कहा कि फरिश्ता स्कीम का दलालों के माध्यम से गलत इस्तेमाल हो रहा है। जिसे रोकने और उस पर तुरंत ध्यान देने की दिल्ली सरकार को जरूरत है। कोर्ट ने यहां तक कहा कि अगर कोई व्यक्ति बाथरूम में गिर जाता है तो दूसरा व्यक्ति अस्पताल पर उसको भर्ती करने के लिए दबाव बनाता है। कोर्ट ने कहा कि सरकार की स्कीम अच्छी है लेकिन इसका फायदा जरूरतमंद लोगों को मिलना चाहिए न कि दलालों को। कोर्ट ने टिप्पणी अस्पतालों में साफ-सफाई को लेकर लगाई गई एक याचिका पर सुनवाई के दौरान की। गौरतलब है कि इसी महीने की शुरुआत में दिल्ली सरकार ने एक साल के ट्रायल के बाद आखिरकार 'फरिश्ते दिल्ली के' योजना की शुरुआत की है। इस योजना के लॉन्च होने के बाद दिल्ली के प्राइवेट अस्पताल अब सड़क हादसे में घायल शख्स को लौटा नहीं सकेंगे। साथ ही निजी अस्पतालों को मरीजों का इलाज कैशलेस भी करना होगा। यह योजना सिर्फ और सिर्फ सड़क हादसे में पीड़ितों के लिए लाई गई है।

## दिल्ली भाजपा कार्यालय में मंत्रोचारण के साथ चुनावी कार्यालय पूजन संपन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी के नेतृत्व में प्रदेश कार्यालय पर मंत्रोचारण के साथ पूरी विधि-विधान से दिल्ली विधानसभा चुनाव कार्यालय खोलने से पहले भूमि पूजन किया गया। इस भूमि पूजन के अवसर पर केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, डॉ. हर्ष वर्धन, पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल, दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश उपाध्याय, सांसद मीनाक्षी लेखी, रमेश बिधूड़ी, प्रवेश साहिब सिंह, हंसराज हंस, नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता, प्रदेश संगठन महामंत्री श्री सिद्धार्थन, मिजोरम प्रभारी पवन शर्मा, महामंत्री कुलजीत सिंह चहल, रविन्द्र गुप्ता, राजेश भाटिया सहित विधायक, पूर्व विधायक, निगम पार्षद, पूर्व निगम पार्षद एवं बड़ी संख्या में प्रदेश, जिला, मण्डल, मोर्चा, विभाग प्रकल्प एवं प्रकोष्ठों के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं को दिल्ली सरकार लागू नहीं कर रही है, जिसके कारण दिल्ली की जनता को लाभ नहीं मिल पा रहा है।

अनधिकृत कालोनियों के नियमितिकरण में केजरीवाल सरकार लगातार बाधा बनी रही है, लेकिन मोदी सरकार की अडिग इच्छाशक्ति के कारण ही अनधिकृत कालोनियों में रहने वाले 40 लाख से अधिक लोगों को उनके घर का मालिकान हक जल्द ही मिल जायेगा।

## मैं चुनाव लड़ने का इच्छुक नहीं, लेकिन सोनिया जो कहेंगी तो लड़ूंगा : कीर्ति

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


दिल्ली कांग्रेस की चुनाव प्रचार समिति के प्रमुख कीर्ति आजाद ने बुधवार को कहा कि वह आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं हैं, लेकिन पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जो भी आदेश होगा, उसका वह पालन करेंगे। मुख्यमंत्री पद के लिए चेहरे से जुड़े सवाल पर आजाद ने कहा कि वह फिलहाल सोनिया गांधी की टीम के 'सिपाही' के रूप में कर्म करने में लगे हुए हैं। आजाद ने यह दावा भी किया कि अयोध्या मामले पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। दो दशक के बाद दिल्ली की राजनीति में वापसी करने वाले आजाद ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सोनिया जी ने कहा कि मुझे यह जिम्मेदारी संभालनी है तो मैंने इसे स्वीकार किया क्योंकि मैं खिलाड़ी आदमी हूं, अनुशासन में रहने वाला हूं। आशा करता हूं कि सोनिया जी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है कि उस पर मैं खरा उतरूंगा। उन्होंने कहा कि मैंने 25 साल भाजपा में सेवा की और जब भ्रष्टाचार उजागर किया तो निकाल दिया गया। कांग्रेस में मुझे मान-सम्मान दिया गया है। अपने पिता के घर वापस आया हूं। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस ने उन्हें परोक्ष रूप से मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर पेश किया है तो उन्होंने कहा कि मैं इन सब चीजों के बारे में सोचता नही हूं।

## आज समाप्त हो जाएगी अनुबंधित निगम प्राथमिक शिक्षकों की सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ निगम नेताओं ने दिया अनुबंध बढ़ाने का आश्वासन

दिल्ली की तीनों दिल्ली नगर निगम में अनुबंध के आधार पर कार्यरत करीब 23 सौ प्राथमिक शिक्षकों के अनुबंध का आज 31 अक्टूबर को अंतिम दिन है। इसके चलते तमाम उक्त शिक्षक परेशान हैं। चुनावी माहौल व मामले को देखते हुए हालांकि तीनों निगमों के नेताओं ने शिक्षकों की हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। पीड़ित शिक्षकों के अनुसार उत्तरी दिल्ली नगर निगम में 891, पूर्वी दिल्ली नगर निगम में 1032 और दक्षिणी दिल्ली नगर निगम में 450 के करीब प्राइमरी अनुबंध शिक्षक हैं। अनुबंध पर कार्यरत शिक्षकों के एक प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को दक्षिणी निगम की महापौर सुनीता कांगड़ा से उनके सिविक सेंटर कार्यालय में मुलाकात की। इस प्रतिनिधि मंडल में मनोज वत्स, रोशन, प्रीतम, सुधीर दहिया और अजीम अहमद शामिल थे प्रतिनिधि मंडल ने महापौर सुनीता कांगड़ा से बताया कि यदि उनका अनुबंध आगे नहीं बढ़ाया गया तो वह घर बैठ जाएंगे। वहीं, महापौर कांगड़ा में उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। उनका कहना है कि अभी नवनियुक्त शिक्षकों की भर्ती जारी है। वह निगम के शिक्षा निदेशालय से भी इस संबंध में बात की जा रही है।




### मंगलवार को 4 लाख 77 हजार से अधिक महिलाओं ने उठाया लाभ

# मुफ्त-यात्रा योजना : महिलाओं की राय जानने के लिए केजरीवाल ने किया बस का सफर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को सार्वजनिक बसों का सफर किया, ताकि वह राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई मुफ्त-यात्रा योजना पर महिला यात्रियों की राय जान सकें। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) द्वारा बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक योजना लागू होने के पहले दिन मंगलवार को 4.77 लाख से अधिक महिलाओं ने मुफ्त यात्रा के लिए गुलाबी टिकट लिया। केजरीवाल ने एक ट्वीट के जवाब में कहा कि महिलाओं से सीधे राय जानने के लिए मैंने अभी कुछ बसों का सफर किया। छात्राओं, कामकाजी महिलाओं, खरीदारी करने जा रही महिलाओं के अलावा मैंने नियमित रूप से चिकित्सकों के पास जाने वालों से भी बात की। वे भी बहुत खुश थीं। एक अन्य ट्वीट में मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा तैनात किए गए बस मार्शल की मौजूदगी से महिला यात्री सुरक्षित महसूस कर रही हैं और छेड़खानी करने वालों में डर है। करीब 5,600 डीटीसी और क्लस्टर बसों में महिला यात्री मुफ्त यात्रा कर सकती हैं। इसके तहत उन्हें 10 रुपये मूल्य का एक गुलाबी टिकट दिया जाएगा। सरकार ने इस योजना को लागू करने के लिए 140 करोड़ रुपये का बजट तय किया है। डीटीसी के एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को कुल 13.65 लाख टिकट दिए गए, जिनमें 4.77 लाख गुलाबी टिकट महिला यात्रियों को दिए गए, जो कुल यात्रियों का 34.94 प्रतिशत है।

### फ्री बस यात्रा पर कांग्रेसियों ने पूछा साढ़े चार साल कहां थे केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार द्वारा महिलाओं को सुरक्षा के नाम पर डीटीसी बसों में फ्री यात्रा की सौगात देने पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से पूछा है कि गत साढ़े चार साल से कहां थे। प्रदेश कार्यालय में एक आयोजन के दौरान अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, कैंपेन कमेटी अध्यक्ष कीर्ति आजाद और पूर्व कांग्रेस सचिव जयकिशन ने फ्री बस यात्रा पर केजरीवाल सरकार को जमकर घेरा। तीनों नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार की फ्री-फ्री बांटो और भाजपा सरकार की धर्म एवं राष्ट्रवाद के नाम पर पूरे देश की जनता को गुमराह कर राजनीतिक रोटियां सेंक रहे है। चोपड़ा ने सवाल उठाए कि अगर केजरीवाल को महिलाओं की सुरक्षा की चिंता होती तो वह सरकार बनाते ही सबसे पहले इ़ी काम को करते। किर्ती आजाद ने कहा कि केजतरीवाल सरकार केवल लोगों को फ्री बांटने के बहाने अपनी छवि चमका रही है।

## खबर संक्षेप



### ईनामी बदमाश समेत दो आरोपी मुठभेड़ के बाद धरे

**गाजियाबाद**। लोनी पुलिस ने बुधवार की शाम को डीएलएफ चौराहे के नजदीक मुठभेड़ के बाद दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने उनके कब्जे से मोटरसाइकिल, दो तमंचे अवैध बरामद किए हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी लोनी राजकुमार पांडेय ने बुधवार की शाम को बताया कि लोनी पुलिस द्वारा डीएलएफ चौराहा पर शाम के समय चैकिंग की जा रही थी तभी बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवक वहां से गुजरे तो पुलिस ने उन्हें बाइक रोकने का इशारा किया पर नहीं रुके, भागते हुए जान से मारने की नियत से पुलिस पार्टी पर फायर करते हुए भाग निकले। पुलिस पार्टी ने जवाबी फायरिंग की जिसमें में सहजाद उर्फ सोनू पुत्र इरशाद निवासी नसबंदी कॉलोनी थाना लोनी जनपद गाजियाबाद व मुनीश उर्फ लाला पुत्र खलील निवासी गोली लगने से घायल हो गए, नीचे गिर गए जिनको पुलिस ने गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त शहजाद थाना लोनी क्षेत्र में नफीस की हत्या के मामले में वांछित था, उस पर 25 हजार का ईनाम घोषित है।

### बहबलपुर गांव के मंदिर पर मृत मिला महंत

**फरीदाबाद**। थाना सदर एरिया के बहबलपुर गांव स्थित मंदिर पर रहने वाले 75 साल के महंत की मंगलवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज परिजनों को सूचित कर दिया है। बहबलपुर गांव के मंदिर पर रहने वाले महंत पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। जिनका उपचार चल रहा था। मंगलवार रात को उनकी अचानक मौत हो गई। एसएचओ नरेंद्र सिंह ने बताया कि मौत के कारणों का पोस्टमॉर्टम से पता चल सकेगा।

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

**फरीदाबाद**। थाना छांयसा एरिया के शाहजहांपुर गांव में बुधवार को ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार शाहजहांपुर गांव निवासी सचिन बुधवार को अपने खेतों में से ट्रैक्टर ट्राली में धान भरकर ला रहा था। तभी ट्रैक्टर खेत में धंस गया। जिस पर ड्राइवर ट्रैक्टर को पीछे करने लगा, तभी पीछे चल रहे सचिन को टक्कर लग गई। टक्कर से घायल युवक को अस्पताल लाया गया।

### विद्युत निगम ने ट्यूबवैल पर बिजली चोरी पकड़ी

**फरीदाबाद**। विद्युत विभाग की टीम ने बुधवार को ग्रेटर फरीदाबाद स्थित गांव बुढैना के समीप बने नगर निगम के ट्यूबवेल पर बिजली चोरी पकड़ी है। छापेमारी में ट्यूबवेल कनेक्शन से समाजिक संस्था को बिजली सप्लाई दी जा रही थी। मौके पर पहुंची विद्युत विभाग की टीम ने संस्था का कनेक्शन काट नगर निगम पर करीबन ढाई लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

## गाजियाबाद के व्यक्ति को मोटी रकम में बेची गई थी पीड़िता

# बुआ के तीन बेटों, फूफा पर लगाया रेप का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नोएडा

नोएडा के सेक्टर 49 थाने में किशोरी ने अपनी बुआ के तीन बेटों व फूफा पर कई साल तक उसका कथित तौर पर बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने बुधवार को बताया कि किशोरी ने आरोप लगाया कि जब वह दो साल की थी तो उसके पापा ने उसकी मम्मी की हत्या कर दी थी जिसके बाद वह जेल चले गए थे। कुछ दिन बाद उसके पापा जेल से छूट कर आए तो उन्होंने फिर से एक अन्य व्यक्ति की हत्या कर दी। शर्मा ने बताया कि किशोरी को उसकी बुआ अपने साथ गाजियाबाद के रघुनाथपुर गांव से नोएडा के होशियारपुर गांव लेकर आई। किशोरी का आरोप है कि यहां पर उसके फूफेरे भाई हरेंद्र, जितेंद्र, राहुल व उसके फूफा पदम सिंह ने डरा धमका कर उसके साथ कई साल तक बलात्कार किया।



- बेचे गए व्यक्ति के चंगुल से छुटकर युवती ने दिल्ली में घटना की थी शिकायत, मामला नोएडा स्थानांतरित
- पिता थे जेल में, किशोरी को बुआ गाजियाबाद के रघुनाथपुर गांव से नोएडा के होशियारपुर गांव ले आई थी

### अन्य लोगों के पास भी देह व्यापार के लिए भेजी गई थी युवती


किशोरी का आरोप है कि ये लोग उसे अन्य लोगों के पास भी देह व्यापार के लिए भेजने लगे। किशोरी के अनुसार, उसकी बुआ व फूफा ने उसे गाजियाबाद के एक व्यक्ति से मोटी रकम लेकर उसे बेच दिया। वहां से वह किसी तरह से भागकर कुछ दिन पहले दिल्ली आई व उसने दिल्ली के एक थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई। घटनास्थल नोएडा होने की वजह से वहां से मुकदमा नोएडा के सेक्टर 49 थाने में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है।

# एक्यूआई पहुंचा पांच सौ के पार फूलने लगी लोगों की सांस

- सड़क पर बिल्डिंग मटेरियल डालने पर दो बिल्डर्स पर केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

जिला प्रशासन की लाख कोशिश के बाद प्रदूषण कम नहीं हो रहा है बल्कि ज्यादा बढ़ता जा रहा है। बुधवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) पांच सौ को पार कर गया है। संजय नगर में एक्यूआई 546पहुंच गया है। इससे सांस लेने में दिक्क़त हो रही है। वहीं जिला प्रशासन भी प्रदूषण का असर कर करने का लगातार प्रयास कर रहा है। डीएम अजय शंकर पांडेय के आदेश के बाद स्कूल जाने वाले बच्चों पर प्रदूषण का असर कम करने के लिए सभी स्कूलों के पास सुबह छह से सात बजे तक पानी का छिड़काव कराया गया। डीएम ने जिला बेसिक अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक को बच्चों के लिए एडवाइज़री करने के निर्देश दिया हैं वहीं इंदिरापुरम क्षेत्र में सड़क पर बिल्डिंग मटेरियल डालने पर माया बिल्डर, राहुल एसोसिएट्स पर पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई है। डीएम ने कहा कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्र में यदि कहीं कंस्ट्रक्शन होता मिला तो संबंधित अभियंता पर कार्रवाई की जाएगी साथ नगर निगम क्षेत्र में यदि कूड़ा जलता पाया गया तो सुपरवाइज़र पर कार्रवाई की जाएगी।



### बच्चे, गर्भवती महिलाएं घर से ना निकलें: सीएमओ

वहीं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एनके गुप्ता ने भी एडवाइज़री जारी की है। जिसमें सलाह दी गई है कि बच्चों व बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं को घर से नहीं निकलने को कहा गया है। यह भी कहा कि यदि किसी को सैर पर जाना है तो खाली पेट ना जाए बल्कि कुछ खाकर अवश्य जाएं। अनिवार्य रूप से लगाए यदि मास्क नहीं है तो मुंह पर कपड़ा बांध लें। व्यायाम यदि कमरे के अंदर ही करें तो अच्छा है। कमरों के खिड़की दरवाजे बंद रखें।

### नोएडा में हवा की गुणवत्ता गंभीर हुई

**नोएडा**। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के प्रमुख शहर नोएडा में बुधवार को हवा की गुणवत्ता और 'खराब' हो गई। मंगलवार को यहां पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर 439 था जो आज 441 हो गया। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ अनिल कुमार ने बुधवार को बताया कि सुबह नोएडा में एक्यूआई का स्तर 441 था। उन्होंने बढ़ते वायु प्रदूषण के लिए दीपावली पर हुई आतिशबाजी तथा पंजाब हरियाणा में पराली जलाई जाने को जिम्मेदार ठहराया।सर्दी बढ़ने से इसका प्रभाव और बढ़ गया है।

# पूर्व विधायक की बहन से बदमाशों ने पर्स छीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नैशनल हाइवे स्थित बाटा चौक फ्लाइओवर के पास मंगलवार रात को बाइकर्स ने कार में जा रही पूर्व विधायक योगेश शर्मा की बहन से बैग झपट लिया। बैग में 40 हजार रुपये, जूलरी व कुछ कागजात थे। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता अपने भाई के घर भैया दूज पर आई हुई थी।

सेक्टर-7 थाने में दर्ज मामले के अनुसार सेक्टर-37 स्थित अशोका एंक्लेव में रहने वाली संगीता शर्मा ने दी शिकायत में बताया कि मंगलवार को भैया दूज पर्व पर वह भाई पूर्व विधायक योगेश शर्मा का तिलक करने के लिए सेक्टर-7 स्थित डी ब्लॉक में उनके निवास पर आई हुई थी। शाम को वह कार में सवार होकर अपने घर लौट रही थी। कार को ड्राइवर चला रहा था। जबकि वह पीछे बैठी हुई थी। संगीता का कहना है कि जब उनकी कार नैशनल हाइवे पर बाटा चौक फ्लाइओवर के पास पहुंची, तभी बाइक सवार दो युवकों ने ओवरटेक कर ड्राइवर की ओर कुछ इशारा किया। जिस पर ड्राइवर ने गाड़ी को धीमा किया, तो संगीता ने उससे चलते रहने के लिए कहा। तभी फिर से बाइक पर आए अन्य दो युवकों ने कार के पहियों की ओर इशारा किया। इस पर ड्राइवर ने शक होने पर कार हो फ्लाइओवर के ऊपर रोका, वह नीचे उतरकर पहिया चेक करने लगा। आरोप है कि कार के रुकते ही बाइकर्स निकट आ गए, संगीता के हाथ से पर्स झपटने लगे। संगीता ने पर्स को कसकर पकड़ लिया, मगर बाइकर्स उससे पर्स झपट ले गए। संगीता ने बताया, दो बाइकों पर सवार चारों झपटमारों की उम्र 18 से 20 साल के करीब होगी।

# एक्शन में आए विधायक राजेश नागर

## वर्षों से चली आ रही समस्या को दूर करने के लिए किया मुआयना, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने चुनाव जीतते ही एक्शन शुरू कर दिया है। उन्होंने आज वर्षों से चली आ रही पुरी प्राणायाम रास्ते की समस्या का हल निकालने के लिए न केवल मौके का मुआयना किया बल्कि एचएसवीपी के अधिकारियों को निर्देश भी दिए।


विधायक राजेश नागर ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर राजीव शर्मा व अन्य अधिकारियों को लेकर इस रोड का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि पुरी प्राणायाम के सामने से भतौला होकर गुजरने वाले रोड का रास्ता साफ करवाया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस मामले में जो भी कानूनी अथवा सामाजिक अड़चनें हों, उनको दूर करने का रास्ता निकाला जाए। नागर ने कहा कि वह स्थानीय जनता की दुख तकलीफों को दूर करने के लिए चुनकर आए हैं और वह जनता का विश्वास सही करके दिखाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मनोहर लाल सरकार ने जनहितैषी और भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण देकर जनता का हृदय जीतकर दोबारा सरकार बनाई है। वहीं तिगांव की जनता ने भी इस बार सरकार का विधायक चुनने का मन बनाया था। जिसका प्रतिफल जनता को दिलवाकर ही रहेंगे।



### जनता से किया था वायदा

गौरतलब है कि चुनाव के दौरान स्थानीय जनता ने रोड को लेकर भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर के सामने बात रखी थी। जिसके हल का नागर ने उन्हें आश्वासन दिया था। अब चुनाव जीतने के बाद नागर ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है।

# प्रदूषण फैलाने पर कबाड़ी का चालान काटा



**फरीदाबाद**। प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ अब नगर निगम फरीदाबाद सख्त होता नजर आ रहा है। बाटा चौक पर तार जलाकर प्रदूषण फैला रहे एक कबाड़ी का निगम ने 5 हजार का चालान काट दिया। जानकारी के अनुसार बाटा पुल के नीचे रिजवान पुत्र सलीम कबाड़ी अवैध रूप से गोदाम चलाता है। बताया गया है कि बुधवार को सुबह रिजवान तार जलाकर तांबा निकाल रहा है।

जिससे बड़े स्तर पर प्रदूषण फैल गया। प्रदूषण फैलने से प्रातः रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दैनिक यात्रियों द्वारा शिकायत करने पर नगर निगम ने रिजवान कबाड़ी का पांच हजार का चालान काट दिया। इससे पूर्व में भी निगम ने प्रदूषण फैलाने पर कई लोगों के चालान काटे हैं।

# रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सिंडिकेट बैंक के 94वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय सेक्टर 31 में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदाताओं ने 35 यूनिट रक्तदान किया। यह शिविर लायंस क्लब के सहयोग से आयोजित किया गया था। क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम की क्षेत्रीय प्रबंधक शिवानी नरूला ने कहा कि रक्तदान महादान है और इस पुण्य के कार्य में युवाओं को बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने के 72 घंटों के भीतर ही इसकी पूर्ति हो जाती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, इससे किसी व्यक्ति के जीवन को बचाया जा सकता है। रक्त किसी मशीन इत्यादि से नही बनाया जा सकता। उन्होंने कहा कि केवल मनुष्य का रक्त ही मनुष्य के जीवन को बचाने में मददगार होता है, इसलिए सभी स्वस्थ व्यक्तियों को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से किसी प्रकार की कोई दिक्कत नही होती है। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम के मुख्यप्रबंधक पीआर गोदारा ने कहा कि किसी भी जरूतरमंद व्यक्ति के रक्त की पूर्ति केवल किसी अन्य व्यक्ति के रक्त से ही की जा सकती है। उन्होंने शिविर में रक्तदान से सम्बधित महत्वपूर्ण जानकारी दी व सभी को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

# चोरी के आरोप में दो बंगलादेशी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

वाहनों से बैट्री व अन्य सामान चोरी करने तथा घरों में चोरी करने की 14 वारदातों को अन्जाम देने वाले दो बंगलादेशी आरोपियों को अपराध शाखा डीएलएफ. फेस-4 गुरुग्राम की पुलिस टीम ने काबू किया है। आरोपित यहां पर अवैध रूप से रह रहे थे। बीती नौ मई को जिला नूंह के गांव जफराबाद निवासी साहिर हुसैन ने सदर थाना पुलिस में शिकायत दी थी कि उसे नगर निगम गुरुग्राम में तीन ट्रैक्टर कांट्रेक्ट पर ट्रेक्टर खड़े किये थे। दूसरे दिन उसने अपने ट्रैक्टरों को देखा तो उनकी बैट्री गायब मिली। इस मामले में अपराध शाखा डीएलएफ. फेस-4 की पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुये ट्रैक्टरों से बैट्री चोरी करने की वारदात को अन्जाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान बंगलादेश के जिला जैसोर थाना अभयनगर के गांव फुलथाना निवासी मोहम्मद रोशन उर्फ राजु मुल्ला पुत्र मामराज मुल्ला और बंगलादेश के जिला जैलकोठी थाना राजापुर के अंतर्गत गांव नैलाठी निवासी मोहम्मद रबी हवलाधर पुत्र मोहम्मद इनायत हलवाधर के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने उन्हें हिरासत में लेने के बाद जब पूछताछ की तो उनके पास पासपोर्ट व वीजा नहीं मिला। दोनों अवैध रूप से यहां रह रहे थे। आरोपितों ने बताया कि वे घरों में चोरी व एकांत जगहों पर खड़ी गाड़ियों से बैट्रियां व अन्य सामान चोरी करने की कुल 14 वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। चोरी किए हुए सामान को वे राह चलते व्यक्तियों को बेच देते थे।



- वाहनों से बैट्री व घरों में करते थे चोरी

## प्राइवेट स्कूलों की मनमानी का मामला

# सीबीएसई को मय सूबत सूचना उपलब्ध कराने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

केंद्रीय सूचना आयोग ने सीबीएसई को आदेश दिया है कि वह शिक्षा के व्यवसायीकरण के मामले में अभिभावक एकता मंच द्वारा मांगी गई जानकारी ठीक प्रकार से मय सबूतों के प्रदान करें। आदेश मंच की ओर से प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा द्वारा केंद्रीय सूचना आयोग नई दिल्ली में दायर की द्वितीय अपील पर 28 अक्टूबर को दिया गया है। प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने बताया कि उन्होंने 28 जुलाई 2018 को सीबीएसई के जन सूचना अधिकारी के पास आरटीआई लगाकर 6 पॉइंट में कुछ जानकारी व सूचना मांगी थी जिसमें सीबीएसई के स्कूलों में स्कूल प्रबंधक ट्यूशन फीस के अलावा किन-किन फंडों व मदों में फीस अभिभावकों से ले सकते हैं। उन फंडों, मदो के नाम बताएं जाएं। स्कूल प्रबंधक ट्यूशन फीस व फंडों में वृद्धि करने से पहले सीबीएसई से अनुमति लेते हैं या नहीं। स्कूलों में अभिभावक एसोसिएशन होना जरूरी है। यदि जरूरी है तो सीबीएसई के नियमों के तहत अभिभावक एसोसिएशन का चुनाव करने के लिए क्या नियम है क्या प्रक्रिया अपनानी चाहिए। सीबीएसई नियमों के तहत स्कूल प्रबंधक अभिभावकों से ली जाने वाली फीस का इस्तेमाल किस किस मदों में खर्च कर सकते हैं। व्यय में किन-किन चीजों व मदो में कानूनन खर्चा दिखा सकते हैं। स्कूलों को मान्यता नर्सरी एकेजी कक्षा से मिलती है या कक्षा एक से। सीबीएसई ने मांगी गई जानकारी अधूरी व गोलमोल दी। जिससे असहमति जाहिर करते हुए केंद्रीय सूचना आयोग सीआईसी में 14 दिसंबर 2018 को द्वितीय अपील दायर की गई। जिस पर 24 अक्टूबर को सुनवाई हुई। सीआईसी ने दोनों पक्ष सुनने के बाद 28 अक्टूबर को फैसला सुनाते हुए सीबीएसई को आदेश दिया कि वह आवेदक को मांगी गई जानकारी ठीक प्रकार से मय सबूतों के 10 दिन के अंदर प्रदान करें ।



# पटेल जयंती पर होगी रन फॉर यूनिटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस दिन सुबह रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा जिसमें पुलिस व प्रशासन के सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, खिलाड़ी, विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट व शहरवासी तथा नगर निगम व पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि भागीदारी करेंगे। दौड़ के बाद राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जाएगी। यह जानकारी आज बुधवार को मुख्यमंत्री के स्पेशल ऑफिसर ओपी सिंह ने चंडीगढ़ से विडियो कान्फ्रेंस बैठक के माध्यम से दी। उन्होंने इस बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस के भव्य आयोजन को लेकर तैयारियों के बारे में जानकारी ली। इस बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने जिला में राष्ट्रीय एकता दिवस की तैयारियों की जानकारी मुख्यमंत्री के स्पेशल ऑफिसर को देते हुए बताया कि रन फॉर यूनिटी की दौड़ 31अक्तूबर को खेल परिसर सैक्टर.12 से सुबह 7 बजे शुरू की जाएगी। यहां से शुरू होकर यह दौड़ सैक्टर.12, सैक्टर.15 के डिवाइडिगं रोड़, डीसी कॉलोनी, सैक्टर.15 मार्केट, गीता मन्दिर होती हुई वापिस सैक्टर-12 के खेल परिसर में पहुंचेगी। रन फॉर यूनिटी के लिए स्टेडियम में अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों के अलावा 11वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट व शहरवासी तथा जनप्रतिनिधि भी भागीदारी करेंगे।

# एसआरएस ग्रुप के अनिल जिंदल का भाई विनोद बेंगलुरु से धरा

**फरीदाबाद**। एसआरएस ग्रुप के चेयरमैन अनिल जिन्दल के भाई विनोद जिन्दल को आर्थिक अपराध शाखा, फरीदाबाद द्वारा व्हाईटफील्ड सोसायटी बंगलौर स्थित उसके वर्तमान निवास स्थान से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेने के पश्चात एक दो दिनों में फरीदाबाद लेकर आने की संभावना है। पता चला है कि उक्त गिरफ्तारी स्टेट बैंक ऑफ इन्डिया की शिकायत पर दर्ज एफआईआर नंबर 440/2018 में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एंड केनरा बैंक के साथ किये गए सैंकड़ों करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के संबंध में की गई है। उक्त मामला एसआरएस रॉयल हिल्स प्रोजेक्ट के लगभग 1200 फ्लैटों से संबंधित है। यहां बता दें कि हजारों करोड रुपए के धोखाधड़ी के मामले में अनिल सहित कई लोग नीमका जेल में बंद हैं इसी मामले में पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने अनिल जिंदल के भाई विनोद जिंदल को अरेस्ट करने में कामयाबी हासिल की है।



## सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों को कर रही प्रोत्साहित

# 'खेलों में युवाओं के लिए अपार संभावनाएं'

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम


गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) द्वारा आयोजित बारहवीं खेल प्रतियोगिता में ताऊ देवीलाल स्टेडियम में द्वित्तिय कबड्डी खेल प्रतियोगिता शुरु हुई। जिसमें जिले की शिक्षण संस्थानों सहित क्लब की 69 टीमें प्रतिभागिता कर रही हैं। अंडर-16 व 19 वर्ग की प्रतियोगिता का शुभारंभ जीएमडीए के चीफ इंजीनियर (इंफ्रा-1) जितेंद्र मित्तल ने किया। उनके साथ केसी शर्मा, अमित राठी, मुकेश राव, जीसी यादव व कबड्डी के मुख्य प्रशिक्षक श्रीपाल व स्डेडियम के अन्य प्रशिक्षक राजेन्द्र कुमार, विजय पाल व संजय सहित शामिल रहे। इस मौके पर मित्तल ने कहा कि वर्तमान में खेल के क्षेत्र में युवाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार, केंद्र सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्हें सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया जा रहा है। वहीं अंर्तराष्ट्रीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिता के पदक विजेता को करोड़ों का नकद पुरस्कार देकर उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। युवाओं को खेल के प्रति किसी संसाधन का अभाव ना हो इसके लिए जीएमडीए खिलाड़ियों के लिए आधुनिक खेल सुविधा प्रदान करने के लिए भरसक प्रयासरत है। इस अवसर पर स्टेडियम के प्रबंधक सुखबीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2018 में जीएमडीए द्वारा सात खेलों में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस वर्ष की पांचवी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को नगद राशि खिलाड़ियों के खाते में डाली जाएगी। अंडर-19 के पहले राउंड में सेक्टर पांच कॉलेज की टीम ने डीएसडी कॉलेज की टीम को 16-11 से हराया। वहीं बुढेड़ा की टीम ने वजीराबाद को 17-12, नाहरपुर हर्ष की टीम ने हैप्पी मॉडल की टीम को 19-17 व ताऊ देवीलाल स्टेडियम की टीम ने सुल्तानपुर की टीम को 15-9 से हराया। दूसरे राउंड में सेक्टर पांच की टीम ने बुढ़ेड़ा की टीम को 15-9, यदुवंशी स्कूल ने आरबीएसएम भौंडसी को 18-7, ताऊ देवीलाल स्टेडियम की टीम ने नाहरपुर वैरियर्स को 24-15 व ताऊ देवीलाल स्टेडियम की बुढ़ेरा की टीम को 23-10 से हराया।



## खबर संक्षेप

### बड़े भाई के हत्यारे को उम्रकैद और जुर्माना

**जींद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलजीत सिंह की अदालत ने बड़े भाई की हत्या करने के जुर्म में छोटे भाई को उम्रकैद तथा 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।



जुर्माना न भरने की सूरत में दोषी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव करसोला निवासी दर्शन ने चार जुलाई 2018 को जुलाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका चचेरा भाई बारू की शराब के नशे में उसके छोटे भाई सुरेंद्र उर्फ संजय से कहासुनी हो गई थी। जिस पर गुस्साए सुरेंद्र ने बारू के सिर में डंडा दे मारा। जिसमें बारू घायल हो गया था। बाद में बारू अपनी चारपाई पर जाकर लेट गया। अगली सुबह बारू चारपाई पर मृत पाया गया और काफी मात्रा में उसका खून बहा हुआ था। बताया जाता है कि मृतक बारू शराबी प्रवृति का था। उसकी पत्नी भी वर्ष 2009 में उसे छोड़कर चली गई थी। शराबी प्रवृति के चलते अक्सर अपने भाई सुरेंद्र उर्फ संजय के साथ झगड़ता रहता था। घटना वाली रात भी दोनों भाईयों में झगड़ा हुआ था। जुलाना थाना पुलिस ने दर्शन की शिकायत पर सुरेंद्र उर्फ संजय के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलजीत सिंह की अदालत ने सुरेंद्र उर्फ संजय को उम्रकैद तथा 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### जगाधरी जेल के बाथरुम से मिला मोबाइल फोन

**यमुनानगर।** जिला जगाधरी जेल के ब्लॉक नंबर चार के कमरा नंबर एक के बाथरुम से चैकिंग के दौरान एक मोबाइल फोन मिला है। जेल उपाधीक्षक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 42ए परिजन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी।

### पैर फिसलकर डूबने से हुई युवक की मौत

**रादौर।** आवर्धन नहर में पूजा की सामग्री डालने गए युवक की पैर फिसलकर डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का शव नहर से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव नागल निवासी 28 वर्षीय प्रदीप शर्मा गांव व क्षेत्र में पंडिताई का काम करता था। वह आवर्धन नहर में नागल पुल के पास पूजा की सामग्री डालने गया था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नहर में डूब गया। गांव के लोगों ने उसकी नहर में तलाश की। काफी देर के बाद प्रदीप शर्मा का शव ठसका पावर प्लांट से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और कार्रवाई शुरू कर दी।

### पराली जलाने के मामले में 20 के किए चालान

**बराड़ा।** धान की फसल के अवशेषों को जलाने पर क्षेत्र के 13 गांवों के 20 किसानों को विभाग ने जुर्माना किया है। खंड कृषि अधिकारी डॉ. रोशन लाल व कृषि विकास अधिकारी डॉ. सुखबीर सिंह नरवाल ने बताया कि विभाग की ओर से किसानों को फसलों के अवशेष जलाने के जुर्म में किसानों को जुर्माना किया गया है। उन्होंने बताया कि जुर्माने के रूप में विभाग ने किसानों से 50 हजार रुपये एकत्रित किए है।

### नशा तस्कर काबू, 12.5 ग्राम स्मैक बरामद

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस के एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा शाम के समय गांव हाबड़ी क्षेत्र से एक नशा तस्कर काबू किया गया है, जिसके कब्जे से साढ़े 12 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी 30 अक्टूबर को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स की गश्त दौरान कन्या हाई स्कूल सांच रोड हाबड़ी पहुंची। पुलिस को गुप्त जानकारी मिली कि चरणजीत स्मैक बेचने व पीने का आदी है, जो इस समय सांच रोड़ हाबड़ी स्थित डेरे के पास स्मैक बेच रहा है। पुलिस ने चरणजीत सिंह को उसके मकान के गेट पर काबू कर लिया।

# मंत्रियों के लिए तैयार हो रहे दफ्तर

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल पहले की तरह चौथे फ्लोर पर ही बैठेंगे

■ उपमुख्यमंत्री चौटाला को पांचवें फ्लोर पर कार्यालय अलॉट किया गया

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़



हरियाणा सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार के बाद मंत्री बनने वाले माननीयों को सचिवालय में दिए जाने वाले दफ्तरों को सजाने का काम तेजी से चल रहा है। हालांकि सचिवालय में कुछ ऑफिसों को सजाया जा चुका है। इसके अलावा सूबे के डिप्टी सीएम और जजपा नेता दुष्यंत चौटाला को पांचवे तल पर आफिस अलाट कर दिया गया है। डिप्टी सीएम के आफिस के साथ-साथ उनके स्टाफ के बैठने की व्यवस्था भी कर दी गई है।

पांचवे फ्लोर पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को 40 नंबर रूम दिया गया है। इसके अलावा 8 वें फ्लोर को भी पूरी तरह से तैयार किया जा रहा है, क्योंकि यहां सबसे ज्यादा मंत्रियों के आफिस हैं। पूर्व शिक्षा मंत्री व पूर्व विधायक प्रो. रामबिलास शर्मा, पूर्व मंत्री रहे राव नरबीर जिन्हें इस बार भाजपा ने टिकट नहीं दिया, दोनों के आफिस से नेम प्लेट हटाकर एक बार फिर इन्हें तैयार कर दिया गया है। इसी फ्लोर पर डीपीआर आफिस और मीडिया सेंटर से सटे आफिस में पूर्व परिवहन मंत्री कृष्ण पंवार और कमल गुप्ता को भी आफिस दिया गया था। पंवार चुनाव में मात खा गए जबकि कमल गुप्ता एक बार फिर से जीतकर आए हैं। इसी फ्लोर पर वरिष्ठ नेता और छावनी से हैट्रिक मारकर आने वाले अनिल विज का आफिस और स्टाफ के बैठने वाला कमरा पूरी तरह से तैयार है। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर और मंत्री रहीं कविता जैन दोनों की प्लेट हटाकर अब डेंट पेंट कर उनहें नए चेहरों के लिए तैयार कर दिया गया है। सभी कमरों में फर्नीचर, डेंट पेंट किया गया है। पूर्व मंत्री करण देव कंबोज का कमरा भी 8वें फ्लोर पर था, अब यहां पर भी नए चेहरे की इंतजार है। वे काफी कम अंतर से सीट बदल दिए जाने के कारण चुनाव हार गए हैं। मीडिया एडवाजइर के लिए कमरे के अलावा पूर्व मंत्री रहे डा. बनवारी लाल को भी इसी तल पर कमरा दिया गया था, उसे भी तैयार कर दिया गया है। इसी तरह से छठे फ्लोर पर भी कुछ मंत्रियों को आफिस दिया जाता है, जहां पर काम जारी है।

### चौथे फ्लोर पर भी बदलाव की बयार

हरियाणा सचिवालय के चौथे फ्लोर पर मुख्यमंत्री मनोहरलाल खुद बैठते हैं। इसी फ्लोर पर कुछ ओएसडी व सीएमओ के प्रधान सचिव, मुख्य सचिव आदि के कमरे बने हुए हैं। इन कमरों में भी बदला चल रहा है। सातवें फ्लोर पर भी कुछ आफिसों में टूट फूट का काम चल रहा है। आचार संहिता के दौरान सचिवालय में अघोषित कर्फ्यू जैसा माहौल होता है। इस दौरान यह काम करने का सबसे बेहतर समय होता है, इसीलिए लिफ्ट और कई तरह के काम राज्य सचिवालय के मेंटीनेंस स्टाफ ने निपटा लिए हैं।

### राजभवन में मंत्रियों की शपथ के लिए भी चल रही तैयारी

राज्य के सीएम मनोहरलाल और डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला द्वारा दीपावली के दिन शपथ लिए जाने के बाद में अभी मंत्रीमंडल के गठन का काम बाकी है। तमाम नामों और जातिगत गणित को लेकर सियासी गलियारों में गर्मागर्म बहस छिड़ी हुई इस बीच राजभवन को एक अन्य शपथ ग्रहण समारोह के लिए तैयार किया जा रहा है। इस बार तमाम मेहमानों को कोई दिक्कत नहीं हो और बिना प्रवेश पास के कोई एंट्री नहीं होगी जिसके लिए खास तैयारी की जा रही है। दीपावली के रोज शपथ ग्रहण के दौरान अव्यवस्था के कारण काफी देर तक हंगामेबाजी व शोरगुल हुआ था। इस बार राजभवन प्रशासन व सीएम नहीं चाहते कि किसी भी तरह की कोई अव्यवस्था हो।



### प्रोटम स्पीकर नए विधायकों को गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे

हरियाणा की विधानसभा में भी खास पिछले कई दिनों से खास तैयारी चल रही है। यहां पर नए माननीयों को शपथ दिलाए जाने का कार्यक्रम चार नवंबर को तय हो गया है। इसके लिए दोपहर दो बजे का समय भी निर्धारित किया गया है। हरियाणा विधानसभा में स्पीकर चुने जाने तक प्रोटम स्पीकर नए विधायकों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। उस दिन 90 के 90 माननीय शपथ लेंगे। जिसके बाद में मंत्रिमंडल के विस्तार का कार्यक्रम भी लगभग तय है। उधर, पूर्व मंत्रियों द्वारा कोठियां खाली करने का सिलसिला चल रहा है, नए बनने वाले संभावित लोगों ने अभी से कोठियों को देखने की शुरुआत कर दी है। कई भारी भरकम चेहरों और पुराने सियासी दिग्गजों ने राजधानी चंडीगढ़ में कोठियों पर नजरें लगायी हुई हैं। खासतौर पर डिप्टी सीएम व उनके सलाहकारों के साथ-साथ भाजपा की ओर से भी कुछ लोगों द्वारा पूर्व मंत्रियों की कोठियों को लेकर भी काम चल रहा है।

# कांग्रेस मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएगी

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष सैलजा की प्रेस कांफ्रेंस



**हिसार।** पत्रकारों से बातचीत करती कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

■ सैलजा ने कहा, जल्द शुरू होगा सदस्यता अभियान, करवाए जाएंगे संगठन के चुनाव

कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा है कि पार्टी प्रदेश में मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएगी। पार्टी सदन के अंदर, बाहर और सड़कों पर जनता के मुद्दों को लेकर अपनी आवाज मजबूत तरीके से बुलंद करेगी।

कुमारी सैलजा बुधवार को पत्रकारों से बात कर रही थीं। उन्होंने भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह दोनों परस्पर विरोधी पार्टियों का गठजोड़ है। इतिहास गवाह है कि जब भी इस तरह के बेमेल गठबंधन हुए हैं, वो अधिक कारगर साबित नहीं हुए। जनता ने हमेशा एसे गठबंधनों को नकारा है। अब यह देखना होगा कि दोनों पार्टियां जनता से किए गए वायदों पर किस तरह अमल कर पाती हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रदेश में कांग्रेस का सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा और संगठन के चुनाव भी करवाए जाएंगे। पार्टी में जनता के मुद्दे उठाने वाले और जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं को तरजीह दी जाएगी। इस मौके पर असंध विधायक शेर सिंह गोगी, साढौरा विधायक रेणू बाला, कालका विधायक प्रदीप चौधरी, पूर्व सीपीएस रामकिशन गुर्जर, बजरंग गर्ग सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता और अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## चुनाव के बाद पहला प्रशासनिक फेरबदल, पांच अधिकारी बदले

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

विधानसभा चुनावों के बाद व सरकार के गठन के बाद में सरकार ने पांच अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। जिसमें साहिल गुप्ता आईएएस अधिकारी को समालखा में तैनात किया है। वे अमरदीप के स्थान पर भेजे गए हैं। इसी तरह से दूसरे आईएएस अफसर स्वनिल रविंद्र पाटिल नियुक्ति की प्रतीक्षा में थे, जिन्हें अश्विनी कुमार के स्थान पर गन्नौर बतौर एसडीएम भेजा गया है। इसी क्रम में विश्राम कुमार मीना को महेंद्रगढ़ को मनीश कुमार फोगाट एचसीएस के स्थान पर भेजा गया है। अमरदीप जैन को सोनीपत में सीईओ सोनीपत जिला परिषद सीईओ डीआरडीए तैनात किया गया है। मनीश कुमार फोगाट को भिवानी में यही प्रभार दिए गए हैं। मंत्री मंडल विस्तार के बाद फिर से तबादले होने के आसार भी है।

# संगरूर: टीचरों ने शिक्षामंत्री के आवास पर प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ संगरूर

■ बेरोजगार अध्यापकों ने खून के दीये जलाकर पानी की टंकी के ऊपर ही रात गुजारी काली

रोजगार की मांग को लेकर बेरोजगार ईटीटी टेट पास अध्यापकों ने शिक्षामंत्री विजय इंदर सिंगला के निवास के सामने खून के दीये जलाकर दिवाली मनाई। एक तरफ सभी लोग घरों में दीपमाला कर तेल के दीये जला रहे थे। वहीं बेरोजगार अध्यापकों ने खून के दीये जलाकर पानी की टंकी के ऊपर ही रात गुजारी काली। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि खून पीने वाली सरकार बेरोजगार अध्यापकों का खून चूस रही है। खुद का खून निकालकर शिक्षामंत्री के आवास के सामने खून के दीये जलाने को मजबूर हुए हैं। ईटीटी टेट पास बेरोजगार अध्यापक यूनियन के राज्य प्रधान दीपक कंबोज ने कहा है कि यूनियन सरकार के साथ कई बार बैठक कर अपनी मांगों संबंधी अवगत करवा चुकी है। सरकार नए-नए फरमान जारी कर रोजगार विरोधी नीतियों को बेरोजगार अध्यापकों को नौकरी देने से भाग रही है।

### आईबीटी ने 5 विद्यार्थियों को सरकारी नौकरी मिलने पर किया सम्मानित

**अमृतसर।** रानी का बाग स्टेट के सामने स्थित सरकारी नौकरियों की तरफ ले जाने वाली संस्था ने इतिहास रचते हुए 5 विद्यार्थियों ने एसबीआई में नौकरी हासिल की है और एक विद्यार्थी ने बैंक ऑफ बड़ोदा में नौकरी हासिल की है। कोमल, तवलीन, अभिषेक और अपरा को भारत के सबसे बड़े बैंक एसबीआई में ऑफिसर नौकरी मिली है और भवनीश को बैंक ऑफ बड़ोदा में ऑफिसर की नौकरी मिली है। आईबीटी के निदेशक राजेश अरोड़ा और साहिल नैयर और मैडम शिखा ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि इस मुकाम को हासिल करने में उनके अध्यापकों का और मैनेजमेंट टीम का सबसे बड़ा योगदान रहा है। दिल्ली से आए अनुभवी खास तकनीकों की सहायता से तैयारी करवाते हैं, जिसकी मदद से अध्यापक कम समय में ज्यादा प्रश्न हल कर पाते हैं। आईबीटी के विद्यार्थी को हर सरकारी परीक्षा का मैटीरियल भी दिया जाता है।

### पंजाब: रेलवे अधिकारी के घर में चोरी करने वाली महिला समेत 3 पकड़े

**अमृतसर।** थाना सिविल लाइन की पुलिस ने रेलवे के एसएसई के घर चोरी करने सहित 4 मामलों को सुलझाते हुए महिला सहित 4 लोगों को काबू किया है। इनके कब्जे से पुलिस की ओर से 330 अमेरिकन डॉलर, सोने-चांदी के आभूषण, मोबाइल फोन और वारदात के लिए इस्तेमाल किया गया मोटरसाइकिल बरामद कर लिया गया है, जबकि इनके 2 अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थाना सिविल लाइन के प्रभारी शिवदर्शन सिंह ने बताया कि रेलवे कॉलोनी में रहने वाले एसएसई आलोक कुमार के घर में 2-3 सितंबर की रात चोरों ने घर में घुसकर चोरी की थी। इनका साथ एक महिला ने दिया, जिसने अपने घर पर चोरी का सामान रखा था। चौकी सर्किट हाउस के एएसआई ने सन्नी उर्फ सोमी को गिरफ्तार किया तो पूछताछ में उसके साथी विशाल उर्फ शाली के घर छापेमारी करके उसकी मां मीना को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 330 अमेरिकी डॉलर बरामद किए गए हैं।

# अमरजीत ने आईईएस परीक्षा में पाया देशभर में तीसरा रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



■ अमरजीत ओएनजीसी में कार्यरत, जींद आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा

शर्मा नगर निवासी रामकुमार के बेटे अमरजीत ने यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) की इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस (आईईएस) परीक्षा में पूरे देश में तीसरा रैंक हासिल किया है। उन्होंने यह मुकाम हासिल कर जींद क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे हरियाणा का नाम भारतवर्ष में चमका निदया है। अमरजीत की इस कामयाबी पर परिवार में खुशी की लहर है। अमरजीत ने बीटैक की पढ़ाई नैशनल इंस्टीटयूट ऑफ टैक्नॉलजी कुरुक्षेत्र से सिविल इंजीनियरिंग में की। फिलहाल अमरजीत ओएनजीसी ऑयल एंड नैचुरल गैस कंपनी में मैटिरियल मैनेजमेंट ऑफिसर के तौर पर कार्यरत हैं और सूरत में तैनात हैं। उन्होंने दसवीं तक की पढ़ाई नव दुर्गा स्कूल से व 12वीं की पढ़ाई मोतीलाल स्कूल से की है। अमरजीत की इस उपलब्धि पर उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। पिता रामकुमार ने बताया कि उन्होंने शुरू से ही अपने बेटे की शिक्षा-दीक्षा पर विशेष ध्यान दिया। अमरजीत ने भी शिक्षा क्षेत्र में खूब मेहनत की और उसी के बल पर आज यह बेहतरीन मुकाम हासिल किया है। अमरजीत की यह उपलब्धि संपूर्ण जींद क्षेत्र को समर्पित है। वहीं माता संतोष देवी भी अपने बेटे की इस उपलब्धि पर काफी खुश हैं तथा वह अपने बेटे को बहुत ऊंचे मुकाम पर देखना चाहती हैं।

# 225 आईएनए सेनानियों का रिकॉर्ड सरकार को भेजा, नहीं मिला सम्मान

## रेवाड़ी के श्रीभगवान फौगाट पिछले आठ साल से बहादुरों को लिए लड़ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

■ प्रशासन से नहीं मिल रहा सहयोग

भारत को आजादी मिले 70 साल से अधिक समय बीत चुका है। नेताजी सुभाष चंद बोस की अगवाई में आजाद हिंद फौज (आईएनए) का आजादी की लड़ाई में अहम योगदान रहा, परंतु आजादी के बाद आईएनए के सिपाहियों को वह सम्मान नहीं मिल पाया, जिसके वे हकदार थे। श्रीभगवान फौगाट अपने परिवार का पालन-पोषण करने के साथ पिछले करीब 8 वर्षों से आजाद हिंद फौज के सिपाहियों व परिवारों को सम्मान दिलवाने के लिए पिछले कई वर्षों से लगे हुए हैं। जिसके तहत अब तक गुमनानी के अंधेरे में खोए 225 से अधिक सिपाहियों का रिकार्ड खोजकर अगल-अगल माध्यमों से सरकार के पास भेज चुके हैं। सरकार के पास भेजी गई सूची में शामिल आजादी के सिपाहियों को सम्मान देने तथा अब भी लापता सिपाहियों का रिकार्ड खोजने में मदद के लिए अब तक दो दर्जन पत्र सरकार व विभिन्न जिलों के डीसी को भेजे जा चुके हैं, परंतु अभी तक न तो किसी परिवार को सम्मान मिला तथा न ही गुमनाम आजादी के सिपाहियों का रिकार्ड खोजने में मदद। आजाद हिंद फौज के परिवारों के प्रति सिस्टम द्वारा दिखाई जा रही उदासीनता के बावजूद श्री भगवान फौगाट हार मानने को तैयार नहीं है तथा उन्होंने एक बार फिर हरिभूमि के सामने अब तक तलाश किए गए आजाद हिंद फौज के सिपाहियों के परिवारों को सम्मान मिलने तथा लापता की तलाश होने तक अपने इस अभियान को जारी रखने का संकल्प दोहराया।

### 40 जीवित सिपाहियों को भी खोज निकाला

श्रीभगवान का कहना है कि आईएनए की जांबाजों की खोज के दौरान उसे जिंदा लौटे 40 सैनिकों का रिकार्ड भी मिला था। जिनके नाम रिकार्ड के अनुसार द्वितीय विश्वयुद्ध के जिलों के अनुसार संबंधित जिला अधिकारियों व सरकार को भेज दिया गया था। जिनमें मुख्य रूप से हिसार, महेंद्रगढ, करनाल, गुरुग्राम, जींद, रोहतक व सोनीपत का नाम लिया जा सकता है।

**954 होने का दावा:** श्री भगवान फौगाट ने दावा किया कि रक्षा मंत्रालय तोपखाना रिकार्ड में 954 ऐसे सिपाही या शहीदों के नाम दर्ज हैं, जो अंग्रेजी सेना छोड़कर आजाद हिंद फौज में शामिल हुए थे। सांस्कृतिक मंत्रालय ने ऐसे जवानों की संख्या 1458 से ज्यादा बताई है।

**सहयोग नहीं मिल रहा:** श्रीभगवान फौगाट ने कहा कि सिस्टम में बैठे अधिकारी पहचान के बाद भी दांवपेंच लगाकर आजाद हिंद फौज के सिपाहियों के आश्रितों को सम्मान से दूर रखने के लिए प्रयासरत रहते हैं। जिनमें पंजाब रेजीमेंट से कनीना निवासी हरफूल सिंह, हिसार के गांव राजली निवासी हरका राम, दादरी के रानीला निवासी बदलू राम, जींद के सफीदों निवासी रलदू राम, फतेहाबाद के जांडली निवासी लालजी राम का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है।

**कुछ सेनानियों के नाम**

| नाम | गांव | जिला |
| --- | --- | --- |
| गंगाराम | सरपुरा खुर्द | हिसार |
| रिछपाल | देवास | हिसार |
| रामस्वरूप | चौधरीवास | हिसार |
| रामकरण | रोलोवास | हिसार |
| उदमीराम | शेखपुरा | हिसार |
| बुधराम | कुम्हारिया | हिसार |
| पूर्ण सिंह | मंडोली | हिसार |
| कौर सिंह | तानापुरा | हिसार |
| भयेराम | बरसाना | जींद |
| मोजी राम | खरार | जींद |
| पोल्हूराम | मिचारी | जींद |
| लालचंद | सिरसा खेड़ी | जींद |
| मुंशीराम | समन | रोहतक |
| शीशराम | सुडाना | रोहतक |
| मेहर सिंह | बरोना | रोहतक |
| गोधा | छारा | रोहतक |
| मक्खन राम | जांटी | रोहतक |
| प्रेम सिंह | खेड़ी खुमार | रोहतक |
| गोकुल राम | बावा | रोहतक |
| प्यारेलाल | रानीला | दादरी |
| गोरधन | बहाडोली | रोहतक |
| चतर सिंह | नूना माजरा | रोहतक |
| मांगेराम | कंटेसरा | रोहतक |
| श्रीचंद | जाजारी | रोहतक |
| साधुराम | अलोहका | गुरुग्राम |
| सिमरूराम | बोर | गुरुग्राम |
| बालाराम | सुल्तापुर | गुरुग्राम |

### पटियाला में ब्याज के पैसों के लिए आत्मदाह की धमकी दी

■ पड़ोसन बोली-पेट्रोल मेरी स्कूटी से ले ले, गुस्से में लगा ली आग

**पटियाला।** पटियाला में एक पड़ोसी महिला ने ब्याज पर लिए रुपए लौटाने से इनकार कर दिया तो पैसे देने वाले ने खुद को आग लगा लेने की धमकी दे डाली। उसने आग लगा भी ली। पता चलने के बाद परिवार ने एंबुलेंस को बुला पीड़ित को राजिंदरा अस्पताल में दाखिल करवाया, लेकिन वहां से उसे पीजीआईएमएस रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि जब उसने आत्मदाह की धमकी दी तो पड़ोसन ने उसकी स्कूटी से जेल निकालकर आग लगा लेने की बात कह डाली। मामला पटियाला के पुराना बिशन नगर इलाके का है। अस्पताल में भर्ती अरविंद उर्फ गागी ने बताया कि उसने लॉटरी डालने का काम कर रही पड़ोस की महिला को करीब 45 हजार रुपए ब्याज पर दिए थे। कुछ पैसे किसी अन्य व्यक्ति से भी ब्याज पर दिलवाए थे और वह व्यक्ति उससे ब्याज की मांग करता था, लेकिन महिला पैसे लेने के बावजूद न तो पैसे वापस कर रही थी और न ही ब्याज दे रही थी।

कार्यालय प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सिधरावली, जिला गुरुग्राम

... 02.11.2019 तक अवश्य पहुंच जानी चाहिएं।
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय सिधरावली,
जिला गुरुग्राम

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
(धारा 82 Cr.P.C. देखिये)
... 173/18 Dt. 05.09.2018 धारा 279/304A ...
... दिनांक 18.01.2020 ...
आदेशानुसार
महानगर दंडाधिकारी,
नई दिल्ली
DP/8478/WD/19

गुमशुदा व्यक्ति की तलाश



... DD No. 20A दिनांक 14.10.2019 ...
... ई-मेल: cic@cbi.gov.in ... http://cbi.nic.in ...
फोन नं. 011-24368638, 24368641
फैक्स नं. 011-24368639
DP/721/ON/19
फोन: 011-27821047, 27822207

## खबर संक्षेप

### चिन्मयानंद की बेल रिट पर सुनवाई आठ नवंबर को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सहारनपुर की विधि की छात्रा के कथित यौन उत्पीड़न मामले में स्वामी चिन्मयानंद की बेल अर्जी पर सुनवाई के लिए आठ नवंबर की तारीख बुधवार को तय की। स्वामी की बेल रिट पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी ने जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए 8 नवंबर की तिथि तय की। सुनवाई के दौरान वादी के वकील को 4 नवंबर तक हलफनामा दाखिल करने, 7 नवंबर तक इसका 'रिज्वाइंडर' दाखिल करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि 5 करोड़ रुपये की फिरौती मांगने के मामले में पीड़िता की जमानत की अर्जी पर सुनवाई के लिए अदालत की दूसरी पीठ ने 6 नवंबर की तारीख तय की है।

### झारखंड में सरकार बनी तो किसानों का कर्ज करेंगे माफः कांग्रेस

**रांची।** रांची के विधानसभा मैदान में कांग्रेस की जनाक्रोश रैली शुरू हो गई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर उरांव ने जन आक्रोश रैली में वादों की झड़ी लगा दी है। कहा कि गठबंधन की सरकार बनी तो किसानों का कर्ज माफ करेंगे। छह माह में सभी रिक्त पदों को भरेंगे। उन्होंने भ्रष्टाचार रहित शासन का वादा किया। कहा कि रघुवर सरकार के प्रति आदिवासियों में आक्रोश है। रैली में सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि जनता ने पांच वर्षों में झूठ और फरेब की सरकार को देखा है।


### काशीः फॉरेंसिक टीम ने मौके पर की जांच पड़ताल

# परिवार के चार लोगों ने दी जान, सुसाइड नोट बरामद

एजेंसी ⏭ वाराणसी

शहर में मोमो की दुकान चला कर परिवार का पालन-पोषण करने वाले हुकुलगंज निवासी किशन गुप्ता (32) ने बुधवार की दोपहर गर्भवती पत्नी नीलम (28) व दो बच्चों सहित फांसी के फंदे पर लटकर कर जान दे दी। किशन, पत्नी ने खुद की जान फांसी लगा कर दी वहीं बाकी बच्चों द्वारा जहर खाकर जान देने की घटना से क्षेत्र में सनसनी है। हृदय विदारक घटना को सुनकर हुकुलगंज में जनसैलाब उमड़ पड़ा। जानकारी होने के बाद मौके पर मंडलायुक्त, एसएसपी, एसपी सिटी, एडीएम सिटी सहित अन्य अधिकारी पहुंचे थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची व जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार मौके पर मिले सुसाइड नोट में लिखा है कि 'बीमारी से तंग आकर आत्महत्या कर रहा हूं'। हालांकि पुलिस आत्महत्या के अन्य पहलुओं की भी पड़ताल कर रही है। दोनों बच्चों के शव बेड पर मिले हैं वहीं पति पत्नी का शव फंदे के सहारे लटकता मिला है। मौके पर साक्ष्य संकलन के लिए फॉरेंसिक टीम पहुंची, आवश्यक जांच पड़ताल भी की। वहीं पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

- सुसाइड नोट में लिखा है बीमारी से तंग आकर कर रहा हूं' आत्महत्या
- पति, पत्नी ने खुद की जान फांसी लगा कर दी
- बच्चों द्वारा जहर खाकर जान देने की बात सामने आई है
- पुलिस आत्महत्या के अन्य पहलुओं की भी पड़ताल कर रही



### आर्थिक तंगी भी बनी वजह

परिवार में चार लोगों की मौत के बाद हड़कंप मच गया, वहीं पिता अमरनाथ गुप्ता के अनुसार दुकान का किराया आदि यही बेटा लेता था। छोटी बहन की शादी में बहुत कर्जा हो गया था, सप्ताह भर से किशन बहुत परेशान था। भाई का कहना है किशन पर बहुत कर्ज था, इससे वह काफी समय से परेशान था। वहीं तीन भाई, दो बहनों में किशन परिवार में सबसे बड़ा था। इस तरह अचानक बिना परिवार में किसी चर्चा के पूरे परिवार सहित जान देने की घटना के बाद से ही परिवार में मातम की स्थिति है।

### ऐसे हुई हादसे की जानकारी

पिता के अनुसार किशन ने सुबह 10 बजे मकान के ऊपर स्थित कमरे से मां को फोन करके दाल चावल बनाने को कहा था। 12 बजे छोटा भाई प्रकाश खाने के लिए बुलाने गया तो कमरे के अंदर का हाल देखकर चिल्लाया। इसके बाद सभी को जानकारी हो सकी। पिता के अनुसार बहन पूजा की शादी करीब एक वर्ष पूर्व हुई थी जिसमें 10 लाख रुपया का कर्ज हो गया था। पिता ने कहा कि उसकी दो बिस्वा जमीन बेच कर कर्ज भर दे, टेंशन मत ले। कर्जसगे संबंधियों से ही लिया था।

# योगी ने की मुलायम से मुलाकात

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीएम ने पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम के आवास पर जाकर उन्हें दीपावली की बधाई दी व उनका हाल पूछा। इस मुलाकात के दौरान मुलायम के भाई और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव भी मौजूद थे। अधिकारी के मुताबिक, योगी व मुलायम की यह शिष्टाचार बैठक थी।

### सीएम ने पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह का भी जाना हाल

इसके बाद योगी ने पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह के आवास पर उनसे भेंट की, उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर सांसद राजवीर सिंह (राजू भैय्या) भी उपस्थित थे।



## आम आदमी के लिए भी हवाई यात्रा का सपना साकार कर रही है यूपी सरकारः योगी

**लखनऊ।** योगी ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार हवाई चप्पल पहनने वाले शख्स को भी हवाई यात्रा सुलभ कराने का पीएम नरेंद्र मोदी का सपना साकार कर रही है।

सीएम ने जेवर हवाईअड्डे के निर्माण के लिए अधिगृहित की गई करीब 80.13 प्रतिशत भूमि के कब्जा प्रमाणपत्र संबंधित किसानों द्वारा सौंपे जाने के मौके पर कहा कि पीएम मोदी का सपना है कि हवाई चप्पल पहनने वाला शख्स भी हवाई जहाज से चले। सरकार इंटर कनेक्टिविटी के जरिये उस सपने को साकार कर रही है। जेवर में किसानों द्वारा अपनी जमीन दिया जाना विकास की किसी भी बड़ी परियोजना को आपसी सहमति व बेहतर संवाद के माध्यम से साकार किये जाने का बेहतरीन उदाहरण है। जेवर के किसान व गौतमबुद्ध नगर के जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली काबिले तारीफ है।

ढाई साल पहले जब यूपी में भाजपा की सरकार बनी थी, तब प्रदेश में सिर्फ दो ही हवाई अड्डे थे पर आज सात हवाईअड्डों का संचालन शुरू हो चुका है। पहले से मौजूद 17 हवाई पट्टियों को चालू करने का काम शुरू हो चुका है। कुशीनगर में भी नया हवाईअड्डा बन रहा है। आगरा व कानपुर सविल टर्मिनल की प्रक्रिया चल रही है। अयोध्या में नया हवाई अड्डा बनने जा रहा है। सरकार बेहतर एयर कनेक्टविटी इसलिए दे रही है ताकि यूपी और यहां के लोगों का विकास हो सके।

### कांग्रेस, सपा व बसपा की सोच में विकास नहीं था

सीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस, सपा व बसपा की सोच में आम आदमी का विकास था ही नहीं। मेरी सरकार बिना भेदभाव के लगातार काम कर रही है। जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा भी इसी की कड़ी है।

### अन्य किसानों ने दी भूमि

मालूम हो कि जेवर हवाईअड्डे के लिए 77 फीसद जमीन का पहले ही अधिग्रहण किया जा चुका था। बुधवार को छह गांवों (रन्हेरा, रोही, पारोही, किशोरपुर, दयानतपुर, बनवारीबांस) के किसानों ने 3 फीसदी जमीन भी जेवर हवाईअड्डे के लिए दे दी है। अब जेवर हवाईअड्डे के लिए 80.13 फीसदी जमीन का अधिग्रहण हो गया है।

## यूपी के सभी पुलिस थानों, कार्यालयों में लगेगी सरदार पटेल की फोटो

**लखनऊ।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर से प्रदेश के सभी जनपदों में पुलिस थानों, पुलिस लाइनों व समस्त कार्यालयों में 'लौहपुरूष' की तस्वीर लगाई जायेगी। प्रत्येक थाने/पुलिस लाइन/ समस्त पुलिस कार्यालयों में बुधवार की सुबह 11 बजे एकता दिवस शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। इसके अलावा सभी जिलों में 'रन फार यूनिटी' का आयोजन भी किया जायेगा। सरदार पटेल की तस्वीर कार्यक्रम के बाद भी प्रदेश के सभी पुलिस थानों में लगी रहेगी ताकि आम जनता लौह पुरूष से प्रेरणा ले सकें। अपर मुख्य सचिव (गृह) अवनीश अवस्थी ने प्रदेश के सभी जनपदों के डीएम, पुलिस अधीक्षकों को लिखे गये पत्र में कहा है।

## हर जिला मुख्यालय पर पटेल जयंती पर कार्यक्रम आयोजित करेगी सपा

**बलिया (उप्र)।** समाजवादी पार्टी (सपा) भाजपा के 'छल प्रपंच' की असलियत बताने के लिये गुरुवार को 'लौह पुरुष' सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर पहली बार यूपी के हर जिला मुख्यालय पर कार्यक्रम आयोजित करेगी। सपा के वरिष्ठ नेता राम गोविंद चौधरी ने बुधवार को अपने आवास पर बताया कि सपा राज्य मुख्यालय पर सरदार पटेल की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित करती रही है, लेकिन इस दफा पहली बार सभी जिला मुख्यालयों पर पटेल जयंती का आयोजन किया जाएगा। राज्य विधानसभा में सपा और विपक्ष के नेता चौधरी ने एक सवाल पर कहा कि सपा इसलिए यह कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है ताकि आम लोग भाजपा के छल प्रपंच से गुमराह न हो सकें। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा का राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व सरदार पटेल की विचारधारा से कोई सरोकार या जुड़ाव नहीं है। भाजपा केवल वोट बैंक के लिये यह कर रही है। चौधरी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के अग्रिम पंक्ति के इन नेताओं ने देश में लोकतांत्रिक मूल्यों को स्थापित किया जबकि भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों के बजाय तानाशाही को बढ़ावा देती है।



- लोकतांत्रिक मूल्यों के बजाय तानाशाही को बढ़ावा देती है भाजपा : चौधरी

### जदयू ने केंद्र सरकार में आनुपातिक प्रतिनिधित्व मांगा

# नीतीश फिर चुने गए पार्टी अध्यक्ष

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भाजपा की सहयोगी जदयू ने बुधवार को फिर केंद्रीय मंत्रिमंडल में पार्टी को 'आनुपातिक प्रतिनिधित्व' देने पर जोर दिया व कहा कि अगर पीएम नरेंद्र मोदी या भाजपा अध्यक्ष अमित शाह इस संबंध में पहल करते हैं तो वह उसका स्वागत करेगी। इससे पहले जदयू ने जून में मोदी सरकार में शामिल होने से इनकार कर दिया था।

नीतीश ने तीन साल के लिए दोबारा पार्टी अध्यक्ष चुने जाने के बाद पार्टी की राष्ट्रीय परिषद को संबोधित किया। इसके बाद जदयू ने भाजपा को याद दिलाया कि बिहार के सीएम ने राज्य सरकार में भाजपा को आनुपातिक प्रतिनिधित्व दिया है। पार्टी महासचिव के सी त्यागी ने कुमार के अन्य मुद्दों पर उल्लेख किया कि 2015 में बिहार विस चुनाव का जनादेश भाजपा के खिलाफ था पर कुमार ने मंत्री पदों के अलावा उपमुख्यमंत्री का पद भी दिया। पार्टी का यह रूख ऐसे समय सामने आया है जब भाजपा की अन्य सहयोगी पार्टी शिवसेना महाराष्ट्र की सत्ता में समान हिस्सेदारी की मांग कर रही है।

### सीएम ने महिलाओं के मुद्दों पर की विस्तार से चर्चा

नीतीश कुमार ने अपने भाषण में राष्ट्र-व्यापी शराबबंदी पर जोर दिया व महिलाओं के लिए अपनी सरकार के कदमों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बिहार में कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर होने वाली आलोचना को खारिज कर दिया।



### त्यागी ने दिया तर्क

त्यागी ने कहा, अगर राजग के नेता मोदी, शाह सरकार में जदयू के आनुपातिक प्रतिनिधित्व के लिए पहल करते हैं तो हम इसका स्वागत करेंगे। पार्टी बिहार में राजग की सबसे बड़ी घटक है। जदयू को उचित प्रतिनिधित्व देने से केंद्र सरकार में बिहार अधिक प्रतिनिधि होंगे। यह सामाजिक रूप से अधिक व्यापक, सामंजस्यपूर्ण होगा।

### 'एडीए में ही रहेगी पार्टी'

त्यागी ने दावा किया कि शाह के हालिया बयान के बाद भाजपा के साथ उनकी पार्टी के गठबंधन में कोई 'भ्रम' नहीं है कि बिहार में राजग 2020 का विस चुनाव कुमार के नेतृत्व में लड़ेगी। हम 2010 के चुनाव परिणामों से भी बेहतर करेंगे। राजग ने तब 243 सीटों में से 206 सीटें जीती थीं। जदयू झारखंड व दिल्ली में आगामी विस चुनाव अपने दम पर लड़ेगी।

## राशिफल 31 अक्टूबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : परिवार में शांति और खुशहाली का माहौल रहेगा। रियल स्टेट्स से जुड़े लोगों को व्यवसाय में नुकसान हो सकता है। पढ़ाई में लक्ष्य प्राप्ति के लिए मेहनत करते रहें। **शुभ अंकः** 9, **रंग** : चॉकलेट।

**वृषः** सेहत के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। जीवनसाथी का मूड अच्छा करने में कामियाब होंगे। शहर से बाहर गया परिवार का सदस्य वापिस आएगा। प्रॉप्रर्टी खरीदने लिए दिन अच्छा है। **शुभ अंकः** 7, **रंगः** क्रीम।

**मिथुनः** सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। अकेलेपन के चलते दोस्त के साथ शिफ्ट होने की सोच सकते हैं। नई जगह शिफ्ट हो सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर सतर्क रहें। **शुभ अंक** : 4, **रंगः** टरक्वॉइश।

**कर्कः** आज फिट, ऊर्जावान महसूस करेंगे। अपने साथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे। विदेश जाने का मौका मिल सकता है। किसी घर या अपॉर्टमेंट की खरीददारी कर सकते हैं। **शुभ अंकः** 5, **रंगः** बोटल ग्रीन।

**सिंहः** परिवार में आपके बिना कोई वादा हो सकता है। किसी प्रॉप्रर्टी की बुकिंग करा सकते हैं। पढ़ाई में सफलता के लिए अपनी दिल की सुनें। किसी की तरफ आकर्षित हो सकते हैं। **शुभ अंकः** 22, **रंगः** नीला।

**कन्याः** घर पर किसी पार्टी का आयोजन करेंगे। कार्यक्षेत्र पर सभी को प्रभावित करने में कामियाब होंगे। पढ़ाई में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। अपने साथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे। **शुभ अंकः** 6, **रंगः** क्रीम।

**तुलाः** पूरे दिन ऊर्जावान महसूस करेंगे। किसी दोस्त के साथ बाहर कहीं जाने का सोच सकते हैं। किसी प्रॉप्रर्टी का मालिकाना हक पाने से पहले अच्छे से जांच कर लें। **शुभ अंकः** 1, **रंग** : बेबी पिंक।

**वृश्चिकः** आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सेहत को लेकर खानपान की आदतों पर ध्यान दें। कहीं छुट्टियों पर जाकर अच्छा महसूस करेंगे। पढ़ाई में अपने प्रदर्शन से संतुष्ठ रहेंगे। **शुभ अंकः** 18, **रंग** : मरुन।

**धनुः** अपने दोस्तों, करीबियों को पार्टी के लिए आमंत्रित कर सकते हैं। रहने के लिए घर मिल जाएगा। पढ़ाई में सफलता प्राप्ति के योग हैं। किसी की तरफ आकर्षित हो सकते हैं। **शुभ अंक** : 2, **रंगः** सफेद।


**मकरः** सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। परिवार में किसी को आपकी सहायता की जरूरत है। प्रॉप्रर्टी को खरीदने की सोच सकते हैं। एकाग्रता के साथ पढ़ाई करें। **शुभ अंक** : 15, **रंगः** डार्क ब्राउन।

**कुंभ** : सेहत को लेकर नियमित व्यायाम करते रहें। दोस्तों या सहयोगियों के साथ झड़प हो सकती है। कार्यक्षेत्र पर असाइनमेंट आपके हाथ आ सकता है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। **शुभ अंक** : 3, **रंगः** क्रीम।

**मीनः** किसी चीज में किया गया निवेश फायदेमंद रहेगा। परिवार के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। विदेश जाकर अपने दोस्तों से मिलने का मौका मिल सकता है। **शुभ अंक** : 17, **रंग** : हल्का नीला।

### : टिप्स :

1. अपने शयनकक्ष के किनारे में एक घंटी बांध दें। इस उपाय से आपके शयनकक्ष की जड़ता खत्म होगी और ची का प्रवाह होगा जिससे आप आनंददायक नींद ले पाएंगे।
2. खिड़कियां जीवन में समृद्धि, स्वास्थ्य व विकास के अवसर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यदि ये गंदी हैं तो आपकी दृष्टि में धुंधलापन आ सकता है व यदि ये काफी साफ है तो इससे बहुतायत में अवसरों को देखा जा सकता है।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

### फीकी पड़ी तस्वीर...



**आगरा।** बुधवार को भारी धुंध छा जाने के बाद ताजमहल भी दूल से धुंधल दिखाई पड़ा।

## नदी में डूबने से तीन किशोरों की मौत

एजेंसी ⏭ बलिया (उप्र)

बलिया जिले के सिकंदरपुर क्षेत्र में बुधवार को प्रतिमा का विसर्जन करने के बाद घाघरा नदी में नहाते समय डूबने से तीन किशोरों की मौत हो गई। सिकन्दरपुर तहसील की उप जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि डूहाबिहरा ग्राम में बलखण्डी नाथ मठ के पास शाम लगभग 4 बजे मां लक्ष्मी की प्रतिमा का विसर्जन करने के बाद छह लड़के घाघरा नदी में स्नान करते समय गहरे पानी में चले गये, डूब गये। गोताखोरों के सहयोग से तीन लड़कों को बचा लिया गया है। इस घटना में बेचन, मोनू तथा रोशन की मौत हो गई। तीनों की उम्र 16 से 18 वर्ष के बीच है। पुलिस ने तीनों शव नदी से निकलवा लिये हैं। बचाये गये लड़कों को सिंकदरपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

- गोताखोरों की मदद से तीन लड़के बचाए

### प्रतिमा विसर्जन के दौरान तीन बच्चों की डूबने से मौत

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर में गोराडीह प्रखंड के सोनूडीह पुरैनिया पोखर में काली प्रतिमा विसर्जन के दौरान बुधवार को डूबने से तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई। पोखर के किनारे प्रतिमा पहुंची ही थी कि तीनों बच्चे तालाब में नहाने के लिए चले गये। बच्चों को पता नहीं था कि पानी में जिस ओर वे आगे बढ़ रहे हैं, उधर पहले जेसीबी से खुदाई की गई थी। बच्चों को गहराई का पता नहीं चला, डूब गये। इससे धनकुंड ललसहिया के पोलो मंडल के 10 वर्षीय पुत्र गुलशन कुमार व इसी गांव के सूरज मंडल का नौ वर्षीय पुत्र देवानंद कुमार व सोनूडीह के रंजीत बिंद के सात वर्षीय पुत्र अतुल कुमार की मौत हो गई। तीनों बच्चे रिश्ते में भाई थे। बच्चों को डूबता देख अतुल कुमार के दादा जागेश्वर बिंद उन्हें बचाने के लिए तालाब में कूदे पर जागेश्वर भी डूबने लगे। किसी तरह ग्रामीणों ने जागेश्वर को बाहर निकाला। तीन में एक बच्चे की मौके पर मौत हो गई थी, बाकी दो बच्चे को अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### हादसे में बाइक सवार चार युवकों की मौत

**भागलपुर।** जिला के अम्भो गांव के निकट अज्ञात वाहन के बाइक में टक्कर मार देने से उस पर सवार चार युवकों की मौत हो गई। नवगछिया पुलिस जिला के अधीक्षक निधि रानी ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की रात करीब दो बजे हुए हादसे में मरने वालों के नाम प्रीतम कुमार, मिथुन कुमार, गुड्डू कुमार व धीरज पासवान हैं जिनकी उम्र 18 से 25 साल के बीच है। प्रीतम, मिथुन व गुड्डू रंगरा पुलिस चौकी अंतर्गत भवानुपुर गांव के तथा धीरज गोपालपुर थाना क्षेत्र के हरनाथचक गांव के रहने वाले हैं। ये चारों युवक एक बाइक पर सवार थे व किसी ने हेलमेट नहीं पहना था।

## फरवरी में रिलीज होगी लालू पर आधारित फिल्म 'लालटेन'

एजेंसी ⏭ बलिया (उप्र)

अपने अलग अंदाज के लिये मशहूर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तथा बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव के जीवन पर आधारित फिल्म अगले साल के शुरू में रूपहले पर्दे पर नजर आयेगी। 'लालटेन' नामक भोजपुरी फिल्म में लालू का किरदार निभा रहे अभिनेता यश कुमार ने बुधवार को बताया कि राजद के पूर्व प्रमुख के जीवन पर बन रही फिल्म में बिहार के पूर्व सीएम के जीवन के विभिन्न पहलुओं को रोचक, मनमोहक तरीके से प्रस्तुत किया गया है। लालटेन राजद का चुनाव निशान भी है। अभिनेत्री स्मृति सिन्हा फिल्म में लालू की पत्नी राबड़ी देवी की भूमिका निभा रही हैं। फिल्मांकन गुजरात व बिहार के विभिन्न हिस्सों में किया गया है। सुमन कुमार द्वारा निर्मित यह फिल्म अगले साल फरवरी में रिलीज होगी। देश के रेल मंत्री भी रह चुके लालू इस वक्त चारा घोटाला मामले में सजा काट रहे हैं।



- फिल्मांकन गुजरात व बिहार के विभिन्न हिस्सों में किया गया
- लालू इस वक्त चारा घोटाला मामले में काट रहे हैं सजा

### घटना की उच्च स्तरीय विभागीय जांच के आदेश दिए गएः एसपी

# हिरासत में मौत मामले की मजिस्ट्रेट जांच शुरू

एजेंसी ⏭ अमेठी (उप्र)

अमेठी जिले के पीपरपुर क्षेत्र में लूट के आरोपी की पुलिस हिरासत में मंगलवार को हुई कथित मौत की घटना की मजिस्ट्रेट से जांच के आदेश दिये गये हैं। अमेठी के डीएम प्रशांत शर्मा ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए मजिस्ट्रेट से जांच के आदेश दे दिये गये हैं। जांच अमेठी के उप जिला मजिस्टेट योगेन्द्र कुमार सिंह करेंगे। उधर, एसपी ख्याति गर्ग ने बताया कि घटना की उच्च स्तरीय विभागीय जांच के आदेश दे दिये गये हैं। अमेठी के अपर पुलिस अधीक्षक दयाराम को जांच सौंपी गई है। मालूम हो कि अमेठी जिले के पीपरपुर क्षेत्र में हाल में बैंक कर्मचारी से 26 लाख रुपये लूटे जाने के मामले में पूछताछ के मकसद से हिरासत में लिये गये व्यक्ति की मंगलवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गत पांच अक्टूबर को पीपरपुर थाना क्षेत्र के परसोईया इलाके में यूको बैंक की दूसरी शाखा में रकम डालने जा रहे शाखा प्रबंधक से हुई 26 लाख रुपये की लूट के मामले में पुलिस, स्पेशल आपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने सत्य प्रकाश शुक्ला (50) व उनके बेटों को 28/29 अक्टूबर की रात करीब दो बजे घर से हिरासत में लिया था।

### पुलिस ने नकारे परिजनों के आरोप

अपर पुलिस अधीक्षक दयाराम के मुताबिक, शुक्ला ने दबिश के दौरान अपने घर में ही जहर खा लिया। रास्ते में तबीयत खराब होने पर उसे सुलतानपुर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शुक्ला के परिजन का दावा है कि पुलिस ने उसे बेहद प्रताड़ित किया व जहर खिला दिया जिससे उसकी मौत हो गई।

### पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज

इस बारे में शिकायत किये जाने पर सुलतानपुर के एसपी हिमांशु कुमार के निर्देश पर शहर कोतवाली में एसओजी अमेठी, पीपरपुर पुलिस के संबंधित अफसरों व कर्मियों पर धारा 302 (हत्या), 392 (लूट के लिये दण्ड), 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना), 452 (बिना अनुमति घर में घुसना, चोट पहुंचाने के लिए हमले की तैयारी) के तहत केस दर्ज किया गया है।

### प्रियंका ने घेरी योगी सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने यूपी में अपराध की घटनाओं पर योगी सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्य की पुलिस जनता को परेशान कर रही है पर सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। उन्होंने राज्य के प्रतापगढ़ की घटना का हवाला देते हुए ट्वीट किया कि उप्र पुलिस अपराधियों पर मेहरबान है लेकिन हर दिन नागरिकों को परेशान करने में माहिर है। प्रतापगढ़ के सत्य प्रकाश शुक्ला का परिवार बता रहा है कि उनको बच्चों के सामने किस तरह प्रताड़ित किया गया।

## चिंतन

# विदेशी सांसदों ने खोल दी पाकिस्तान की पोल

जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर पाकिस्तान के दुष्प्रचार की एक बार फिर पोल खुल गई है। पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर में अलगाव व दहशत का पर्याय बनी धारा 370 और 35ए को हटाए लाने के बाद से पाकिस्तान विश्व बिरादरी में तरह-तरह के भ्रम फैलाता रहा है। विदेशी मीडिया का एक वर्ग भी इस प्रोपेगेंडा में पाक का सहयोग करता रहा है, लेकिन अब यूरोपीय संघ के सांसदों ने उसकी पोल खोल दी है। जम्मू-कश्मीर दौरे पर गए इन विदेशी सांसदों ने घाटी में आतंकियों को भेजने और उन्हें समर्थन देने को लेकर पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई। साथ ही आर्टिकल 370 को भारत का आंतरिक मामला बताते हुए घाटी में दहशतगर्दों को फिडिंग देने पर पाकिस्तान को जमकर कोसा। जम्मू-कश्मीर के दौरे पर गए 23 यूरोपीय सांसदों ने आतंकवाद के मसले पर एक सुर में कहा कि आतंकवाद वैश्विक समस्या है। जम्मू-कश्मीर में भी आतंकवाद सबसे बड़ी समस्या है और इसके खिलाफ जंग में हम भारत के साथ हैं। इन सांसदों ने माना कि अनुच्छेद 370 भारत का आंतरिक मामला और यह दौरा आंखें खोलने वाला रहा है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने जो दिखाया वह पक्षपातपूर्ण है। हमने जो देखा है, अपने देश लौटकर हम उसकी जानकारी देंगे कि जम्मू-कश्मीर में ऐसा कुछ नहीं है जैसा कि मीडिया में बताया जा रहा है। धारा 370 हटाए जाने के बाद यह कोई पहला मौका नहीं है जब पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी हो। पाकिस्तान ने जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भी कश्मीर का राग अलापा, लेकिन किसी ने भी उसे गंभीरता से नहीं लिया। इसके पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी मुंह की खानी पड़ी थी। अमेरिका के भी भारत-पाक के बीच मध्यस्थता से इनकार करने के बाद मुस्लिम देशों ने भी कश्मीर मामले पर पाक का साथ देने से न केवल दो टूक इनकार कर दिया बल्कि पाक प्रधानमंत्री इमरान खान का नसीहत भी दे डाली कि वे भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में अपशब्दों का प्रयोग न करें। चीन ने चाहे अंदरखाते पाकिस्तान का समर्थन किया, लेकिन भारत दौरे पर आए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने महाबलीपुरम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान कश्मीर पर चर्चा तक नहीं की। इतना सब होने के बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। यहां तक कि जब 23 विदेशी सांसद कश्मीर का दौरा कर रहे थे, तब भी पाक प्रयोजित आतंकियों ने छह मजदूरों की हत्या कर दी। यूरोपीय सांसदों ने भी इस कायरतापूर्ण हरकत के लिए पाक को चेताया है कि वो भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने का प्रयास न करे, लेकिन लगता नहीं कि पाक पर इसका कोई असर होने वाला है। उसका कश्मीर पर ढोंग खत्म होने वाला नहीं है। जबकि सच तो यह है कि पाकिस्तान खुद जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से पर अवैध रूप से काबिज है। गिलगिट-बाल्टिस्तान के इस भाग और शेष पाक-अधिकृत कश्मीर में पाकिस्तान प्राकृतिक संसाधनों का लगातार दोहन कर रहा है। पाकिस्तान ने आर्थिक गलियारे के लिए इलाकों का बड़ा हिस्सा चीन को दे दिया है। इसका विरोध करने पर वहां के स्थानीय लोगों का दमन किया जा रहा है। ऐसे में कश्मीर के लोगों के लिए उसका चिंतित होना महज एक ढोंग है। बलूच, पख्तून और मुहाजिर समुदायों के साथ पाकिस्तान का सौतेला व्यवहार जगजाहिर है। जहां बुनियादी अधिकारों को दशकों से कुचला जा रहा है और उनके नेताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। केवल इतना ही नहीं आतंकी और चरमपंथी ताकतों को पनाह देने के कारण पाकिस्तान विश्वभर में बदनाम हो चुका है। इसी कारण पाक को अंतरराष्ट्रीय आतंकी वित्तपोषण की निगरानी संस्था एफएटीएफ द्वारा ग्रे लिस्ट में डाला जा चुका है, लेकिन इतना सब होने के बाद भी उसके व्यवहार में कोई बदलाव आता नजर नहीं आ रहा। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि आर्थिक रूप में दीवालिया होने की कगार के खड़े पाक के राजनेता और सेना समस्याओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए बार-बार कश्मीर का राग अलापते हैं।

## पुण्यतिथि

हसन खान



# नेतृत्व की एक अद्वितीय मिसाल - इंदिरा गांधी

श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपनी आहुति देकर अपने जीवनकाल में देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपने को बलिदान कर दिया। इंदिरा जी मृत्योंजया थी, उन्होंने कहा था कि देश की सेवा में मेरी मृत्यु हो जाए तो मुझे उस पर गर्व होगा, मेरे रक्त की प्रत्येक बूंद से राष्ट्र के विकास में सहायता मिले और राष्ट्र उससे और भी समर्थ और गतिशील बने यही मेरी कामना है। इतिहास में श्रीमती इंदिरा गांधी का अद्भुत स्थान है, जब उस दौर का इतिहास लिखा जाएगा, तो उसमें इंदिरा गांधी की उपलब्धियों का एक महत्वपूर्ण स्थान होगा। समग्र रूप से उनकी उपलब्धियां बहुत बड़ी है। संपूर्ण भारत का विकास कई पैमानों पर इंदिरा गांधी से जुड़ा हुआ है। भारतीय समाज पर



उनके व्यक्तित्व के प्रभाव की छाप आज भी देखी और महसूस की जा सकती है। सर्वप्रथम अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में और फिर भारतीय प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने अपनी दूरदर्शिता, देश के प्रति निष्ठा और भारत के लिए उस समय की परिस्थितियों के अनुरूप उनके निर्णयों की छाप, हमें आज भी प्रभावित करती है। जिन्होंने इनके प्रधानमंत्रित्वकाल को देखा है, ये लोग यह मानते हैं कि अपार साहस, निर्णय की शक्ति और धैर्य था। इंदिरा गांधी उस समय के नेतृत्व की एक दुर्लभ और अद्वितीय मिसाल है। इंदिरा गांधी की पहचान एक अतुलनीय सांस्कृतिक विरासत के साथ एक बेजोड़ नेता के रूप में हमेशा रहेगी। मैं व्यक्तिगत रूप से इंदिरा जी से बहुत प्रभावित रहा, 1970 का दशक जब वे प्रधानमंत्री थी और उदयपुर के महाराणा प्रताप के शौर्य के प्रतीक हल्दीघाटी को देखने आई, इतनी प्रभावित हुई कि उनकी आंखें भारतीय शौर्य से चमक उठी थी, मैंने स्वयं आकाशवाणी के लिए उनका इंटरव्यू रिकार्ड किया था, उसमें उन्होंने कहा कि वो मैं आज तक नहीं भूल पाया, उन्होंने कहा था कि जहां अकबर के सेनापति राजा मानसिंह थे वहीं महाराणा प्रताप के सेनापति सैयद मीर थे। इनका मजार आज भी हल्दीघाटी के युद्धस्थल पर मौजूद है। मजार पर फूल चढ़ाते समय इंदिरा गांधी ने अपने उद्बोधनमें कहा था कि भारतीय संस्कृति की धर्मनिरपेक्षता को सलाम करती हूं और इसलिए भारत आज भी विश्व में गर्व सहित खड़ा है। भारत की एकमात्र महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ऐसी थी, जो न केवल भारतीय राजनीति पर छाई रही, बल्कि विश्व राजनीति के क्षितिज पर भी वे अपना विलक्षण प्रभाव छोड़ गई। उनके मन में गरीबों के लिए बहुत सम्मान था, गरीबी हटाओ का नारा उन्होंने ही दिया था और पूरा जीवन उन्होंने देश से गरीबी हटाओ के लिए समर्पित कर दिया। मैं जब 1976 में राजस्थान के जयपुर शहर में आकाशवाणी के समाचार विभाग में पदस्थ था, उस समय इंदिरा गांधी राजस्थान में पड़े सूखे का निरीक्षण करने आई। बीकानेर का रेगिस्तान वहां की धौरारी धरती को जब उन्होंने देखा तो प्रफुल्लित हो गई लेकिन उनके मन में इस धरती पर पड़े सूखे की मार ने उन्हें बेचैन कर दिया। मैंने जब उनसे पूछा तो दुःखी मन से बोली हम इस क्षेत्र की धरती को हरा-भरा किए है, वे श्रीमती इंदिरा गांधी की ही देन है। उन्होंने प्रधानमंत्री होते हुए अपना सारा ध्यान देश के विकास पर ही केन्द्रित किया। इंदिरा गांधी देश की गरीबी और असमानता से बहुत चिंतित थी। इसमें तेजी से विकास के लिए 20 सूत्रीय आर्थिक कार्यक्रम अपनाया, उनका प्रधानमंत्री के रूप में महत्वपूर्ण ऐतिहासिक योगदान बैंकों का राष्ट्रीयकरण, प्रिवीपर्स की समाप्ति और राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को सुरक्षित रखने में रहा। उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सस्ती दर पर खाद्यान्न प्रदान कराया, हरबंदी कानून लागू किया, किसानों और कुटीर उद्योगों को सस्ती ब्याज दर पर पूंजी उपलब्ध कराई, विकास की अनगिनत योजनाओं के साथ-साथ श्रीमती इंदिरा गांधी ने भारत को शक्तिशाली बनाने के उद्देश्य से परमाणु बम बनाने की क्षमता हासिल करने के लिए राजस्थान के पोखरण में परमाणु विस्फोट कर देश को परमाणु शक्ति के रूप में आगे बढ़ाया। भारत में जितने भी प्रधानमंत्री हुए है, उन सभी की अनेक विशेषताएं रही है, लेकिन इंदिरा गांधी के रूप में जो प्रधानमंत्री भारतभूमि को प्राप्त हुआ वे नेतृत्व की एक अद्वितीय मिसाल थी। श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश की सेवा तथा अपने उत्कृष्ट कार्यों से न केवल नारी जगत का मस्तक उंचा किया, साथ ही देश एवं मानवता की सेवा के लिए अपना पूर्ण जीवन आहुत कर दिया। एक सशक्त नारी के रूप में इंदिरा जी हमारी स्मृति में सदैव सम्मानीय एवं अविस्मरणीय रहेंगे।

# सांस्कृतिक विविधता की विरासत को सहेजता 'एक भारत श्रेष्ठ भारत'

विचार


ओम अवस्थी

> सरदार वल्लभभाई पटेल ने कहा था, 'राष्ट्र की प्रगति का माप उसकी नैतिक प्रगति से निकलता है।' नैतिक प्रगति के लिए जरूरी है कि पढ़ाई के दौरान ही बच्चों में ऐसे बीज बोये जाएं कि वह दूसरे राज्यों के बारे में सकारात्मक सोच विकसित करें, वहां की संस्कृति को समझें और उसका सम्मान करें। इसके साथ ही भारत की सांस्कृतिक विरासत की अहमियत भी समझ सकें। इसी उद्देश्य से केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के तहत करीब 227 विश्वविद्यालयों और 450 स्कूलों में करीब एक हजार से ज्यादा सांस्कृतिक, क्राफ्ट और खेल कूद से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए।

भारत की मिट्टी और हवा श्रेष्ठ है क्योंकि यह बांटने पर भी बंटती नहीं है। हिंदुस्तान की मिट्टी में मोहब्बत और हवाओं में अपनापन है। जुबान, खान-पान, पहनावा और संस्कृति एक न होने के बावजूद भी यह मुल्क एक है क्योंकि यहां के लोगों का दिल सिर्फ हिंदुस्तानी है। अलग-अलग मजहब, जाति और वर्गों वाले भारत को एक रखने के मकसद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाने वाली सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर 2015 को एक भारत, श्रेष्ठ भारत योजना की घोषणा की थी। इसका मकसद राष्ट्र के सभी राज्यों को एक -दूसरे की संस्कृति से रूबरू कराना और आपसी संबंधों को और मजबूत बनाना है।

**...ताकि विकसित हो सकारात्म सोच :** सरदार वल्लभभाई पटेल ने कहा था, 'राष्ट्र की प्रगति का माप उसकी नैतिक प्रगति से निकलता है।' नैतिक प्रगति के लिए जरूरी है कि पढ़ाई के दौरान ही बच्चों में ऐसे बीज बोये जाएं कि वह दूसरे राज्यों के बारे में सकारात्मक सोच विकसित करें, वहां की संस्कृति को समझें और उसका सम्मान करें। इसके साथ ही भारत की सांस्कृतिक विरासत की अहमियत भी समझ सकें। इसी उद्देश्य से केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के तहत करीब 227 विश्वविद्यालयों और 450 स्कूलों में करीब एक हजार से ज्यादा सांस्कृतिक, क्राफ्ट और खेल कूद से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें करीब दो लाख बच्चे और पैरेंट्स अलग अलग संस्कृतियों से रूबरू हुए। इसके अलावा केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय की भाषा संगम परियोजना के तहत कक्षा एक से 12 तक के छात्रों को हिंदी और अंग्रेजी के अलावा असमिया, बंगाली, बोडो, तमिल, तेलुगु, उर्दू, गुजराती, कन्नड, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयाली, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओडिया, पंजाबी, संस्कृत, संथाली, सिंधी और डोगरी जैसी भाषाओं के बोलचाल के वाक्य सिखाये जा रहे हैं।

**युवा खुद बनाएं अपनी राय :** देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल हमेशा मानते थे कि प्रेम ही सही रास्ता है और प्रेम करने के लिए जरूरी होता है दूसरे को सही ढंग से जानना और समझना। एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के तहत कोशिश की जा रही है कि युवा ज्यादा से ज्यादा दूसरे राज्यों को देखें और उनको खुद से समझने की कोशिश करें। इसके लिए कई प्रयास किए गए जैसे पर्यटन मंत्रालय की ओर से भारत पर्व और पर्यटन पर्व जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां अलग-अलग राज्यों की संस्कृति के साथ ही वहां के हुनर को जानने, समझने का मौका भी मिला। वहीं डिपार्टमेंट ऑफ यूथ अफेयर की ओर से हुए इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत बड़ी संख्या में युवाओं को अपने पार्टनर स्टेट में जाकर उसे करीब से देखने और नए दोस्त बनाने का मौका दिया गया। इससे पहले प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी खुद अपील कर चुके हैं कि अगले तीन वर्षों में प्रत्येक भारतीय को 15 घरेलू पर्यटन स्थलों की यात्रा करनी चाहिए।



**राज्य एक-दूसरे से जुड़कर समझ रहे संस्कृति :** आज के दौर में जब हर इंसान दुनिया को देखने और जानने के लिए उत्सुक है, उसे अपने भारत से रूबरू कराने की कोशिश एक भारत, श्रेष्ठ भारत के जरिए की जा रही है। इसके तहत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेल और पर्यटन के जरिए आपस में जोड़ा जा रहा है ताकि वह दूसरे राज्यों को बेहतर ढंग से जान पाएं। राज्यों को एक दूसरे से जोड़कर उनकी संस्कृति और सलीकों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसमें जम्मू और कश्मीर को तमिलनाडु, पंजाब को आंध्र प्रदेश, हिमाचल को केरल, उत्तराखंड को कर्नाटक, हरियाणा को तेलंगाना, राजस्थान को असम, गुजरात को छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र को उड़ीसा, गोवा को झारखंड, दिल्ली को सिक्किम, मध्य प्रदेश को मणिपुर और नागालैंड, उत्तर प्रदेश को अरुणाचल प्रदेश और मेघालय, बिहार को त्रिपुरा और मिजोरम, चंडीगढ़ को दादरा और नगर हवेली, पुदुचेरी को दमन-दीव और लक्ष्यद्वीप को अंडमान और निकोबार से जोड़ा गया है।


**अब साथ में मना रहे हर तीज त्योहार :** आज हर राज्य में दूसरे राज्य के लोग पढ़ाई, रोजगार या किसी अन्य वजह से रह रहे हैं। यही वजह है कि दूसरे राज्य के तीज त्योहार और परंपराओं को लोग साथ मिलकर मनाना पसंद कर रहे हैं। बंगाल की दुर्गा पूजा हो या बिहार की छठ पूजा, दोनों की धूम अब दिल्ली में नजर आती हैं तो महाराष्ट्र का गणेश उत्सव उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के शहरों तक पहुंच चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के जरिए इस कोशिश को और प्रभावशाली बनाने का प्रयास किया है। इसके तहत बीते वर्षों में अलग-अलग मंत्रालयों की ओर से तमाम कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका प्रभावी असर भी देखने को मिल रहा है। संस्कृति मंत्रालय की ओर से गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और दिल्ली समेत 10 जगहों पर राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव आयोजित किए गए। इसमें शास्त्रीय, लोक संगीत, नृत्य, रंगमंच की प्रुस्तियों के साथ ही क्षेत्रीय जायकों के जरिए अलग-अलग राज्यों को जोड़ने की कोशिश की गई। वहीं कुंभ मेले में संस्कृति महोत्सव की ओर से लगाए गए संस्कृति कुंभ (प्रयागराज) में करीब एक महीने तक युंवाओं ने अपने हुनर से राज्यों की खूबसूरत झलक पेश की। इसके अलावा कबीर फेस्टिवल (मगहर), नर्मदा नाट्य महोत्सव (जबलपुर), स्वच्छता की ज्योति (वाराणसी), अतुल्य भारत (पटना), लोकोत्सव (मोतिहारी) आदि के जरिए भी कल्चर, क्राफ्ट और आर्ट के जरिए विभिन्नता में एकता के रंग देखने को मिले।

**राज्यों में दिख रहा योजना का उत्साह:** एक भारत श्रेष्ठ भारत प्रोग्राम के प्रति राज्यों में काफी उत्साह दिखाई दिया। हरियाणा और तेलंगाना ने अपने साथ को 'हरियांगना' नाम देकर एक-दूसरे की साहित्यिक, सांस्कृतिक विरासत को एक दूसरे से साझा किया। तेलंगाना के कलाकारों ने घूमर नृत्य सीख उसकी प्रस्तुति दी तो देखने वालों ने संस्कृति के इस मिलन का तालियों से स्वागत किया। वहीं तमिलनाडु टुरिज्म डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन ने जम्मू और कश्मीर के पर्यटकों के लिए टूर पैकेज में 15 पर्सेंट और तमिलनाडु टुरिज्म डिवेलपमेंट कारपोरेशन के होटलों में 20 पर्सेंट छूट की सुविधा दी है।

**जुबान के जरिए दिल में उतरे:** कहा जाता है कि उलझे हुए मसले अक्सर मीठी जुबान से सुलझ जाते हैं क्योंकि जुबान शब्दों के बिना भी भावों को समझ लेती है। भारत की खूबी यह है कि यहां जितनी जुबानें बोली जाती हैं, उससे ज्यादा जायके, जुबान का स्वाद बढ़ाते हैं। एक भारत को श्रेष्ठ भारत शायद उसका जायका ही बनाता है। यही वजह है कि दिल्ली में साउथ इंडियन और केरल में नॉर्थ इंडियन खाने की दीवाने खूब मिलते है। इस योजना के तहत राज्यों के फूड फेस्टिवल आयोजित कर जायके से दिलों को जोड़ने की कोशिश भी खूब रंग ला रही है।

*- लेखक पीआईबी, दिल्ली मुख्यालय में मीडिया एंड कम्यूनिकेशन ऑफिसर हैं।*

# माफ करना आध्यात्म की पहली सीढ़ी



संकलित

## दर्शन

लोगों को दूसरे के किए अपराध में खुद को तपते हुए देखते हैं। यह बात सच हैं कि किसी ने हमें परेशान किया है या नुकसान पहुंचाया है तो हम उसे माफ नहीं करते। यह जो माफ नहीं करने की जिद होती है उसकी कोई मियाद नहीं होती। कोई यह नहीं करता कि मैं इसे फलां तारीख तर माफ नहीं करूंगा। अक्सर यह हमारी आखरी सांस तक चलने वाली प्रक्रिया होती है। हम दूसरों के पाप अपने आखरी सांस तक माफ नहीं करते हैं। हमारी आत्मा इस बोझ से दबी रहती हैं जिसे हम बोझ समझते ही नहीं है। महान आत्माएं दुनिया से कूच करने से पहले लोगों को माफ कर दिया करती हैं। उन्हें शिकायत भले ही रही हो मगर माफ करने के मौके नहीं छोड़ती हैं। हम अपने इर्द-गिर्द देखे कि हमने माफ न करते अपने आस-पास कौन सा जाल बुना है। कभी सोचा है कि सामने वाले को माफ कर देते तो शायद जिंदगी में एक इंसान सुधरने का मौका भी पा जाता और हमारे आसपास एक इंसान कम भी नहीं होता। हां, माफ करना उतना सहज भी नहीं है। इसके लिए मजबूत आत्मबल चाहिए। जिसका मन शक्तिशाली होगा वही वही किसी को माफ कर पाएगा। जो दिल-दिमाग का बादशाह है, वहीं माफ कर सकता है क्यूंकि उसे खुद पर यकीन होता है। जब हम आध्यात्म की तरफ रूख करते हैं तो पाते हैं कि दुनिया के जितने आध्यात्मिक पुरुष हैं उन्होंने इसकी शुरुआत माफी से की है। अपने प्रति किए गए कटुता के व्यवहार को माफ करके ही आध्यात्म की पहली सीढ़ी चढ़ी जा सकती है।

# प्रयास करने वालों को मिलती हैं मंजिल



संकलित

## प्रेरणा

अपनी मंजिल पर पहुंचने से पहले अगर हम हार मान ले रहे हैं, तो हम सचमुच हार गए। लेकिन अपनी मंजिल के लिए जब जूझते हैं, बार-बार गिर कर खड़े होते हैं तो हमारा आत्मविश्वास कई गुना बढ़ जाता है। इसके बाद जब मंजिल मिलती है, तो उसकी खुशी कई गुना होती है। इसलिए आपकी जीत या हार को कोई और तय नहीं कर सकता है। यह खुद आपके ऊपर निर्भर करता है। जीवन में जीत और हार आपकी सोच पर ही निर्भर करती है, मान लो तो हार है और ठान लो तो जीत है। चलते रहने की जिद हमें किसी भी मंजिल तक पहुंचा सकती है। मुश्किलों के आने पर हार मत मानिए। ना चाहते हुए भी कई बार परिस्थितियां ऐसी हो जाती हैं कि आप बहुत कुछ नहीं कर सकते, पर ऐसे हालात को कुछ भी ना करने का बहाने मत बनाइए। व्यक्ति को जीवन में सफल होने के लिये अपने विवेक से लक्ष्य का निर्धारण करके उसे प्राप्त करने की दिशा में सतत प्रयासरत रहना चाहिये। किसी भी कमी को रुकावट नहीं मानना चाहिए, बल्कि अपनी क्षमताओं पर मेहनत करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। जब व्यक्ति के मन में कोई आशा न रहे तो उसे निराशा घेर लेती है जिससे उसकी सोच कुण्ठित हो जाती है और वह व्यक्ति अवांछित कार्य करने लगता है। दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं है बस हमें अपना आत्मविश्वास जगाने की जरूरत है और एक बार जब आप आत्मविश्वास से भरपूर हो जाएंगे तो दुनिया की कोई भी चुनौती आपको नहीं रोक सकती।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मच्छर समाप्ति अभियान चलाएं

पहले बरसात की शुरुआत के साथ मलेरिया के मच्छरों से बचाव के उपाय शुरू कर दिए जाते थे। लेकिन अब लापरवाही के चलते बरसात शुरू होते ही डेंगू, चिकनगुनिया भी लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। हर जगह फैली गंदगी और बजबजाते नालियों के कारण मच्छरों का प्रकोप दिनों-दिन बढ़ते जा रहा है। बारिश में मच्छर पनपने का सिलसिला दो से तीन गुना तक बढ़ जाता है। स्वच्छता अभियान चलाकर मच्छरों का खात्मा करना जरूरी हैं। *- सुधा शर्मा*

## करंट अफेयर

# थनबर्ग ने पुरस्कार लेने से किया इनकार


स्वीडन की रहने वाली जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग ने एक पर्यावरण पुरस्कार स्वीकार करने से इनकार कर दिया और कहा कि जलवायु अभियान में आवश्यकता इस बात की है कि सत्ता में बैठे लोग पुरस्कार देने के बजाए 'विज्ञान' का अनुसरण प्रारंभ करें। युवा जलवायु कार्यकर्ता 16 वर्षीय थनबर्ग के 'फ्राइडे फॉर फ्यूचर' अभियान के पक्ष में लाखों लोग आ चुके हैं। थनबर्ग तब चर्चाओं में आई थीं जब अगस्त 2018 में उन्होंने हर शुक्रवार स्वीडन की संसद के बाहर धरना देना शुरू कर दिया था। वह हाथों में एक तख्ती लेकर वहां रहती थीं जिस पर लिखा होता था 'जलवायु की खातिर स्कूल की हड़ताल ' अंतर संसदीय सहयोग के लिए क्षेत्रीय संस्था नॉर्डिक परिषद की ओर से स्टॉकहोम में आयोजित समारोह में थनबर्ग को इस सम्मान के लिए चुना गया। थनबर्ग के प्रयासों के लिए उन्हें स्वीडन और नॉर्वे दोनों की ओर से नामित किया गया था। उन्होंने संगठन का सालाना पर्यावरण पुरस्कार जीता था। पुरस्कार की घोषणा के बाद थनबर्ग के एक प्रतिनिधि ने दर्शकों को बताया कि वह यह पुरस्कार और 52,000 डॉलर की राशि स्वीकार नहीं करेंगी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने इस फैसले को साझा किया। उन्होंने लिखा, जलवायु अभियान को और पुरस्कारों की आवश्यकता नहीं है।



## ऑफ बीट

# सस्ते इलाज का लालच दे बांट दी एड्स की बीमारी

आमतौर पर लोग अपने बच्चों को बेहतर से बेहतर इलाज दिलाना चाहते हैं जिससे वह स्वस्थ रह सकें। कई बार सस्ता इलाज उनके और बच्चों के जीवन के लिए काफी बड़ी मुसीबत लेकर आता है। ऐसा ही एक मामला पाकिस्तान के एक शहर में प्रकाश में आया है जहां पर सस्ते इलाज का लालच दिखाकर एक डॉक्टर ने वहां के 12 साल की उम्र के लगभग 900 बच्चों में एड्स की बीमारी बांट दी। बात अभी इतने पर ही नहीं रुकी है। शहर के चिकित्सा अधिकारियों का कहना है कि बच्चों की अभी जांच चल रही है इनकी संख्या और भी बढ़ सकती है। पाकिस्तान के शहर रैटोडेरो में एक डॉक्टर हैं, इनका नाम मुजफ्फर घांघरू है। यह एक बाल रोग विशेषज्ञ है। दरअसल मुजफ्फर ने शहर में रहने वाले गरीब परिवारों को चिकित्सा देखभाल में छूट देने की घोषणा की थी। इलाज में छूट का लाभ मिलने की बात पता चलने के बाद काफी संख्या में अभिभावकों ने अपने बच्चों को मुजफ्फर के क्लीनिक पर लाकर इंजेक्शन लगवाया। इसी बीच जब पाकिस्तानी चिकित्सा अधिकारियों ने इस मामले में जांच शुरु की तो बच्चों में एचआइवी पॉजीटिव पाया गया। इसके बाद जब डॉक्टरों ने यह पता लगाया कि इन बच्चों ने पहले कहां इलाज कराया है तो पता चला कि मुजफ्फर की क्लीनिक पर इन सभी को इंजेक्शन लगवाया गया है।



## ट्रेंड

### गो पालन का संकल्प लें



महर्षि दयानंद सरस्वती ने कहा था, एक गाय अपने जीवन काल में 4,10,440 मनुष्यों हेतु एक समय का भोजन जुटाती है। जबकि उसके मांस से 80 मांसाहारी केवल एक समय अपना पेट भर सकते हैं। इसलिए गोउत्पाद सेवन व गोपालन का संकल्प लें। **-बाबा रामदेव**

### जनता जनार्दन है



मेरे पूरे मोहल्ले में दिवाली के दिन और उसके बाद वाले दिनों में जहां हज़ारों आवजें सुनाई देती थी, केवल चार पटाखों की आवाज आई और आज केवल दो पटाखे बजे। ये असंभव है, लेकिन संभव हो गया। जनता जनार्दन होती है। उसके साथ बहस नहीं करनी चाहिए। **-अमिताभ बच्चन**

### चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं



जो कुछ होता है, वह पार्टी तय करती है। मैं चुनाव लड़ने का इच्छुक नहीं हूं। राष्ट्रीय अध्यक्ष का जो आदेश होगा, वह मैं करूंगा। **- कीर्ति आजाद**

### प्रदूषण पर होना चाहिए चिंतिंत



पलूशन यहां दिल्ली में होने वाले क्रिकेट या किसी अन्य खेल से अधिक गंभीर मुद्दा है। यहां रहने वाले लोगों को क्रिकेट मैच के बजाय प्रदूषण के स्तर पर अधिक चिंतित होना चाहिए। **- गौतम गंभीर**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**


टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## नोटबंदी की तरह मोदी सरकार सोने को लेकर जल्द नई नीति लेकर आएगी

# अब सोने पर सर्जिकल स्ट्राइक की तैयारी!

- गोल्ड के रूप में रखे ब्लैकमनी पर धावा बोलने को बनेगा तंत्र
- घर में रखे ज्यादा सोना पर देना पड़ सकता है टैक्स और जुर्माना
- सरकार मंदिर और ट्रस्ट में पड़े सोने का कर सकेगी इस्तेमाल
- जल्द कैबिनेट से मिल सकती है एमनेस्टी स्कीम को मंजूरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



भारत में एक कहावत प्रचलित है कि जब घर में रखा हो सोना, तो फिर काहे का रोना। मतलब अगर घर में काफी सोना रखा हो, तो घबराने की जरूरत नहीं होती है। लेकिन मोदी सरकार इस कहावत को जल्द पलट सकती है। सरकार सोने पर सर्जिकल स्ट्राइक करने की तैयारी कर रही है। दरअसल केंद्र सरकार एक स्कीम लाने जा रही है, जिसके तहत तय मात्रा से ज्यादा सोना घर में नहीं रख सकेंगे। जैसे ब्लैकमनी रोकने के लिए नोटबंदी किया गया था, वैसे ही सोने के रूप में खपाए गए कालाधन पर भी धावा बोलने की तैयारी की जा रही है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक इस स्कीम का मसौदा तैयार कर लिया गया है। वित्त मंत्रालय ने अपना प्रस्ताव कैबिनेट के पास भेजा है। इसे जल्द कैबिनेट से मंजूरी मिल सकती है। दरअसल ऐसा माना जाता है कि भारत में काले धन को सोने के रुप में घर में जमा करके रखा जाता है। ऐसे में काले धन से सोना खरीदने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए मोदी सरकार इनकम टैक्स की एमनेस्टी स्कीम की तरह सोने के लिए एमनेस्टी स्कीम ला रही है।

### घर में रखे सोने की जानकारी देनी होगी

स्कीम के तहत सरकार को घर में रखे सोने की कीमत की जानकारी देनी होगी। सोने की कीमत तय करने के लिए वैल्यूएशन सेंटर से सर्टिफिकेट लेना होगा। बगैर रसीद वाले सोने पर टैक्स देना होगा। स्कीम की एक खास समय सीमा होगी। इस समयसीमा के बाद तय मात्रा से ज्यादा सोना पाए जाने पर जुर्माना लगाया जा सकता है। घर के अलावा मंदिर और ट्रस्ट के पास पड़े गोल्ड का निवेश के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है।

## वोडाफोन के पैकअप होने की अटकलें तेज

- भारी नुकसान से कंपनी दबाव में, कंपनी शेयर मूल्य निचले स्तर के करीब

**नई दिल्ली।** टेलीकॉम जगत में पिछले कुछ दिनों से वोडाफोन के पैकअप होने की अटकलें तेज होती जा रही है। चर्चाओं के मुताबिक वोडाफोन कभी भी भारत में अपने कामकाज को बंद कर सकती है। इस बारे में कंपनी की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया जा रहा है। वोडाफोन कारोबार में नुकसान की वजह से भारत में अपने संचालन को बंद कर बोरिया-बिस्तर समेट सकती है। यह भी कहा जा रहा है कि वोडाफोन ऐसा किसी भी दिन कर सकती है। पहले यह भी चर्चा थी कि वोडाफोन ने अपने कर्जदारों से भुगतान के तरीकों में बदलाव की गुजारिश की है, लेकिन बुधवार को कंपनी की तरफ से जारी बयान के मुताबिक कंपनी ने अपने कर्जदारों से ऐसी कोई गुजारिश नहीं की है।

### एजीआर के तौर पर देने होंगे 28,309 करोड़ रुपए

हाल ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा एडजस्टेड ग्रास रेवेन्यू (एजीआर) पर दिए गए फैसले के बाद वोडाफोन-आइडिया को तीन माह में 28,309 करोड़ रुपए देने होंगे। इस फैसले के बाद कंपनी के शेयर में लगातार गिरावट को देखते हुए कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को गत 25 अक्टूबर को कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का कंपनी पर महत्वपूर्ण असर दिखा है। कंपनी ने यह भी कहा कि कंपनी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विस्तृत अध्ययन कर रही है और कंपनी अपने अगले कदम का मूल्यांकन कर रही है।

### कंपनी का शेयर भाव 52 सप्ताह के निचले स्तर पर

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद कंपनी का शेयर भाव 52 सप्ताह के निचले स्तर पर आ गया। फैसले के बाद कंपनी ने इस पर निराशा जाहिर की थी। गुरुवार को कंपनी का शेयर सबसे निचले स्तर के आसपास रहा।

## रतन टाटा का इंस्टाग्राम डेब्यू, बोले- अब नहीं रहूंगा पब्लिक लाइफ से दूर

**नई दिल्ली।** टाटा समूह के मानद चेयरमैन रतन टाटा ने बुधवार को इंस्टाग्राम ज्वाइन किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पहली तस्वीर शेयर करते हुए एक कैप्शन लिखा कि वो इंस्टाग्राम के माध्यम से आपसे जुड़कर सुपर एक्साइटेड हैं। हालांकि उन्हें यह नहीं मालूम कि उनके पोस्ट इंटरनेट पर छा जाएंगे या नहीं। रतन टाटा के मुताबिक वो लंबे वक्त से पब्लिक लाइफ से दूर थे। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि वो इंस्टाग्राम के माध्यम से स्टोरी का आदान-प्रदान और कुछ स्पेशल अलग-अलग चीजों को शेयर करते रहेंगे।

**शेयर की पहली इंस्टाग्राम पोस्ट:** रतन टाटा ने ब्लैक शूट में अपना पहली इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर की। रतन टाटा के इंस्टाग्राम ज्वाइन करने के चंद घंटों में करीब 9 हजार से ज्यादा लोगों ने उन्हें फॉलो कर लिया है। हालांकि अभी तक रतन टाटा ने किसी को फॉलो नहीं किया है।

### बुनियादी उद्योगों का उत्पादन अगस्त में 0.5 प्रतिशत गिरा

**नई दिल्ली।** बुनियादी क्षेत्र के आठ उद्योगों का उत्पादन इस वर्ष अगस्त में सालाना आधार पर 0.5 प्रतिशत नीचे रहा। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त अवधि में बुनियादी उद्योगों की उत्पादन वृद्धि दर 2.4 प्रतिशत है। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में इसी अवधि में इनकी वृद्धि दर 5.7 प्रतिशत थी। आठ प्रमुख उद्योगों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उवर्रक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल है। पिछले साल अगस्त में इन क्षेत्रों का उत्पादन सालाना आधार पर 4.7 प्रतिशत ऊंचा रहा था। अगस्त 2019 में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, सीमेंट और बिजली क्षेत्र में क्रमशः 8.6 प्रतिशत, 5.4 प्रतिशत, 3.9 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई। 4.9 प्रतिशत और 2.9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी है। उवर्रक, इस्पात और रिफाइनरी का उत्पादन बढ़ा हालांकि उवर्रक, इस्पात और रिफाइनरी उत्पाद का उत्पादन गतवर्ष अगस्त की तुलना में क्रमशः 2.9 प्रतिशत, पांच प्रतिशत और 2.6 प्रतिशत बढ़ा है।

## 2024 तक 100 नए एयरपोर्ट्स शुरू होंगे

- 1000 हवाई रूट्स खोलने पर विचार
- प्रधानमंत्री मोदी अगले अगले 5 सालों में दोगुने इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स शुरू करने के पक्ष में

**नई दिल्ली।** भारत में 2024 तक 100 नए एयरपोर्ट्स का संचालन शुरू हो सकता है। मोदी सरकार की योजना के मुताबिक, आर्थिक विकास को गति देने के लिए अगले 5 सालों में इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की संख्या दोगुनी की जानी है। ऐसे में देश में छोटे शहरों और गांवों को जोड़ने वाले 1000 नए हवाई रूट्स बनाने पर विचार किया जा रहा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले हफ्ते सरकार की एक बैठक में 2025 तक की इन्फ्रास्ट्रक्चर जरूरतों पर चर्चा हुई। इसमें नए एयरपोर्ट्स शुरू करने के साथ हर साल 600 पायलट्स स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित करने का प्रस्ताव पेश किया गया। इसके अलावा 5 सालों में विमानों के बेड़े की संख्या दोगुनी कर 1200 तक पहुंचाने पर भी बात हुई। बैठक में सरकार ने अगले 5 सालों में नए एयरपोर्ट तैयार करने के लिए 1 ट्रिलियन डॉलर (71 लाख करोड़ रुपये) के निवेश का वादा किया। मीटिंग में मौजूद एक अफसर ने नाम उजागर न करने की शर्त पर कहा कि चर्चा के दौरान भारत में एयरक्राफ्ट फाइनेंसिंग बिजनेस शुरू करने के लिए कदमों पर भी जानकारी मांगी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अर्थव्यवस्था को गति देने और भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की संख्या दोगुनी करना चाहते हैं। हालांकि, भारत की एयरपोर्ट बढ़ाने की योजना अब भी चीन से पीछे है। चीन ने 2035 तक 450 कमर्शियल एयरपोर्ट बनाने का लक्ष्य रखा है।

### उड़ान योजना से देश में बढ़े ऑपरेशनल एयरपोर्ट

भारत में तीन साल पहले तक 450 रनवे में से सिर्फ 75 ही ऑपरेशन में थे। इसकी एक वजह यह थी कि बड़ी एयरलाइन कंपनियां छोटे शहरों तक उड़ान नहीं भर रही थीं। हालांकि, उड़ान योजना के तहत सरकार से सब्सिडी मिलने के बाद ऑपरेशनल रनवे की संख्या बढ़ी है। हालिया समय में देश के एविएशन मैप में 38 एयरपोर्ट जुड़े हैं। इसके अलावा कुछ एयरलाइन्स से 63 एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट शुरू करने के लिए अनुबंध किए गए हैं।

## बचत को लेकर महिलाएं ज्यादा सतर्क : सर्वे

**नई दिल्ली।** बचत को लेकर पुरूषों के मुकाबले महिलाएं कुछ ज्यादा ही सतर्क होती हैं। एक सर्वे के अनुसार करीब 58 प्रतिशत महिलाएं अपना पैसा मियादी जमा या लोक भविष्य निधि में जमा करना चाहती हैं अथवा फिर उसे बचत खाते में पड़े रहना देना चाहते हैं। ऑनलाइन वित्तीय सेवा प्रदाता स्क्रिपबाक्स के सर्वे के अनुसार इसके अलावा सर्वे में शामिल 6 प्रतिशत प्रतिभागियों की राय में सोना खरीदना अच्छा होता है। इसके विपरीत 15 प्रतिशत लोग अपनी बची आय म्यूचुअल फंड में निवेश करने को बेहतर मानते हैं।


### 33 फीसदी दीर्घकालीन लक्ष्यों के लिए करती है बचत

हालांकि इस आयु वर्ग की महिलाओं के लिए भी (33 प्रतिशत) पीपीएफ, एलआईसी और मियादी जमाएं महत्वपूर्ण हैं, 26 प्रतिशत प्रतिभागियों का मानना है कि म्यूचुअल फंड उनके दीर्घकालीन लक्ष्यों को पूरा करने में मदद कर सकता है।

**आकस्मिकता के लिए धन जमा करना सबसे बड़ी प्राथमिकता :** हालांकि दोनों में बड़ा अंतर है। बचत के तहत धन को आपात स्थिति के लिए रखा जाता है जबकि निवेश अनुशासित तरीके से संपत्ति सृजित करने का जरिया है-।


## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

### ज्योतिष





### ज्योतिष




### ज्योतिष




### चिकित्सा




### आवश्यकता

☛ चाहिए अनुभवी सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाईजर, गनमैन, फील्ड ऑफिसर, एरिया-गुड़गांव, सोहना रोड़, तावडू, पुन्हाना। वेतन 14,000/- से 25,000/- MOBILE# 9971948829

### आवश्यकता

☛ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं - ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियाँ (25500-74500) सुपरवाईजर कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राईवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-58506

### फायनेंस

☛ दिवाली धमाका ऑफर बाजाज फायनेंस कंपनी देश की नम्बर 1 कंपनी सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड पर्सनल मार्कशीट पर 8th, 10th, 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाएं विद्यार्थी के लिए छूट धोखे से सावधान। मो.न. 9548973844

### ज्योतिष





## भारतीय विदेशी नागरिक भी नेशनल पेंशन सिस्टम में कर सकेंगे निवेश

- पीएफआरडीए ने ओसीआई को भी एनआरआई जैसी सुविधा दी
- एनपीएस से 60 फीसदी तक निकासी पर नहीं लगता है आयकर

**नई दिल्ली।** प्रवासी भारतीय (एनआरआई) की तरह अब भारतीय विदेशी नागरिक (ओसीआई) भी नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) में निवेश कर सकेंगे। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने अब ओआईसी को भी एनआरआई की तरह ही एनपीएस में निवेश करने की अनुमति दे दी है। यह अनुमति 29 अक्टूबर 2019 को जारी सर्कुलर के जरिये दी गई है। सरकार ने आर्थिक कार्य विभाग के विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर-ऋण उपकरण) नियम, 2019 के मद्देनजर अधिसूचना एसओ 3732 (ई) तिथि 17 अक्टूबर, 2019 के जरिये स्पष्ट किया है कि ओसीआई राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में शामिल हो सकते हैं। इसके लिए ऐसे व्यक्तियों को पीएफआरडीए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निवेश करने का पात्र होना चाहिए।

### 50 हजार तक का निवेश अतिरिक्त कर कटौती के योग्य माना जाएगा

एनपीएस में किये जाने वाले योगदान को 50,000 रुपये की सीमा तक धारा 80सीसीडी (1बी) के तहत अतिरिक्त कर कटौती के योग्य माना जाएगा, जो धारा 80सीसीडी (1) के मद्देनजर 1,50,000 रुपये की अधिकतम सीमा के अतिरिक्त होगा। केंद्रीय बजट 2019 में एनपीएस से परिपक्वता पर या पूरी रकम एकमुश्त निकालने के लिए कर छूट को आयकर अधिनियम की धारा 10 (12ए) के तहत मौजूदा 40 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर दिया गया है।

### टाटा केमिकल्स का शुद्ध लाभ सात प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** टाटा केमिकल्स का एकीकृत शुद्ध लाभ सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही के दौरान 6.9 प्रतिशत बढ़कर 437.05 करोड़ रुपए हो गया। बिक्री में आई अच्छी-खासी तेजी इसकी वजह रही। एक साल पहले की इसी तिमाही में कंपनी ने 408.82 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। कुल आय सितंबर तिमाही में बढ़कर 3,176.04 करोड़ रुपए हो गई। एक साल पहले की इसी तिमाही में आय 3,084 करोड़ रुपए थी। कंपनी का कुल खर्च 2018-19 की सितंबर तिमाही में 2,592.45 करोड़ रुपए से बढ़कर 2019-20 की इसी तिमाही में 2,702.61 करोड़ रुपए रहा।

### सेंसेक्स 220 अंक उछल कर 40,000 अंक के पार

**नई दिल्ली।** कंपनियों के अच्छे तिमाही नतीजों और शेयर बाजार में निवेश करने वालों के लिए कर संरचना में बदलाव की उम्मीदों से बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स एक बार फिर 40,000 अंक के पार चला गया। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 220.03 अंक यानी 0.55 प्रतिशत उछल कर 40,051.87 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, सेंसेक्स ने 40,178.12 अंक के ऊंचे स्तर को भी छुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 57.25 अंक यानी 0.49 प्रतिशत बढ़कर 11,844.10 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों के मुताबिक, बजट से पहले शेयर निवेशकों के लिहाज से प्रभाव डालने वाले प्रमुख कर जैसे कि दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर, प्रतिभूति लेनदेन कर और लाभांश वितरण कर की प्रस्तावित समीक्षा की खबरों से घरेलू निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है।

## कमजोर रुपये से सोना 87 रुपये चढ़ा

- सोना बढ़कर 38,842 रु. प्रति दस ग्राम
- चांदी में 450 रुपए की तेजी रही

**नई दिल्ली:** वैश्विक बाजारों के मजबूत रुख और कमजोर रुपये से दिल्ली सराफा बाजार में सोना 87 रुपये बढ़कर 38,842 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। बाजार सूत्रों ने यह जानकारी दी। इससे पहले सोने का भाव कारोबार की समाप्ति पर 38,755 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख और रुपया कमजोर पड़ने से दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 87 रुपये ऊंचा बोला गया। इससे पहले दिन के कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 11 पैसे कमजोर रहा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक समीक्षा में ब्याज दर के बारे में कोई फैसला आने से पहले निवेशकों ने सतर्कता बरती। सुबह के कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपया 11 पैसे कमजोर होकर 70.95 रुपये प्रति डालर रह गया। कारोबार में चांदी भी 450 रुपये की तेजी के साथ 47,220 रुपये प्रति किलोग्राम पर बोली गई। मंगलवार को कारोबार की समाप्ति पर यह 46,770 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

### वैश्विक बाजार में सोने का दाम ऊंचा

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने का दाम ऊंचा बना रहा। कारोबारियों को अमेरिका के फेडरल रिजर्व की समीक्षा में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बंधी है।

## सीओएआई की ओर से दूरसंचार मंत्री को लिखे पत्र पर जियो का कड़ा एतराज

- जियो ने सीओएआई की ओर से लिखे गए पत्र को उच्चतम न्यायालय के आदेश की अवमानना बताया
- जियो ने सीओएआई के महानिदेशक राजन मैथ्यूज को पत्र लिखकर नाराजगी जाहिर की

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो ने भारतीय सेलुलर ऑपरेटर्स संघ (सीओएआई) की ओर से दूरसंचार मंत्री रवि शंकर प्रसाद को लिखे पत्र को उच्चतम न्यायालय के आदेश की अवमानना जैसा बताते हुए कड़ी नाराजगी जताई है।

रिलायंस जियो इंफोकाम लिमिटेड की तरफ से पीके मित्तल ने सीओएआई के महानिदेशक राजन एस मैथ्यूज को तीन पृष्ठों का एक पत्र बुधवार को लिखा। पत्र में सीओएआई की ओर से दूरसंचार उद्योग में कथित रुप से अभूतपूर्व संकट के लिए दूरसंचार मंत्री को भेजे गए पत्र का उल्लेख है।

### कहा, जियो और सीओएआई के रिश्ते तल्ख होंगे

मित्तल ने पत्र में लिखा कि यह जानकर बड़ा धक्का लगा कि आपने कल रात एक पत्र जारी किया है। उन्होंने कहा कि आपको यह स्पष्ट रुप से बता दिया गया था कि रिलायंस जियो इस संबंध में अपना विस्तृत कथन 30 अक्टूबर की सुबह तक मुहैया करा देगी। इतना ही नहीं कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी के पत्र जारी करने के संबंध में मांगी गई जानकारी पर आपने गलत ढंग से इसे उचित ठहराने का प्रयास किया।

### एयरटेल, वोडफोन आईडिया ने पर्याप्त निवेश नहीं किया, इसके लिए सरकार दोषी नहीं

उन्होंने कहा कि कंपनी सीओएआई की ओर से दूरसंचार मंत्री को लिखे पत्र का कड़ा विरोध करती है। कंपनी का अनुरोध है कि वह दूरसंचार मंत्री को रिलायंस जियो के विचारों से भी अवगत कराए, जिससे संगठन की निष्पक्षता बनी रहे। कंपनी ने कहा है कि उसने इस क्षेत्र में 1.75 लाख रुपए का इक्विटी निवेश किया है, जबकि एयरटेल और वोडाफोन आइडिया का निवेश नेटवर्क जरुरतों को देखते हुए पर्याप्त नहीं है। इसलिए इन कंपनियों के नाकाम होने का दोष सरकार पर नहीं मढ़ा जा सकता है। कंपनी ने उच्चतम न्यायालय के आदेश को देश का कानून बताते हुए कहा कि दूरसंचार कंपनियां अपनी संपत्ति बेचकर सरकार के बकाए का भुगतान कर सकती हैं।

### यूनाइटेड बैंक को 124 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया को 30 सितंबर को समाप्त दूसरी तिमाही में 123.88 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ है। फंसे कर्ज में कमी और उसके लिए कम प्रावधान किए जाने से बैंक के मुनाफे में यह वृद्धि हासिल की गई। शेयर बाजारों को भेजी नियामकीय सूचना में बैंक ने यह जानकारी दी है। एक साल पहले की इसी अवधि में बैंक को 883.17 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा हुआ था।


### सूचना

मैं, अमनजीत पत्नी जीएस सन्धू निवासी हाऊस नम्बर- टी 6-9 सी ओजोन पार्क अपार्टमेंट नियर तिगांव रोड सैक्टर-86 एस्कोर्ट नगर फरीदाबाद सर्व साधारण को सूचित करती हूं कि मैंने अपना नाम अमनजीत से बदलकर अमन सन्धू रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। मेरा यह नाम सभी सरकारी व गैर सरकारी रिकार्ड में दर्ज किया जाए।

## खबर संक्षेप



### अगले दोनों मैच में करेंगे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने फीफा विश्व कप क्वालीफायर में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू मैदान पर 1-1 से ड्रा खेलने के बाद बुधवार को वादा किया कि उनकी टीम ओमान और अफगानिस्तान के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेगी। छेत्री ने यहां हर्बालाइफ न्यूट्रीशन के कार्यक्रम के इतर कहा, दोनों काफी कड़े और महत्वपूर्ण मैच हैं लेकिन अपने अपने ऊपर भरोसा है। अगर हम जैसा कतर के खिलाफ खेले वैसा प्रदर्शन दोहराने में सफल रहे तो हम कर सकते हैं। हम डरे हुए नहीं हैं।'

### मैकडोनाल्ड आस्ट्रेलिया के सहायक कोच नियुक्त

**सिडनी।** विक्टोरिया के एंड्रयू मैकडोनाल्ड को बुधवार को आस्ट्रेलियाई पुरुष क्रिकेट टीम का सहायक कोच नियुक्त किया गया और वह जस्टिन लैंगर के नेतृत्व में काम करेंगे। डेविड सेकर के फरवरी में हट जाने के बाद से ही यह पद खाली पड़ा था। इसके बाद लैंगर ने अपने पूर्व साथियों रिकी पोंटिंग और स्टीव वॉ को मेंटर के रूप में टीम से जोड़ा था। लैंगर ने मैकडोनाल्ड की नियुक्ति पर कहा, 'मुझे पूरा विश्वास है कि हर पहलू की जानकारी रखने और अपने मानव प्रबंधन कौशल के कारण उनकी उपस्थिति का टीम पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।'



### आज मुंबई सिटी की निगाहें जीत पर

**मुंबई।** मुंबई सिटी फुटबाल क्लब गुरुवार को इंडियन सुपर लीग मैच में नयी टीम ओडिशा एफसी से भिड़ेगा जिसमें उसकी कोशिश घरेलू चरण की शुरुआत जीत से करने की होगी। मुंबई सिटी एफसी ने अभी तक दो मैच खेले हैं जिसमें से उसने एक में जीत हासिल की है जबकि चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ चेन्नई में पिछले रविवार को हुआ मुकाबला ड्रा रहा। मुंबई ने कोच्चि में केरला ब्लास्टर्स को 1-0 से शिकस्त दी। अब मेजबान टीम गुरुवार को जीत से और अंक अपनी झोली में डालना चाहेगी।



### पारिवारिक कारणों से एटीपी कप से हटे फेडरर



**पेरिस।** रोजर फेडरर 'पारिवारिक कारणों' का हवाला देकर एटीपी कप टेनिस टूर्नामेंट से हट गए हैं जिसका आयोजन पहली बार जनवरी में आस्ट्रेलिया में किया जाएगा। फेडरर ने बयान में कहा, 'बेहद खेद के साथ मैं पहले एटीपी कप टूर्नामेंट से हट रहा हूं। पिछले हफ्ते जब मैंने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की हामी भरी थी तो यह बेहद मुश्किल फैसला था क्योंकि इसका मतलब था कि परिवार को कम समय और सत्र की बेहद कड़ी शुरुआत। आगामी वर्ष के बारे में अपने परिवार और टीम के साथ काफी चर्चा के बाद मैंने फैसला किया कि घर में दो अतिरिक्त हफ्ते बिताना मेरे परिवार और मेरे टेनिस दोनों के लिए फायदेमंद होगा।'

### शाकिब की गैर मौजूदगी अतिरिक्त प्रेरणा: रियाद

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के टी20 कप्तान महमूदुल्लाह रियाद ने कहा कि भारत दौरे पर शाकिब हल हसन की कमी उनके लिए कमजोरी नहीं बल्कि अच्छे प्रदर्शन की प्रेरणा साबित होगी। बांग्लादेश की 15 सदस्यीय टीम बुधवार को यहां पहुंची। महमूदुल्लाह ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, 'हम अपने देश के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। शाकिब की गैर मौजूदगी हमारे लिए प्रेरणा का काम करेगी। देश के लिए खेलने से बड़ा सम्मान कोई नहीं है।

# क्यूरेटर ने पिच पर अधिक घास रखने की दी सलाह



भारत और बांग्लादेश के बीच 22 नवंबर को होगा दिन रात्रि टेस्ट मैच

### गुलाबी गेंद की चमक बनाए रखने पिच पर होगी अधिक घास

दलजीत का मानना है कि गुलाबी गेंद की चमक लंबे समय तक बनाए रखने के लिए पिच पर अधिक घास रखनी होगी। उन्होंने और उनकी टीम ने 2016 में दलीप ट्राफी टूर्नामेंट के दौरान ऐसा किया था जब मैच ग्रेटर नोएडा में दूधिया रोशनी में खेले गए थे। उन्होंने कहा, 'गुलाबी गेंद जल्दी गंदी हो जाती है और इसलिए उन्हें पिच पर अधिक घास रखनी होगी। आपको याद होगा जबकि एडीलेड में (2017 में) पहला दिन रात्रि टेस्ट मैच खेला गया था तो उन्होंने पिच पर 11 मिमी घास रखी थी। आपको इतनी घास को तैयार करना होगा। आप मैच के एक दिन पहले इसे नहीं काट सकते या फिर पिच धीमी खेलेगी।'

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

बीसीसीआई के पूर्व मुख्य क्यूरेटर दलजीत सिंह ने अगले महीने भारत में होने वाले पहले दिन रात्रि टेस्ट मैच के दौरान विकेट पर अधिक घास रखने और ओस से बचने के लिए आउटफील्ड पर कम घास रखने की सलाह दी है। बीसीसीआई और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने ईडन गार्डन्स में 22 नवंबर से शुरू होने वाले टेस्ट मैच को गुलाबी गेंद से खेलने पर सहमति जताई है। इस दिन रात्रि टेस्ट मैच की तैयारियों में हालांकि बहुत कम समय बचा है। बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) को हालांकि गुलाबी गेंद से मैचों के आयोजन का अनुभव है। भारतीय क्रिकेट में 22 साल तक सेवा देने के बाद बीसीसीआई के मुख्य क्यूरेटर पद से पिछले महीने सेवानिवृत होने वाले दलजीत ने कहा, 'ओस मुख्य चिंता होगी। इसमें कोई संदेह नहीं। उन्हें समझना होगा कि आप इससे बच नहीं सकते हो। इससे बचाव के लिए आउटफील्ड में घास कम रखनी होगी और पिच पर आम घास से अधिक लंबी घास रखनी पड़ेगी। आउटफील्ड में जितनी अधिक घास होगी, ओस की परेशानी उतनी ज्यादा होगी।' इस मैच के दोपहर बाद एक बजकर 30 मिनट से शुरू होने की संभावना है और खेल रात आठ बजकर 30 मिनट तक चल सकता है।

### क्रिकेट : तीन मैचों की श्रृंखला में बनाई 2-0 की अजेय बढ़त

# वार्नर-स्मिथ के नाबाद अर्धशतक से नौ विकेट से जीता आस्ट्रेलिया

**एजेंसी ▶▶ ब्रिस्बेन**

डेविड वार्नर और स्टीवन स्मिथ के नाबाद अर्धशतकों की मदद से आस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बुधवार को यहां नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। पाकिस्तान पर 3-0 से जीत दर्ज करने के बाद यहां पहुंचे श्रीलंका के लिए एक और करारा झटका है क्योंकि एडीलेड में खेले गए पहले मैच में उसे 134 रन से हार झेलनी पड़ी थी।

- तीसरा और अंतिम मैच मेलबर्न में शुक्रवार को खेला जाएगा

तीसरा और अंतिम मैच मेलबर्न में शुक्रवार को खेला जाएगा। आस्ट्रेलिया की कसी हुई गेंदबाजी के सामने श्रीलंका 19 ओवर में 117 पर ढेर हो गया जिसमें कुसाल परेरा ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। आस्ट्रेलिया ने 13 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया और इस तरह से 42 गेंद शेष रहते ही जीत दर्ज कर ली। वार्नर (नाबाद 60) और स्मिथ (नाबाद 53) ने आरोन फिंच के पहले ओवर में आउट होने के बाद जिम्मेदारी संभाली और दूसरे विकेट के लिए 117 रन की अटूट साझेदारी की।



#### वार्नर का शानदार फार्म

वार्नर ने पिछले मैच में टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना पहला शतक लगाया था और उन्होंने अपनी शानदार फार्म जारी रखी। उन्होंने अपनी अर्धशतकीय पारी में नौ चौके लगाए। स्मिथ ने भी 2016 के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपनी पहली पारी में शानदार बल्लेबाजी की तथा अपने शानदार ड्राइव और तेजी से रन चुराने की कला से दर्शकों का मनोरंजन किया। उनकी पारी में छह चौके शामिल हैं।

#### ऐसे ढेर हो गई श्रीलंकाई पारी

श्रीलंकाई बल्लेबाजी शुरू में लड़खड़ा गई। मलिंगा ने पहले मैच में हार के बाद अपने खिलाड़ियों से जज्बा दिखाने की अपील की थी , लेकिन मिशेल स्टार्क की जगह लिए गए बिली स्टेनलेक, एस्टन एगर, एडम जंपा और पैट कमिन्स ने दो-दो विकेट लेकर फिर से श्रीलंकाई बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया।

### सात्विक-चिराग रैंकिंग में फिर शीर्ष 10 में शामिल

**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने नवीनतम बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में एक बार फिर शीर्ष 10 में जगह बना ली है। पिछले हफ्ते फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बनाने के साथ बीडब्लूएफ विश्व टूर सुपर 750 टूर्नामेंट के फाइनल में खेलने वाली पहली भारतीय जोड़ी बने सात्विक और चिराग दो स्थान के फायदे के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। थाईलैंड ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर टूर 500 प्रतियोगिता में ऐतिहासिक खिताबी जीत के बाद इस भारतीय जोड़ी ने अगस्त में पहली बार शीर्ष 10 में जगह बनाई थी। अ



### बीसीसीआई ने एसजी से मंगवाई 72 गुलाबी गेंदें

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने एसजी से अगले सप्ताह 72 गुलाबी गेंदें मंगवाई है जो 22 नवंबर से ईडन गार्डन पर होने वाले दिन रात्रि टेस्ट मैच में इस्तेमाल की जाएंगी। दूधिया रोशनी में खेले जाने वाले टेस्ट के लिए फिट गेंदें देना बड़ी चुनौती है। एसजी गुलाबी गेंद का अभी प्रतिस्पर्धी मैच में इस्तेमाल नहीं किया गया है। दलीप ट्राफी कूकाबूरा गुलाबी गेंद से लगातार तीन सत्र खेली गई। इसके बाद बीसीसीआई ने पिछले साल लाल गेंद का रूख किया। कंपनी के विक्रय और विपणन निदेशक पारस आनंद ने कहा, 'बीसीसीआई ने छह दर्जन गुलाबी गेंद मंगवाई है जो हम अगले सप्ताह तक दे देंगे।



*फाइनल में उनका सामना किर्गिस्तान के उलुकबेक झोलदोशबेकोव से*

### रविंदर अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के फाइनल में

**एजेंसी ▶▶ बुडापेस्ट**

रविंदर ने यहां 61 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बनाकर अंडर 23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक पक्का किया।

बाइस साल के रविंदर ने सीनियर यूरोपीय चैंपियन आर्मेनिया के आर्सेन हारुतयुनान को मंगलवार रात 4-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय कुश्ती महासंघ ने प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। इससे पूर्व अपने पहले मुकाबले में रविंदर ने हंगरी के मार्सेल बुदाई कोवाक्स को 12-1 से हराया था जबकि क्वार्टर फाइनल में रूस के दिनिस्लाम तख्तारोव को 11-0 से रौंदा था। दक्षिण एशियाई खेल 2016 में स्वर्ण और 2014 में कैडेट एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले सोनीपत के इस पहलवान की नजरें अब अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल करने पर टिकी हैं। फाइनल में उनका सामना बुधवार रात किर्गिस्तान के उलुकबेक झोलदोशबेकोव से होगा। दूसरी तरफ 74 किग्रा वर्ग में गौरव बलियान को रेपेचेज जरिए पदक जीतने का मौका मिलेगा।



### पेरिस टेनिस मास्टर्स : चार्डी ने किया उलटफेर, मेदवेदेव को दी शिकस्त

**एजेंसी ▶▶ पेरिस**

फ्रांस के जेरेमी चार्डी ने मंगलवार को पेरिस टेनिस मास्टर्स के दूसरे दौर में दानिल मेदवेदेव को हराकर उलटफेर किया और उनकी लगातार सातवें फाइनल में पहुंचने की उम्मीद तोड़ दी। वहीं साथी रूसी खिलाड़ी और गत चैंपियन कारेन खाचानोव को भी जर्मनी के जान लेनार्ड स्ट्रफ से हार मिली।

शानदार फार्म की बदौलत विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचे मेदवेदेव ने पहला सेट अपने नाम किया लेकिन अगले दो सेट गंवा बैठे। चार्डी ने 4-6, 6-2, 6-4 से जीत हासिल की।




### थापा समेत तीन भारतीय फाइनल में

**एजेंसी ▶▶ टोक्यो**

शिव थापा (63 किलो), पूजा रानी (75 किलो) और आशीष (69 किलो) ओलंपिक मुक्केबाजी टेस्ट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गए लेकिन चार अन्य भारतीयों को कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा।

सेमीफाइनल में सुबह के सत्र में चार बार के एशियाई पदक विजेता थापा ने जापान के देइसुके नारिमत्सू को बंटे हुए फैसले पर हराया। एशियाई खेलों की पूर्व कांस्य पदक विजेता रानी ने ब्राजील की बीटरिज सोरेस को हराया। रानी ने इस साल एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। भारतीय मुक्केबाजी के हाई परफार्मेंस निदेशक सैंटियागो नीवा ने कहा, 'शिव और पूजा ने कड़े मुकाबलों में जीत दर्ज की। दोनों का प्रदर्शन शानदार रहा।' शाम के सत्र में आशीष (69 किलो) ने जापान के हिरोकी किंज्यो को हराकर फाइनल में जगह बनाई। पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन निकहत जरीन (51 किलो), सिमरनजीत कौर (60 किलो, एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता सुमित सांगवान (91 किलो) और वालिमपुइया (75 किलो) को सेमीफाइनल में हार के बाद कांस्य से ही संतोष करना पड़ा।



### नामीबिया और नीदरलैंड ने टी20 विश्व कप के लिए किया क्वालीफाई



**एजेंसी ▶▶ दुबई**

नामीबिया ने यहां आईसीसी टी20 विश्व कप क्वालीफायर में ओमान को हराकर पहली बार, अगले साल आस्ट्रेलिया में होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया जिसमें नीदरलैंड भी जगह बनाने में सफल रहा।

- अब नामीबिया का सामना क्वालीफायर के सेमीफाइनल में पापुआ न्यू गिनी से

आल राउंडर जेजे स्मिट ने महज 25 गेंद में 59 रन की शानदार पारी खेली जिसके बूते नामीबिया ने ओमान को 54 रन से शिकस्त देकर अक्टूबर 2020 में आस्ट्रेलिया में होने वाले विश्व कप की आठ टीमों के पहले दौर के लिए स्थान सुनिश्चित किया। नामीबिया ने बल्लेबाजी का फैसला कर सात विकेट पर 161 रन का स्कोर खड़ा किया। टी20 विश्व कप 2016 में हिस्सा लेने वाली ओमान की टीम इस लक्ष्य के जवाब में 107 रन पर सिमट गई। अब टीम प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पापुआ न्यू गिनी से भिड़ेगी जबकि ओमान अब भी क्वालीफाई कर सकता है, अगर प्लेआफ में वह हांगकांग को हरा दे।

#### नीदरलैंड ने यूएई को आठ विकेट से रौंदा

नीदरलैंड ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को आठ विकेट से मात देकर आस्ट्रेलिया का टिकट कटाया। आयरलैंड पर जीत से शुरूआत करने वाली यूएई की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर केवल 80 रन ही बना सकी। इसके बाद नीदरलैंड ने 29 गेंद रहते यह लक्ष्य हासिल कर लिया। नीदरलैंड की टीम सेमीफाइनल में आयरलैंड के सामने होगी जो पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है। वहीं यूएई के पास भी क्वालीफाई करने का अंतिम मौका है जिसमें टीम को स्काटलैंड को मात देनी होगी।

### शाकिब पर आईसीसी ने लगाया है दो साल का प्रतिबंध

# प्रतिबंध के बाद एमसीसी विश्व क्रिकेट समिति से हटे शाकिब

**एजेंसी ▶▶ लंदन**

भ्रष्ट पेशकश की रिपोर्ट नहीं करने के कारण प्रतिबंधित हुए बांग्लादेशी कप्तान और शीर्ष आल राउंडर शाकिब अल हसन खेल के नियम बनाने वाली एमसीसी की विश्व क्रिकेट समिति से हट गए हैं। मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) की विज्ञप्ति के अनुसार, 'मेरिलबोन क्रिकेट क्लब आज इस बात की पुष्टि करता है कि शाकिब अल हसन एमसीसी विश्व क्रिकेट समिति से हट गए हैं।' शाकिब पर मंगलवार को आईसीसी ने दो साल का प्रतिबंध लगाया था।

- शाकिब ने आईसीसी भ्रष्टाचार रोधी संहिता किया था उल्लघंन

इस खिलाड़ी ने आईसीसी भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लघंन के आरोपों को स्वीकार कर लिया है जिससे वह इस सजा के खिलाफ अपील नहीं कर सकते। शाकिब अक्टूबर 2017 में एमसीसी विश्व क्रिकेट समिति से जुड़े थे और उन्होंने सिडनी और बेंगलुरू में दोनों जगह बैठकों में शिरकत की थी। एमसीसी विश्व क्रिकेट समिति में दुनिया के मौजूदा और पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और अंपायर शामिल होते हैं जो एक साल में दो बार मिलकर खेल की मौजूदा स्थिति पर चर्चा करते हैं। अगली बैठक मार्च 2020 में श्रीलंका में होनी है।



#### शाकिब 2023 में करेगा बांग्लादेश की अगुवाई

**ढाका।** एकदिवसीय कप्तान मशरेफी मुर्तजा ने बुधवार को कहा कि उनके साथी शाकिब अल हसन पर आईसीसी का प्रतिबंध लगने के कारण उन्हें भी नींद नहीं आएगी लेकिन विश्वास जताया कि यह स्टार आलराउंडर सफल वापसी करके विश्व कप 2023 में बांग्लादेश की अगुवाई करेगा। बांग्लादेश के टेस्ट और टी20 कप्तान शाकिब करे भ्रष्ट संपर्कों की रिपोर्ट नहीं करने के कारण आईसीसी ने मंगलवार को दो साल के निलंबित कर दिया था। इससे वह भारत के आगामी दौरे से भी बाहर हो गए।



## खबर संक्षेप

### कैमरून में भूस्खलन में 42 लोगों की मौत

**याउंदे।** अफ्रीकी देश कैमरून के पश्चिमी शहर बाफोउसाम में लगातार बारिश के बाद हुए भूस्खलन में कम से कम 42 लोगों की मौत हो गई। एक स्थानीय अधिकारी ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर एएफपी से कहा कि लोगों की तलाश का काम जारी है। मृतक संख्या बढ़ने की आशंका है। कैमरूम रेडियो टेलीविजन (सीआरटीवी) में एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि कुल 42 शवों को शहर के अस्पताल ले जाया गया है। इससे पहले मीडिया की रिपोर्ट में 30 लोगों के मारे जाने के बारे में जानकारी दी गई थी। वेस्ट रीजन के एक स्थनीय अधिकारी ने बताया कि जो मकान तबाह हुए हैं वे एक पहाड़ी के किनारे बने हुए थे।

### ब्रिटेन में 12 दिसंबर को होंगे चुनाव

**लंदन।** ब्रेक्जिट गतिरोध खत्म करने के लिए चुनाव कराने के ब्रिटेन के प्रधनमंत्री बोरिस जॉनसन के आह्वान का ब्रिटेन के सांसदों ने समर्थन किया जिसके बाद देश में अब चुनाव 12 दिसंबर को होंगे। कुछ ही घंटे पहले यूरोपीय यूनियन (ईयू) ने ब्रिटेन के अलग होने को जनवरी के अंत तक टालने पर औपचारिक रूप से सहमति दी थी। मंगलवार रात हाउस ऑफ कॉमन्स ने चुनाव की तारीख के पक्ष में मतदान किया। अगर हाउस ऑफ लॉर्ड्स इस संबंध में विधेयक पारित देता है और इस सप्ताह के अंत तक इस पर कानून बन जाता है तो ब्रिटेन में यह चार साल के भीतर तीसरा चुनाव होगा।

### हैलोवीन पार्टी के दौरान गोलीबारी, तीन की मौत

**लॉस एंजिलिस।** दक्षिणी लॉस एंजिलिस में हैलोवीन पार्टी के दौरान हुई गोलीबारी में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी और नौ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों और स्थानीय मीडिया की खबरों में यह जानकारी देते हुए बताया गया कि यह घटना मंगलवार की शाम को हुई। स्थानीय टीवी समाचार चैनलों के फुटेज में ने लॉन्ग बीच स्थित एक मकान और सैलून के मध्य, एक स्थान पर घायलों का इलाज करते चिकित्सकों को दिखाया गया। सीबीएस चैनल के अनुसार पड़ोसियों ने बताया कि हैलोवीन की पार्टी के दौरान गोलीबारी हुई।

## जम्मू-कश्मीर में पुलिस तथा कानून व्यवस्था केंद्र सरकार के होगी अधीन

# फिलहाल पुरानी भूमिका में ही रहेंगे आईएएस व आईपीएस अधिकारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आजा से जम्मू-कश्मीर को लद्दाख से अलग करके नया केन्द्र शासित प्रदेश बनाया जा रहा है। ऐसे में जम्मू कश्मीर कैडर के आईएएस व आईपीएस और अन्य केन्द्रीय सेवाओं के अधिकारी दो केन्द्र शासित क्षेत्रों (यूटी) में सेवाएं देना जारी रखेंगे। वहीं इन सेवाओं में नई भर्तियों को एजीएमयूटी कैडर दिया जाएगा। इसी के साथ वहां पुलिस तथा कानून-व्यवस्था सीधे केंद्र के नियंत्रण में रहेगी जबकि भूमि वहां की चुनी हुई सरकार के अधीन होगी। जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के अनुसार जब तक दो नए केन्द्र शासित क्षेत्र जम्मू कश्मीर और लद्दाख के लिए उप राज्यपालों द्वारा नए आदेश जारी नहीं होते, तब तक प्रांतीय सेवाओं के अधिकारी अपने वर्तमान पद पर सेवाएं देते रहेंगे। इसके अनुसार जम्मू कश्मीर की विधायिका पुडुचेरी की भांति रहेगी। वहीं लद्दाख का प्रारूप बिना विधायिका वाले चंडीगढ़ की तरह होगा।

अभी तक जम्मू कश्मीर में लागू सभी पुराने कानून जो विशेषकर जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देते थे वह सभी 31 अक्टूबर से समाप्त हो जाएंगे। जम्मू कश्मीर और लद्दाख के लिए गृह मंत्रालय ने संयुक्त सचिव के स्तर के एक नए अधिकारी की तैनाती की मांग की है। साथ ही गृह मंत्रालय में पहली बार जम्मू कश्मीर के अलावा लद्दाख सेक्शन भी खोला गया है।



### गलत नीतियों ने बिगाड़े घाटी में हालातः अधीर चौधरी

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर चौधरी ने केन्द्र की नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार पर 'गलत नीतियों' पर चलने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि इसके कारण जम्मू कश्मीर में हालात 'खराब' हुए हैं। चौधरी ने कहा कि केन्द्र सरकार की पूरी दिलचस्पी घाटी के 'वास्तविक हालात' को छिपाने में है। मुर्शिदाबाद जिले की बरहमपुर लोकसभा सीट से पांचवी बार सांसद बने चौधरी ने जम्मू कश्मीर के कुलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए पांच मजदूरों के परिवारों से बुधवार को मुलाकात की।

### यह होंगे बदलाव

जम्मू कश्मीर में डीजीपी का मौजूदा पद कायम रहेगा जबकि लद्दाख में इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस वहां के पुलिस का मुखिया होंगे। दोनों ही केन्द्र शासित राज्यों की पुलिस केन्द्र सरकार के निर्देश पर काम करेंगी। फिलहाल जम्मू कश्मीर की श्रीनगर और जम्मू बेंच मौजूदा व्यवस्था के अंतर्गत काम करेंगी और लद्दाख के मामलों की सुनवाई भी अभी की तरह ही होगी। चंडीगढ़ की तर्ज पर इसे लागू करने का फैसला लिया गया है। आनेवाले दिनों में भी इन दोनों केन्द्र शासित राज्यों में केन्द्र सरकार के निर्देश पर ही केन्द्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती होगी।

### नेशनल कान्फ्रेंस की जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बरकरार रखने की अपील

नेशनल कान्फ्रेंस ने जम्मू कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने की योजना छोड़ने की केंद्र से बुधवार को आखिरी समय में अपील की और उसका 200 वर्ष पुराना राज्य का दर्जा बरकरार रखने का आग्रह किया। दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर और लद्दाख बृहस्पतिवार को अस्तित्व में आ जाएंगे। नेशनल कान्फ्रेंस ने इसके साथ ही राजनीतिक दलों, बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों, नागरिक समाज, व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों का आह्वान किया कि वे राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संसद से जम्मू कश्मीर को एक राज्य के तौर पर बरकरार रखने का अनुरोध करने के लिए साथ आयें और हाथ मिलायें।

## इकबाल मिर्ची संपत्ति बिक्री मामला

# पूछताछ के लिए ईडी ऑफिस में पेश हुए राज कुंद्रा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- कुंद्रा को पिछले साल ही बिटक्वाइन स्कैम में भी एजेंसी के सामने पूछताछ के लिए हाजिर होने पड़ा था
- इसी केस में पूर्व केंद्रीय मंत्री और एनसीपी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल से भी ईडी कर चुकी है पूछताछ

इकबाल मिर्ची संपत्ति बिक्री मामले की जांच के दौरान रंजीत सिंह बिंद्रा का नाम सामने आया था जिसने सौदे में बिचौलिए की भूमिका निभाई थी। रंजीत सिंह आरके डेवलपर्स का डायरेक्टरों में से एक हैं। जांच में पता चला कि आरके डेवलपर्स ने साल 2011 में 3.46 करोड़ रुपये राज कुंद्रा की कंपनी एसेंशिएल हॉस्पिटैलिटी को दिए थे। इसी कड़ी को जोड़ते हुए राज कुंद्रा को ईडी के ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया गया।

आपको बता दें कि इकबाल मिर्ची की साल 2013 में लंदन में हार्ट अटैक से मौत हो चुकी है। इकबाल मिर्ची भगोड़े दाऊद इब्राहिम का सबसे निकट गुर्गों में से एक था और वह फिरौती अपहरण जैसे मामलों में शामिल था। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने इकबाल मिर्ची, उसके परिवार और कई अन्य के खिलाफ अवैध प्रॉपर्टी खरीदने और रियल एस्टेट के बिजनेस में मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया है। इस मामले में जांच एजेंसी ने कई जगहों पर छापे मार चुकी है।

वहीं राज कुंद्रा को पिछले साल ही बिटक्वाइन स्कैम में भी एजेंसी के सामने पूछताछ के लिए हाजिर होने पड़ा था। राज कुंद्रा, अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति हैं। इससे पहले इसी केस में पूर्व केंद्रीय मंत्री और एनसीपी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल से भी ईडी पूछताछ कर चुकी है। प्रफुल पटेल से का मामला वर्ली की जमीन के सौदे से जुड़ा है। उस जमीन पर वर्तमान में 15 मंजिला सीजे हॉउस बना है। जिसमें इकबाल की पत्नी हाजरा मेमन को 1400 वर्ग फुट की जगह है। सीजे हॉउस को जिस कंपनी ने पुनर्निर्माण किया था वो पटेल परिवार की कंपनी मिलेनियम डेवलपर है।

## विश्व की डेढ़ अरब आबादी होगी प्रभावित

# समुद्र का जलस्तर बढ़ने से 30 सालों में मुंबई के डूबने का खतरा

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क




- न्यूजर्सी के विज्ञान संगठन क्लाइमेट सेंट्रल के शोध में किया गया आगाह

समुद्र का बढ़ता जलस्तर 2050 तक पूर्व अनुमानित आंकड़े से तीन गुना अधिक आबादी (डेढ़ अरब लोगों) को प्रभावित कर सकता है। इसके कारण भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई के पूरी तरह डूब जाने का खतरा है। यह बात न्यूजर्सी के विज्ञान संगठन क्लाइमेट सेंट्रल के शोध में सामने आई है। हालांकि, इस शोध में भविष्य की जनसंख्या वृद्धि और तटीय क्षरण शामिल नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कहा कि लेखकों ने भूमि की ऊंचाई की गणना के लिए सैटेलाइट रीडिंग के आधार पर एक सटीक तरीका विकसित किया है। यह बड़े क्षेत्रों में समुद्र स्तर के प्रभाव के आंकलन का एक बेहतरीन तरीका है। इसमें पाया गया कि पिछली गणना हकीकत से बहुत ज्यादा दूर थीं।

नए शोध के मुताबिक, डेढ़ अरब लोग 2050 तक उच्च ज्वार की चपेट में आ सकते हैं। शोध की नई संभावना के अनुसार, कई द्वीपों से निर्मित मुम्बई के पूरी तरह डूब जाने का खतरा है। विशेषकर शहर का ऐतिहासिक निचला शहर अधिक संवेदनशील है।

### डेमोक्रेट ने ट्रंप के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में बहुमत वाली डेमोक्रेटिक पार्टी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ महाभियोग प्रक्रिया के अगले कदम से संबंधी प्रस्ताव को पेश कर दिया है। ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन और उनके बेटे के खिलाफ यूक्रेनी गैस कंपनी बुरिश्मा में निराधार भ्रष्टाचार के मामले की जांच के लिए यूक्रेन पर दबाव डाला। पार्टी की ओर से मंगलवार को सार्वजनिक आठ पन्नों के प्रस्ताव में अधिक सार्वजनिक जांच करने और मुख्य भूमिका कांग्रेस की खुफिया मामलों की समिति के प्रमुख एडम स्किफ को देने की बात कही गई है। सदन में इस प्रस्ताव पर गुरुवार को मत विभाजन होने की उम्मीद है।



### ऐश्वर्या राय की मैनजर के लहंगे में लगी आग को बुझाने में घायल हुए शाहरुख खान

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान सिर्फ रील लाइफ में ही नहीं, बल्कि रियल लाइफ में भी हीरो हैं। इसका सुबूत उन्होंने हाल ही में अमिताभ बच्चन के घर जलसा में हुई दिवाली पार्टी में दिया। दरअसल पार्टी के दौरान ऐश्वर्या राय बच्चन की मैनजर अर्चना सदानंद के लहंगे में आग लग गई थी, ये देख शाहरुख फौरन मदद के लिए आगे बढ़े और उन्होंने अपनी जैकेट से अर्चना के लहंगे में लगी आग को बुझाया। इस दौरान अर्चना के साथ साथ शाहरुख भी आग की चपेट में आकर घायल हो गए। मिड डे ने एक सोर्स के हवाले से लिखा है कि ये घटना रात करीब 3 बजे के बाद की है, जब अमिताभ बच्चन की पार्टी से कई मेहमान जा चुके थे। अर्चना अपनी बेटी के साथ आंगन में थीं, तभी दीया से उनके लहंगे में आग लग गई। ये देख सभी सन्न रह गए और किसी को भी कुछ समझ नहीं आ रहा था कि क्या करें। लेकिन शाहरुख ने समझदारी दिखाते हुए फौरन आग बुझाई। इस दौरान वो भी आग की चपेट में आ गए और थोड़ा जल गए।



- बिग बी की दिवाली पार्टी में हुआ हादसा

## इमरान ने फेसबुक पोस्ट में साझा की तस्वीरें

# पाकिस्तान ने गुरु नानक की 550वीं जयंती पर स्मारक सिक्का जारी किया

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने गुरु नानक देवजी की 550 वीं जयंती के अवसर पर बुधवार को 50 रुपए का एक स्मारक सिक्का जारी किया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक फेसबुक पोस्ट में सिक्के की तस्वीर साझा की। खान ने कहा, पाकिस्तान ने गुरु नानक देवजी की 550वीं जयंती के अवसर पर स्मारक सिक्का जारी किया। खान नौ नवंबर को करतारपुर गलियारे का उद्घाटन करेंगे जिससे पहले यह सिक्का जारी किया गया है। इससे पहले खान ने सोमवार को ननकाना साहिब में बाबा गुरु नानक विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी। वर्ष 2019, सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की 550 वीं जयंती का वर्ष है, जिनका जन्म पाकिस्तान स्थित श्री ननकाना साहिब में हुआ था।



### करतारपुर के लिए सिद्धू को पाक ने भेजा न्योता

पाकिस्तान ने करतारपुर कॉरिडोर के लिए पंजाब के पूर्व मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू को न्योता भेजा है। हालांकि अभी तक सिद्धू की तरफ से कोई अधिकारिक जानकारी नहीं आई है। पाकिस्तान के पीएम इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने सिद्धू को करतारपुर कॉरिडोर के उद्घाटन में शामिल होने का न्योता देने का फैसला किया है। पाकिस्तान के सांसद फैसल जावेद ने पीएम इमरान के आदेश के बाद सिद्धू से टेलीफोन पर बात की। उन्हें 9 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया।




### कर्बला में नकाबपोश बंदूकधारियों के हमले में 18 लोगों की मौत

**बगदाद।** शिया समुदाय के पवित्र शहर कर्बला में मंगलवार को नकाबपोश बंदूकधारियों ने इराकी प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाई जिसमें 18 लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए। सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि इराक में सरकार में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और मूलभूत सेवाओं की कमी के विरोध में इस महीने की शुरुआत से विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हुई हिंसा में अब तक 240 लोगों की जान जा चुकी है। शियाओं का तीर्थस्थल होने के कारण कर्बला में हुई हिंसा परिस्थितियों को नया मोड़ दे सकती है। सुरक्षाबलों द्वारा कड़े कदम उठाए जाने के साथ ही हमले के कारण का पता लगाना मुश्किल था।

### जलवायु कार्यकर्ता ने पर्यावरण पुरस्कार लेने से किया इनकार

**स्टॉकहोम।** स्वीडन की रहने वाली जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग ने एक पर्यावरण पुरस्कार स्वीकार करने से इनकार कर दिया और कहा कि जलवायु अभियान में आवश्यकता इस बात की है कि सत्ता में बैठे लोग पुरस्कार देने के बजाए 'विज्ञान' का अनुसरण प्रारंभ करें। थनबर्ग तब चर्चाओं में आई थीं जब अगस्त 2018 में उन्होंने हर शुक्रवार स्वीडन की संसद के बाहर धरना देना शुरू कर दिया था। वह हाथों में एक तख्ती लेकर वहां रहती थीं जिस पर लिखा होता था 'जलवायु की खातिर स्कूल की हड़ताल 'अंतर संसदीय सहयोग के लिए क्षेत्रीय संस्था नॉर्डिक परिषद की ओर से स्टॉकहोम में आयोजित समारोह में थनबर्ग को इस सम्मान के लिए चुना गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109